डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,981.95 | -885.59 |
| डॉलर | 83.799 | +0.069 |

**रांची सर्राफा**

| 10 ग्राम | 01 किलो |
|---|---|
| 69,830 | 91,700 |



श्रावण कृष्ण पक्ष 14, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 03 अगस्त 2024, वर्ष-30, अंक- 286, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई.61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-10 पीजी की एक सीट 8 करोड़ रुपये...



# प्लस टू का दर्जा मिलने के 13 साल बाद भी विषयवार शिक्षकों की कमी

## तारा रहमानिया उच्च विद्यालय में 1500 छात्र-छात्राओं पर मात्र 13 शिक्षक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** राजकीयकृत प्लस टू रहमानिया उच्च विद्यालय तारा में 9वीं से 12वीं तक छात्र-छात्राओं की संख्या 1500 है। इसके बावजूद महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षकों का अभाव है। बताया गया कि कुल मिलाकर 11 सरकारी और 2 वोकेशनल शिक्षक के भरोसे विभिन्न विषयों का अध्यापन कार्य चल रहा है। इनमें 9वीं 10वीं में गणित, भौतिकी, अंग्रेजी, संस्कृत, परसियन और शारीरिक विषयों के टीजीटी शिक्षकों की कमी बताई गई है। इंटरमीडिएट में भी गणित, अंग्रेजी, भौतिकी और रसायन विज्ञान, हिन्दी व संस्कृत विषयों के पीजीटी शिक्षकों की कमी इसके अपग्रेडेड होने के 13 साल बाद भी पूरी नहीं की गई है। वैसे भी इस स्कूल को 2011 में 10+2 का दर्जा प्राप्त हुआ था। तब भी एक ही शिक्षक मनोज कुमार के मैनेजमेंट के भरोसे पढ़ाई होती थी। बाद में 2019 में एक मुश्त शिक्षकों की पदस्थापना की गई। जिसमें भी महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षकों की कमी रह गई थी। जिसे अबतक पूरी नहीं की जा सकी है। बावजूद इसके सीमित संसाधन में मैट्रिक और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम लगातार बेहतर रहता आया है। जिसका श्रेय अभिभावक छात्र-छात्राओं की अध्ययन के प्रति लगन और अध्यापन कार्य को लेकर शिक्षकों की मेहनत को देते हैं। मुखिया अबूनसर सिद्दीकी सहित कई अभिभावकों ने इस स्कूल के परीक्षा परिणाम में और बेहतरीन प्रदर्शन के लिए रिक्त पदों पर विषयवार शिक्षकों की पदस्थापना की मांग की है। जिससे इस स्कूल और इलाके का नाम रौशन हो सकता है। अभिभावकों का कहना है कि इस इलाके में मुस्लिम समुदाय की बहुलता है। इसके छात्र-छात्राओं की संख्या भी अच्छी खासी है। इसके बावजूद हाई स्कूल स्तर पर उर्दू के एक ही शिक्षक की पदस्थापना की गई है। इसमें भी फारसी भाषा के शिक्षक की कमी है। जबकि इन भाषाओं में छात्रोपस्थिति के बावजूद इंटरमीडिएट में इनके शिक्षकों का पद ही स्वीकृत नहीं किया गया है। अभिभावकों ने सरकार को इसके प्रति गंभीरता पूर्वक गौर फरमाने की जरूरत बताया है।





### एक नजर

#### मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना फार्म निःशुल्क मिलेगा : रामानंद

**पाटन।** प्रखंड कार्यालय मे 20 सूत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय व उपाध्यक्ष उमा शंकर सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि झारखंड सरकार की महत्वकांची योजना मुख्यमंत्री मंईया सामान योजना 21 वर्ष से 50 वर्ष के महिला लाभार्थी का आवेदन पत्र निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हर पंचायत में शिविर लगाया जा रहा है। इस योजना में अधिकारी, कर्मचारी ध्यान मे रखते हुए तत्पता से काम करेंगे। शिविर 3 सितंबर से लेकर 10 सितंबर तक आयोजन किया जाएगा। फार्म निःशुल्क आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका द्वारा वितरण किया जाएगा। प्रज्ञा केंद्र संचालकों को फ्री में फार्म की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।

#### बीडीओ ने की आगनबाड़ी केंद्र की जांच, मिला बंद



**पाटन।** बीडीओ अमित कुमार झा ने लगातार आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। इस क्रम में पाल्हे पंचायत के गमहेथा आंगनबाड़ी केंद्र का जांच किया। जांच में 11:30 बजे सेंटर बंद पाया गया। जानकारी देने पर 11:50 में सेविका आई और ताला खोलने के लिए कहने पर कमरा खोला गया। केंद्र में एक भी बच्चा नहीं थे। किचन में भोजन बनाने का कोई व्यवस्था नहीं था। बीडीओ अमित कुमार झा ने बताया कि शिकायत मिलने पर जांच करने पहुंचे थे। शिकायत सही पाया गया। उन्होंने ने कहा कि सेविका व सहायिका पर कार्रवाई की जाएगी।

#### आज से प्रखंडों में लगेगा शिविर

**मेदिनीनगर।** महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रतिमाह 1000 की आर्थिक सहायता प्रदान करना है। लाभुकों को जोड़ने के लिए जिला प्रशासन ने शनिवार से सभी पंचायतों में शिविर लगाकर योजना को क्रियान्वित करने का काम शुरू किया जाना है।

**क्या है योजना :** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए सरकार का एक कारगर कदम है। इसमें 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए 1000 प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। प्रत्येक माह की 15 तारीख तक सरकार बहनों के एकल लिंक्ड बैंक खाते में राशि क्रेडिट करेगी।

### स्टेडियम निर्माण कार्य को मिली स्वीकृति

## 2.26 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा स्टेडियम

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व मंत्री स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह के अथक प्रयास से हुसैनाबाद में प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माण कार्य को स्वीकृति मिल गई है। स्टेडियम का निर्माण 2.26 करोड़ रुपए की लागत से कराया जाएगा। इसकी स्वीकृति पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग झारखंड सरकार ने दी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि युवाओं व खिलाड़ियों की मांग पर उन्होंने बड़ा स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति दिलाई है। स्टेडियम के बनने से क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति रुझान बढ़ेगा। एनसीपी के युवा नेता सूर्या सिंह ने स्टेडियम निर्माण कार्य की स्वीकृति पर टीम सूर्या की ओर से विधायक कमलेश कुमार सिंह को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद में स्टेडियम निर्माण कार्य के अलावा युवाओं को सभी जगह तरजीह देने का काम हुआ है। सूर्या सिंह ने कहा कि कुछ माह पहले इस स्टेडियम का प्रक्लन सिर्फ 67 लाख रुपए का बना था। बाद में इसे बढ़ा कर 2.26 करोड़ रुपए कराने में थोड़ा समय लगा। विधायक उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में युवाओं को रोजगार की व्यवस्था की जायेगी। इसमें वह लगे हुए हैं। जल्द ही परिणाम सामने आने की संभावना है। स्टेडियम निर्माण कार्य को स्वीकृति मिलने से खिलाड़ियों में भी काफी उत्साह है।



## अंचल कार्यालय में निर्वाचन की बैठक दिए गए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** स्वच्छ, समावेशी व त्रुटि रहित मतदाता सूची के निर्माण के लिए सभी पात्र नागरिकों का निबंधन एवं मतदाता सूची का शुद्धिकरण करने को लेकर शुक्रवार को अंचल अधिकारी पाटन सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी छतरपुर प्रवीण कुमार सिंह के कार्यालय कक्ष में बैठक हुई। बैठक में आगामी विधानसभा आम निर्वाचन के संबंध में हो रहे स्पेशल समरी रीविजन के संबंध में सभी बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित थे। सभी सुपरवाइजर को बारी-बारी से मतदान केंद्र वार लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई। लंबित फॉर्म 6,7,8 का तत्काल निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। फार्म 6 के अंतर्गत 1 जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए जिन नागरिकों की उम्र 18 वर्ष हो गई है। उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाना है। फार्म सेवन के माध्यम से मृत, डुप्लीकेट एवं स्थानांतरित मतदाताओं का नाम हटाने का कार्य किया जाता है। फॉर्म 8 के माध्यम से मतदाता पहचान पत्र में नाम की त्रुटि सुधार की जा रही है। इस संबंध में जन जागरूकता अभियान चलाए जाने की बात कही गई है। वहीं आगामी विधानसभा चुनाव अच्छे से संपन्न हो सके और हमारा लोकतंत्र मजबूत बन सके। अभी द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का दूसरा चरण चल रहा है। जिसके अंतर्गत तीन एवं चार अगस्त को विशेष अभियान दिवस मनाया जाएगा। लक्षित समूह विशेष कर थर्ड जेंडर, वल्नरेबल समूह के नागरिकों का मतदाता सूची में शत प्रतिशत निबंध सुनिश्चित करने हेतु बैठक में निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के साथ सभी बीएलओ, सुपरवाइजर उपस्थित थे।

## डॉ. आनंद कुमार जपला एके सिंह कॉलेज के शिक्षक प्रतिनिधि निर्वाचित

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** एके सिंह कॉलेज जपला में शुक्रवार को विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव किया गया। जिसमें मुख्य रूप से शिक्षक प्रतिनिधि के चुनाव के लिए दो उम्मीदवार मैदान में थे। प्रो. मुकेश कुमार और डॉ. आनंद कुमार। प्रो. मुकेश कुमार को 13 मत और डॉ.आनंद कुमार को 14 मत मिले। इस प्रकार डॉ. आनंद कुमार शिक्षक प्रतिनिधि निर्वाचित हुए। इस चुनाव में निर्वाचन पदाधिकारी प्रो. रेखा कुमारी सिंह, पीठासीन पदाधिकारी प्रो. सुधीर कुमार सिंह और मतगणना पदाधिकारी लेखापाल ओम प्रकाश सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे। डॉ. आनंद कुमार की जीत पर प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि शिक्षण संस्थाओं में मार्ग दर्शन कॉलेज के लिए बेहतर होगा। बधाई देने वाले में डॉ. राम सुभग सिंह, प्रो. शशि भूषण, प्रो.मुकेश कुमार, डॉ. शिव कुमार विश्वकर्मा, प्रो. रवि कुमार, प्रो. राहुल कुमार सिंह,अभिषेक कुमार आदि मौजूद थे।

## अगर व्हाट्सएप चलाते हैं तो हो जांए सावधान, हो सकता है व्हाट्सएप हैक

**नीलांबर पीतांबरपुर।** इंटरनेट के युग में जहां एक दूसरे से बात करना या व्हाट्सएप के जरिए अपने संदेश को अदान प्रदान करना सुलभ हो रहा है। वहीं हैकर्स व्हाट्सएप हैक कर आपके मोबाइल से कंटेंट और जानकारी चुरा सकते हैं। साथ ही आपके दोस्तों और जानकारों से मदद के नाम पर पैसे की मांग कर धोखाधड़ी कर सकते हैं। कंटेंट और गोपनीय जानकारी लेकर ब्लैकमेल भी कर सकते हैं। लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में इस तरह के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। कुछ दिन पहले मनरेगा रोजगार सेवक अख्तर हुसैन ,चौरा पंचायत के मुखिया गुड्डू पासवान, नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड उप प्रमुख पति संदीप यादव का व्हाट्सएप हैक किया गया है। हैकर्स द्वारा मोबाइलों पर पीएम किसान लिस्ट ऐप डाउनलोड करने को कहा जाता है। डाउनलोड करते ही व्हाट्सएप हैक हो जाता है। लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि व्हाट्सएप हैक करने की घटनाएं बढ़ी हैं। हैकर्स आपके नंबर से व्हाट्सएप यूज करने के लिए जालसाजी से व्हाट्सएप की ओर से इंटरनेट यूजर नंबर पर भेजे गए ओटीपी प्राप्त कर लेते हैं। इसके बाद आसानी से आपके नंबर पर व्हाट्सएप चलाते हैं। हैकर व्हाट्सएप का बैकअप री-स्टोर कर डाटा के साथ छेड़छाड़ भी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आपके व्हाट्सएप का क्यूआर कोड स्कैन कर उसे हैक किया जा सकता है। आप अपने मोबाइल पर आए हुए ऐप को डाउनलोड नहीं करें तथा अंजान व्यक्ति के द्वारा मांगे जाने पर ओटीपी नहीं बताएं और सावधानी बरतें।

## मोहम्मदगंज में गरीब रथ के ठहराव और रेलखंड की अन्य यात्री समस्याओं के समाधान की जगी उम्मीद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** तीसरी बार फिर सांसद बनने के बाद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर दूसरे कार्यकाल की पुरानी मांगों को पुनः उनके समक्ष रखा है। इसे लेकर उन्होंने रेलमंत्री को मांग पत्र भी सौंपा है। जिसमें संसदीय क्षेत्र से जुड़ी अन्य समस्याओं के समाधान की मांग के साथ ही स्थानीय रेलवे स्टेशन पर रांची-नई दिल्ली 12877-78 गरीब रथ के ठहराव और डेहरी ऑन सोन-गढ़वा रोड रेलखंड से जुड़ी अन्य समस्याओं के समाधान की मांग की है। सांसद ने रेलमंत्री को बताया है कि वंदे भारत ट्रेन टाटानगर, मुरी-रांची, लोहरदगा, डालटनगंज, गढ़वा रोड, जपला होते हुए वाराणसी तक चलाया जाता है, तो इस रूट पर यात्री भी मिलेगें। इससे बहुत जल्द समस्याओं के समाधान की उम्मीद जगी है। उपरोक्त सभी मांगों के पूरा होने की संभावना को देखते हुए सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, जिला पार्षद अंजू देवी, प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख अर्चना देवी, उपप्रमुख नगीना सिंह, राकांपा प्रखंड अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह, मुखिया अबूनसर सिद्दीकी, विकास सिंह, उमेश राम, कमला देवी, प्रिया सिंह, युवा समाजसेवी शुभम कुमार सिंह, प्रशांत कुमार सिंह, सुशील कुमार मेहता, रौशन कुमार, सिद्धार्थ कुमार, पूर्व उपमुखिया, भाजपा नेता कामेश्वर कुशवाहा, मानिकचंद शर्मा, सीबी रमन सिंह, नर्वदेश्वर सिंह सहित अन्य कई लोगों ने सांसद के प्रति आभार जताया है।

## यादव समाज ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**छत्तरपुर।** अन्नपूर्णा रेसीडेंसी में शुक्रवार को यादव समाज के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता तथा पूर्व सांसद मनोज कुमार शामिल थे। कार्यक्रम का आयोजन छत्तरपुर मुखिया संघ के अध्यक्ष पुरण यादव के द्वारा किया गया। मौके पर मनोज कुमार ने कार्यक्रम के आयोजक का आभार जताया। उन्होंने कहा कि छत्तरपुर विधानसभा चुनाव में इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी को 24 हजार वोट से बढ़त दर्ज की है। जिसमें क्षेत्र के यादव समाज के लोगो का भी योगदान रहा है। पिछले 25 वर्षों की राजनीति में मनोज कुमार में कोई बदलाव नहीं आया है और लगातार क्षेत्र की विकास में तत्पर हैं। भाजपा पार्टी में सबका साथ सबका विकास की योजना चलाई जा रही है। उन्होंने यादव समाज के लोगो का समर्थन और सम्मान देने का आभार जताया। इस बार झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनाना है। मौके पर मुखिया पुरण यादव ने भाजपा विधायक पुष्पा देवी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पुष्पा देवी ने अपने कार्यकाल में छत्तरपुर तथा नौडीहा बाजार क्षेत्र में विकास की एक लकीर खींची है। उन्होंने यादव समाज के लोगो से भाजपा के पक्ष में समर्थन करने की अपील की। उक्त कार्यक्रम का मंच संचालन जगदीश यादव ने किया। कार्यक्रम में विनोद यादव, मुखिया प्रमोद यादव, मुखिया लालबिहारी यादव, डोमन यादव, चंदन यादव, रामजन्म यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।



### आजादी के 76 साल बाद भी गांव में नहीं पहुंची सड़क

## कीचड़ से सने पथ से गुजरते हैं ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** विश्रामपुर व नावाबाजार के सीमा पर अवस्थित चेचरिया गांव जो आज भी मूलभूत सुविधाओं से अछूता है। इस गांव में आज तक मुख्य सड़क नहीं बन पाई है। जिसके चलते ग्रामीणों को कीचड़ में सनी रास्ते से गुजरना पड़ता हैं। गांव की सड़क एनएच 75 ब्रहमोरिया मोड़ से चेचरिया, भंडार व झरहा गांव से होते हुए जंगल के बीच से गुजरते हुए नावाबाजार, विश्रामपुर व पांडू प्रखंड को जोड़ती है। सड़क बन जाने से पांडू सहित विश्रामपुर व नावाबाजार प्रखंड की दूरियां भी काम हो जाती। लेकिन इसके प्रति कोई गंभीर नहीं, नतीजतन गांव के लोग कीचड़ से सनी पथ से होकर गुजरते हुए अपने को कोसते हैं। यहां के लोग बरसात के चार महीने कीचड़ से सने रास्ते से गुजरते हैं।



**तीन गांव के लोगों का होता है सड़क से आवागमन :** एनएच 75 ब्रहमोरिया मोड़ से चेचरिया, भंडार व झरहा गांव की ओर जाने वाली इस सड़क के दोनों किनारे 1000 से अधिक लोग निवास करते हैं। सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई है लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। युवा समाजसेवी सह बसपा नेता अभिमन्यु सिंह के द्वारा मोरम डालकर गड्ढे को भरने का प्रयास किया गया था। बरसात की पानी में एक बार फिर कीचड़ में सन गई है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। जिसमें लोगों को पैदल तक चलना भी मुश्किल हो गया है। सरकार की पीएमजीएसवाई व मुख्यमंत्री ग्राम सड़क जैसी योजना होने के बाद भी आजादी के 76 साल बीत जाने पर यहां पक्की सड़क नहीं बन सकी है।

### क्या कहते हैं ग्रामीण

चेचरिया गांव निवासी झारखंड पुलिस में पदस्थापित संजय बैठा ने कहा कि सड़क किसी भी क्षेत्र के लिए विकास का पैमाना होता है। लेकिन आजादी के बरसों बाद भी गांव को सड़क नसीब नहीं हुआ। चुनाव में केवल लोग वोट लेने के लिए नेता आते हैं। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। चेचरिया गांव निवासी रामाकांत तिवारी ने कहा कि आज भी लोग अपने को 75 वर्ष पूर्व वाली गांव की स्वरूप की कल्पना कर जीवन गुजार रहे हैं। यह क्षेत्र कभी नक्सलियों का गढ़ हुआ करता था। आवागमन नहीं होने के कारण नक्सली इसे सेफ जोन मानते थे। हर रोज प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग गांव में सड़क का शिलान्यास, उद्घाटन राजनेताओं व जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया जा रहा है। लेकिन विश्रामपुर व नावाबाजार प्रखंड के सीमा पर अवस्थित इस सड़क क सुध लेने वाला कोई नहीं है। गांव की महिला सुनीता देवी, संगीता देवी, कुसमी देवी, बिनी देवी , आशा देवी, राज बली महरा, मनोज दुबे, छोटन बैठा, बिहारी राम, बैजू राम, अक्लूराम, कुलदीप राम, सीटू तिवारी, झूमण राम, प्रभु राम, कामेश्वर राम, शंभू राम, दिलीप तिवारी, संजय तिवारी ,मौजी राम, अजीत राम, वीरेंद्र राम, मनोज राम, शंकर राम आदि ने कहा कि बरसात के दिनों में कीचड़ से सराबोर सड़क को पार कर बीमार लोगों को अस्पताल पहुंचाया जाता है। वहीं गांव के विद्यार्थी भी कीचड़ भरे सड़कों में चलकर पढ़ने स्कूल जाते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### चेतमा के खिलाड़ियों के बीच छह फुटबॉल बांटा



**सतबरवा।** प्रखंड के रबदा पंचायत के चेतमा गांव के खिलाड़ियों के बीच सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिंहा ने शुक्रवार को 6 फुटबॉल का वितरण किया। सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने कहा कि हर वर्ष 5 चरणों में प्रखंड के कई खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल का वितरण करते रहे हैं। पहले चरण, द्वितीय चरण के बाद तृतीय चरण में चेतना गांव के खिलाड़ियों के बीच 6 फुटबॉल का वितरण किया है, ताकि यहां के खिलाड़ी गांव, प्रखंड के साथ अपने राज्य का नाम रोशन करें। देश स्तर पर खेलने का मौका मिले। खेल से शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है। मौके पर बिट्टू सिंह, अंकित कुमार, राजू उरांव, मानिकचंद उरांव, सदीप उरांव, विकास सिंह, कुलदीप उरांव, पिरीयासु गुप्ता समेत कई खिलाड़ी उपस्थित थे।

### चेंबर अध्यक्ष ने पूर्व मेयर अरुणा के लिए भाजपा से टिकट की मांग की



**नीलांबर-पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के लेस्लीगंज पंचायत के मुखियापति सह चेंबर अध्यक्ष छोटेलाल सोनी ने मेदिनीनगर की पूर्व मेयर अरुणा शंकर को डालटनगंज भंडरिया विधानसभा से टिकट देने की मांग की है। उन्होंने भाजपा के पदाधिकारियों से अपील की है कि अगर पूर्व मेयर अरूणा शंकर को टिकट दिया जाता है तो लेस्लीगंज, तरहसी ,मनातू ,पांकी के सभी चेंबर अध्यक्ष, अधिकारी सहित सदस्य भाजपा को सहयोग में रहेंगे। पूर्व मेयर अरुण शंकर को जीताने को लेकर कड़ी मेहनत करेंगे। मौके पर तनवीर आलम, महिर खलीफा,अक्षय लाल, अविनाश सिन्हा,मो. इदरीश का नाम शामिल है।

### शिक्षक प्रतिनिधि बने डॉ. राजेश्वर चौधरी



**पांकी।** पांकी प्रखंड के मजदूर किसान महाविद्यालय डंडार कला में शिक्षक प्रतिनिधि का निर्वाचन सम्पन्न हुआ। डॉ. राजेश्वर चौधरी शिक्षक प्रतिनिधि चुने गए। चुनाव प्रभारी कनीय अभियंता पीयूष पाण्डेय प्राचार्य डॉ. दिलीप कुमार राम के नेतृत्व में मतदान की प्रकिया सम्पादित हुई। शिक्षक प्रतिनिधि को लेकर दो शिक्षक नागेंद्र साहू, और डॉ बिन्देश्वर चौधरी ने पर्चा भरा था। शिक्षकों ने नागेंद्र साहू को 13 वोट और डॉ. राजेश्वर चौधरी को 14 वोट दिया। जबकि 1 वोट रद्द हो गया। इस तरह डॉ. राजेश्वर चौधरी 1 वोट से विजयी हुए। प्राचार्य दिलीप कुमार राम एवं शिक्षकों ने नवनिर्वाचित प्रतिनिधि को जीत की बधाई देते हुए कहा कि उम्मीद करते हैं कि नए शिक्षक प्रतिनिधि के नेतृत्व में महाविद्यालय का विकास तेज गति से होगा।

### अंचल अधिकारी ने दिया योगदान



**नीलांबर पीतांबरपुर।** अंचल कार्यालय में शुक्रवार को नवपदस्थापित अंचलाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने कार्यालय कक्ष में प्रभार ग्रहण किया। ज्ञात हो कि नीलांबर पीतांबरपुर में अंचल अधिकारी का पद कई वर्षों से प्रभार में चल रहा था। अंचलाधिकारी सुनील कुमार सिंह पदस्थापना के पहले जिला भू-अर्जन कार्यालय हजारीबाग में कानूनगो के पद पर पदस्थापित थे। पदभार ग्रहण करने के उपरांत अंचल कार्यालय के कर्मियों के साथ बैठक की। उन्होंने दाखिल-खारिज, राजस्व प्राप्ति व अतिक्रमण सहित विभिन्न बिंदुओं पर कर्मचारियों के साथ चर्चा की। विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का हर संभव निदान ससमय हो यह प्रयास किया जाएगा। मौके पर अंचल निरक्षक, राजस्व कर्मचारी,अंचल कर्मी आदि मौजूद थे।

### अध्ययन केंद्र में बीबीए, एम कॉम की पढ़ाई शुरू : वेद प्रकाश सिंह



**सगालीम।** झारखंड राज्य में खुला विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र उक्त बाते दुलारे सिंह इंटर महाविद्यालय कोटेया पांकी पलामू शिक्षण संस्थान के संचालक वेद प्रकाश सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया। उन्होंने कहा कि राज्य के ओपन यूनिवर्सिटी में बीबीए एवं एम कॉम में नामांकन प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि दुलारे सिंह इंटर कॉलेज कोटेया पांकी पलामू के संस्थान में वैसे व्यक्ति जो पढ़ाई करना चाहते हैं। वह अपने कामकाज को देखते हुए नौकरी करते हुए आसानी से कोर्स में नामांकन कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि बीबीए का कुल शुल्क तीस हजार एवं एमकॉम का कुल शुल्क अठारह हजार छः सौ रुपया विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित है। इसके अलावा 31 सर्टिफिकेट डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा का कोर्स में भी नामांकन लिया जा रहा है। इन सभी कोर्सों में झारखंड सरकार द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भी लाभ बच्चों को दिया जा रहा है। बहुत जल्द झारखंड स्टेट ओपन स्कूलिंग के माध्यम से मैट्रिक और इंटर कोर्स का संचालन किया जाएगा। इस कोर्स के संचालन से गरीब दलित पिछड़े बच्चे-बच्चियों को लाभ मिलेगा।

### सीता +2 उच्च विद्यालय में खराब पड़े सामानों की नीलामी 5 अगस्त को

**हरिहरगंज।** सीता प्लस टू उच्च विद्यालय में खराब पड़े सामानों की नीलामी आगामी 5 अगस्त को होगी। उक्त बात की जानकारी विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अजय प्रसाद राय ने शुक्रवार को दिया। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि स्कूल में पुराने बेंच, डेस्क सहित अन्य सामान की नीलामी होगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति के निर्णय के अनुसार नीलामी की प्रक्रिया की जाएगी। कहा कि विद्यालय के वैसे सामान की नीलामी होगी जिनका उपयोग नहीं हो रहा है, और वह मरम्मत के लायक नहीं है। खराब सामानों का अंबार लगने से गंदगी रहती है। वही इन सब कारनो से साफ सफाई में भी दिक्कत आती है। विद्यालय प्रबंधन समिति ने इन कारणों से विद्यालय में खराब पड़े सामानों की नीलामी का निर्णय लिया है।

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

श्रवण कृष्ण पक्ष 14, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 03 अगस्त 2024, वर्ष-30, अंक-286, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 10



पीजी की एक सीट 8 करोड़ रुपये में बिकती...

सेंसेक्स
80,981.95 -885.59

डॉलर
83.795 +0.060

पलामू सर्राफा

10 ग्राम 69,560

01 किलो 82,150

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## विस अध्यक्ष के खिलाफ भाजपा विधायकों ने खोला मोर्चा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने स्पीकर रबींद्रनाथ महतो के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। भाजपा विधायकों ने स्पीकर पर पक्षपातपूर्ण तरीके से काम करने और संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने इस संबंध में विधानसभा के प्रभारी सचिव को पत्र लिखा है और झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन के नियम 158 (1) के तहत स्पीकर को उनके पद से हटाने के लिए संकल्प की सूचना दी है। सस्पेंशन की अवधि खत्म होने के बाद सत्र की दूसरी पाली में भाजपा के विधायक सदन में पहुंचे।

### क्या लगाया आरोप

- स्पीकर अपने पद का विवेकपूर्ण उपयोग नहीं कर रहे।
- स्पीकर ने सरकार के इशारे पर झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार की ओर से दिए गए निलंबन प्रस्ताव पर कार्रवाई की, जबकि अमूमन इस प्रकार का प्रस्ताव संसदीय कार्य मंत्री सदन में लाते हैं और उसके पूर्व कार्य मंत्रणा समिति की बैठक होती है, लेकिन कोई बैठक नहीं हुई।
- स्पीकर ने अपनी भूमिका से ज्यादा झामुमो के कार्यकर्ता के रूप में कार्य किया।
- 2024 में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में उन्होंने दुमका से झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन जी के पक्ष में झामुमो का झंडा लगाकर चुनाव प्रचार किया।
- स्पीकर ने लगभग चार वर्ष तक भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को सदन में बोलने नहीं दिया।
- पूरे सत्र के दौरान कई विधायकों के ध्यानाकर्षण की सूचना एक बार भी ग्रहण नहीं की।
- उन्होंने लगातार केंद्र सरकार की आलोचना की, भाजपा के गोड्डा के सांसद के व्यक्तिगत बयान की भी सदन में चर्चा कर झामुमो और कांग्रेस के विधायकों को उकसाने का काम किया।

## चैनपुर के खुरा में पुलिस अपराधियों के बीच मुठभेड़

- **दोनों ओर से फायरिंग, घटना स्थल से खून का दाग मिला, खोखा बरामद**
- **अपराधी मोनू के घायल होने की सूचना**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू व गुमला पुलिस के संयुक्त अभियान में चैनपुर थाना क्षेत्र के खुरा में पलामू जिला निवासी व कई राज्यों के लिए सिर दर्द बन चुका अपराधी मोनू सोनी के घायल होने की सूचना है। मोनू सोना लूटेरों का गैंग लीडर है। उसके उपर रांची, गुमला, जमशेदपुर, धनबाद, ओड़िशा, बिहार, छत्तीसगढ़, बंगाल में कई बड़ी लूट की घटनाओं में शामिल रहने का अरोपी रहा है। पलामू में चर्चित मुरारी ज्वैलर्स हत्याकांड के अलावा दो कारोबारियों भाइयों को गोली मारने का मुख्य आरोपी है। खुरा में पुलिस सोना लुटेरों के बीच हुई फायरिंग की घटना के बाद पुलिस ने सर्च अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस को फायरिंग के बाद घटनास्थल से खून के धब्बे और खोखा मिले हैं। पलामू पुलिस ने बिहार के सीमावर्ती इलाका समेत गढ़वा, लातेहार की सीमा को सील कर दिया है। गढ़वा पुलिस ने छत्तीसगढ़, यूपी की सीमा को भी सील कर दिया है। घटनास्थल से खून के धब्बा मिलने के बाद पुलिस को आशंका है कि लूटेरों सह शूटर मोनू सोनी को गोली लगी है। 30 जुलाई को गुमला में मोनू सोनी की एक बड़ी लूट की घटना होने से बची थी। घटना के बाद गुमला पुलिस पूरे मामले में अनुसंधान किया था।

### सीमावर्ती क्षेत्र को सील कर सर्च अभियान चलाया जा रहा

पुलिस सूत्रों ने बताया कि चैनपुर के खुरा में अपराधी मोनू सोनी की छिपे होने के बाद इलाके में सर्च अभियान शुरू किया गया था। इस क्रम में मुठभेड़ की घटना हो गई। सीमावर्ती इलाके को सील कर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। सर्च अभियान में पलामू, गुमला पुलिस की संयुक्त टीम शामिल है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि खुरा में अपराधी मोनू छुपा हुआ है। जानकारी मिलने पर पुलिस ने तत्काल उस क्षेत्र में घेराबंदी कर सर्च अभियान शुरू कर दिया।

अनुसंधान में यह बात निकाल कर सामने आया था कि लूटकांड का तार अपराधी मोनू सोनी के साथ जुड़ा है। मोनू सोनी की तलाश में गुमला पुलिस पलामू पहुंची थी, इसके बाद पुलिस ने सर्च अभियान शुरू किया था। सर्च अभियान में पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया था। तीनों संदिग्ध ने पुलिस को बताया कि मोनू चैनपुर के इलाके में छिपा है। सूचना के आलोक में पलामू, गुमला पुलिस ने सर्च अभियान शुरू किया था। सर्च अभियान में खुरा, रबदा के बीच में मोनू सोनी की तरफ से पुलिस पर फायरिंग की गई थी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की।

## एक नजर

### आज बंद रहेंगे सभी स्कूल

**रांची।** तेज हवा और बारिश की संभावना को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार (3 अगस्त) को राज्य के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों को बंद रखने का आदेश दिया है। मौसम विभाग ने राज्य के ज्यादातर जिलों में 3 अगस्त को भी लगातार तेज हवा चलने और भारी बारिश होने का पूवानुर्मान जताया है। मुख्यमंत्री ने मौसम के रुख को देखते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोण से उक्त निर्देश दिया है।

### दिल्ली कोचिंग हादसा : तीन छात्रों की मौत के मामले में सीबीआई जांच के आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने ओल्ड राजेंद्र नजर स्थित राऊ आईएएस स्टडी सर्कल के बेसमेंट में तीन छात्रों की मौत के मामले में शुक्रवार को सीबीआई जांच के आदेश दे दिए। हाईकोर्ट ने कहा है कि सेंट्रल विजिलेंस कमीशन की निगरानी में सीबीआई इस मामले की जांच करेगी। दिल्ली नगर निगम कमिश्नर ने सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट को बताया कि इलाके में बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्था ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि कई जगहों पर निवासियों और दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है, जिसके चलते बरसाती पानी की निकासी में दिक्कत होती है। नगर निगम कमिश्नर ने कोर्ट को भरोसा दिलाया कि इलाके में अवैध निर्माण और अनधिकृत अतिक्रमण को तुरंत हटाया जाएगा और एमसीडी के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में सीबीआई जांच के आदेश देने के साथ ही दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली नगर निगम को बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्था में सुधार करने के लिए कहा है।

# इन लोगों ने डाका डालने का काम किया है : हेमंत सोरेन

- **झारखंड विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित**
- **यह लोग जमीन लुटेरे हैं और मुझे जमीन लूटने में जेल भेजते हैं**



**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को भी विपक्ष के हंगामे के साथ सदन की शुरूआत हुई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन में अपना भाषण दिया। भाषण के दौरान विपक्षी विधायक वेल में आकर हंगामा करने लगे। इसके बाद स्पीकर के भाषण के साथ ही सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि विपक्ष के पास कोई एजेंडा नहीं है। इन लोगों ने एक महत्वपूर्ण सत्र को हंगामा में बदल दिया है। इस बीच विधायकों का नारेबाजी और होने लगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन लोगों का काला चिट्ठा मेरे पास है। इन्होंने पांच साल में क्या किया, सब मेरे पास है। कितने भवन बनाए, कितनी चोरी की, सब हमारे पास है। इन लोगों ने डाका डालने का काम किया है। जमीन के लिए मर्डर तक हुआ है। यह लोग जमीन लुटेरे हैं और मुझे जमीन लूटने के आरोप में जेल में बंद करवाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच वर्षों में जितने बिल्डिंग बने उसका पैसा कहां से आया। सरकारी और गैर मजूरवा जमीन सभी पर इन लोगों ने भवन बना दिया। इन लोगों के पास ना तो सदन के अंदर कोई जवाब है ना सदन के बाहर। इनका समूह और जमात बहुत बड़ा है। इनके एक ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिनका राज्य बाढ़ में डूबा हुआ है। वहां वह नहीं जाकर यहां आकर राजनीति कर रहे हैं।

### झारखंड ही नहीं असम में भी आपका सफाया हो जाएगा

हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड को विभाजित कर रहे हैं, समाज को विभाजित कर रहे हैं। चिंता मत करो, झारखंड ही नहीं, असम में भी आपका सफाया हो जाएगा। गैर सरकारी संस्थान में एक लाख से अधिक हमने नौकरी दे दिया। हजारों युवाओं को हमने नियुक्ति पत्र इसी हाथ से दिया है। हमारे बच्चे आज देश और विदेश में अच्छे-अच्छे कंपनियों में नौकरी कर रहे हैं। सरकारी नौकरी की बात करें तो इन लोगों ने 20 वर्षों में नियमावली तक नहीं बनाया। हमने नियमावली बनाने का काम किया। आदिवासी मूलवासियों के लिए स्थानीय नीति और नियोजन नीति बनाया लेकिन इनलोगों ने उसका भी बंटाधार कर दिया। इनसे पूछें कि हाई कोर्ट में स्थानीय नीति के खिलाफ कौन गया था, उन लोगों में स्थानीय नीति को कोर्ट में रोकने का काम किया। हमारे राज्य में यह कानून बने तो असंवैधानिक और उनके राज्य में बने तो संवैधानिक। हमने 90 प्रतिशत आदिवासी मूलवासियों की नियुक्ति की। यह लोग क्या बात करेंगे। यह लोग आईना भी देखेंगे तो आईना सरमा जाएगा। ये इतने बहुरुपिये हैं।

## रांची में अधिवक्ता की दिनदहाड़े चाकू गोदकर हत्या, हमलावर फरार

- **हत्या किसने की और इसकी वजह क्या है, यह पता नहीं चल पाया है**
- **घटना को अंजाम दे हमलावर भाग निकला, एसआईटी का हुआ गठन**

**रांची।** रांची के सुखदेव नगर इलाके में दिनदहाड़े अधिवक्ता गोपाल कृष्ण की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। शुक्रवार दोपहर गोपाल घर के पास कागजात की जेरॉक्स कराने गए थे, तभी एक व्यक्ति ने उनके पेट, पीठ और सिर पर चाकू से कई वार किए। वह बुरी तरह घायल हो गए। शोर मचाने पर स्थानीय लोग दौड़े, लेकिन हमलावर भाग निकला। वारदात की सूचना पाकर कोतवाली इलाके के डीएसपी सहित कई पुलिस अफसर मौके पर पहुंचे। हत्या किसने की और इसकी वजह क्या है, यह फिलहाल पता नहीं चल पाया है। वारदात को लेकर रांची के अधिवक्ताओं ने सिविल कोर्ट में कार्य बहिष्कार किया। बार एसोसिएशन के साथ बैठक में रांची एसएसपी ने बताया कि मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दिया गया है और उन्हें 72 घंटे में रिपोर्ट देने को कहा गया है। गोपाल कृष्ण भी रांची सिविल कोर्ट में प्रैक्टिस करते थे। घायल अधिवक्ता को तत्काल हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। पुलिस इस मामले में कई लोगों से पूछताछ कर रही है।

### क्राइम कैपिटल बन गई है रांची, ठप हो चुका है सिस्टम : संजय सेठ

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार संजय सेठ ने राजधानी में सिविल कोर्ट के अधिवक्ता सुखदेव नगर निवासी गोपाल कृष्ण की हत्या पर शुक्रवार को रोष जताते हुए कहा कि रांची क्राइम कैपिटल बन गया है। यहां कोई सुरक्षित नहीं है। गुरुवार शाम को कांके में दिनदहाड़े एक युवक को गोली मार दी गई लेकिन प्रशासन की नींद नहीं टूटी। रोज दिनदहाड़े अपराध हो रहे हैं प्रशासन मौन है। सरकार को कोई मतलब नहीं आखिर इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा क्या सरकार, प्रशासन, और अपराधियों का गठजोड़ चल रहा है। रांची में आज ना तो पुलिस अधिकारी सुरक्षित हैं, ना ही अधिवक्ता, ना ही व्यापारी वर्ग और ना ही कारोबारी। सभी थाना और अधिकारी बालू के अवैध धंधे में लिप्त हैं, पैसे की उगाही का खेल चल रहा है जनता मर रही है और बाबू लोग मस्त हैं।

## आज | कल




## मनु भाकर 25 मीटर पिस्टल फाइनल में, ईशा चूकी

**चेटोरौक्स (फ्रांस)।** शार्पशूटर मनु भाकर ने 2024 ओलंपिक में अभूतपूर्व तीसरा पदक जीतने की अपनी संभावना बरकरार रखी है। शुक्रवार को मनु ने 25 मीटर पिस्टल महिला फाइनल में जगह बना ली है, जो उनका तीसरा पदक दौर है। 22 वर्षीय मनु 60-शॉट क्वालिफिकेशन राउंड में 590-24 स्कोर करके दूसरे स्थान पर रहीं। प्रिसिजन चरण में उन्होंने 294 का स्कोर किया जबकि रैपिड भाग में 296 का स्कोर किया। इस बीच, इस स्पर्धा में एशियाई खेलों की पदक विजेता एक अन्य भारतीय ईशा सिंह 581-17७ स्कोर के बाद 18वें स्थान पर रहीं और फाइनल के लिए कट से चूक गईं। निशानेबाजी में केवल शीर्ष आठ निशानेबाज ही पदक दौर में पहुंच पाते हैं। हंगरी की वेरोनिका मेजर ने क्वालीफिकेशन चरण में 592-27 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया और क्वालीफिकेशन ओलंपिक रिकॉर्ड की बराबरी की। महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल फाइनल शनिवार को 13:00 बजे भारतीय समय पर आयोजित होने वाली है।

## भाजपा विधायकों ने विधानसभा के बाहर बालू बेचकर जताया विरोध

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के छठे और आखिरी दिन शुक्रवार को भाजपा विधायकों ने सदन के बाहर सांकेतिक रूप से बालू बेचकर धरना-प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने झारखंड में बालू की किल्लत और हेमंत सरकार के मुफ्त में बालू देने की घोषणा पर विरोध जताया। धरने पर विधायकों ने कहा कि जिस तरह पांच लाख नौकरी मिली, अन्य योजनाओं का लाभ मिला उसी प्रकार बालू भी मिलेगा। दूसरी तरफ, सत्ता पक्ष के विधायकों ने भी भाजपा पर तंज कसा है।

## रायपुर-रांची कॉरिडोर के पत्थलगांव-गुमला के बीच 4 लेन सेक्शन को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को 8 महत्वपूर्ण राष्ट्रीय हाई-स्पीड रोड कॉरिडोर परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिनकी कुल लंबाई 936 किलोमीटर और कुल लागत 50,655 करोड़ रुपये है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव में शुक्रवार देर शाम मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने ने बताया कि मंत्रिमंडल ने रायपुर-रांची राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर के पत्थलगांव और गुमला के बीच 4-लेन सेक्शन, 6-लेन आगरा-ग्वालियर राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर, 4-लेन खड़गपुर-मोरग्राम राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर, 6-लेन थराद-डीसा-मेहसाणा-अहमदाबाद राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर, 4-लेन अयोध्या रिंग रोड, 6-लेन कानपुर रिंग रोड, 4-लेन उत्तरी गुवाहाटी बाईपास और मौजूदा गुवाहाटी बाईपास का चौड़ीकरण/सुधार, पुणे के पास 8-लेन एलिवेटेड नासिक फाटा-खेड़ कॉरिडोर को मंजूरी दी है। मंत्री ने इन परियोजनाओं का लाभ बताया। उन्होंने कहा कि आगरा और ग्वालियर के बीच यात्रा का समय 50 प्रतिशत तक कम हो जाएगा। खड़गपुर-मोरग्राम कॉरिडोर पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर की अर्थव्यवस्था को बदल देगा।


## इंडिया

# मीडिया से चलती राजनीति और आमजन के अधूरे प्रश्न



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

मनोवैज्ञानिक बताते हैं कि नवजात शिशु अपने मां बाप का ध्यान आकृष्ट करने के लिए रोते हैं और यही प्रवृत्ति राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुछ ज्यादा ही प्रचलित हो गई है जब समाचारों में बने रहने से लेकर भोली भाली जनता को प्रभावित करने के लिए असामान्य और लीक से हटकर दिखावे के कार्य किए जा रहे हैं। पक्ष हो या विपक्ष सदन चले तब न बह गई टूटी फूटी सड़क, सुखाड़, पेंशन स्कीम, बदहाल अस्पताल, पीने के पानी की समस्या, भ्रष्टाचार के कारण परेशान पब्लिक या किसी के जीने मरने के सवाल पर चर्चा हो। आज समाप्त हुए विधानसभा में किसी ने भी जलजमाव से परेशानी का मुद्दा नहीं उठाया ।सदन के गिने चुने कार्यदिवस में गंभीर और जनता से जुड़े सवालों के लिए जगह ही नहीं बचती क्योंकि पक्ष और विपक्ष दोनों को दिखावे की नूरा कुश्ती भाती है। कभी सर्वोच्च न्यायालय की तरह मुद्दों और तर्कों पर आधारित सदन के उच्च स्तरीय बहसों के सदियों तक उदाहरण दिए जाते थे और अब जीवंत प्रसारण में असंसदीय ही नहीं राजनीतिक रैलियों की तरह आरोप प्रत्यारोप के बीच आसन की चेतावनी और ऐतिहासिक निलंबन देखकर या पढ़कर आम आदमी को मिलेगा क्या? प्रखंड से लेकर राज्य या देश स्तर तक की गंभीर समस्याओं के समाधान के लिए लोकतांत्रिक परंपरा के माध्यम से सामान्य लोगों को माननीय बनाया जाता है जैसे पहले राजा महाराजा होते थे। राजा महाराजा बादशाह तक को उनके कर्तव्यों का बोध कराया जाता था। अनेक ऐसे उदाहरण हैं जब रक्षक के रूप में कार्य करता राजा शहीद हो जाता था या उसके परिजन तक की हत्या हो जाती थी। तब आज की तरह संचार के साधन नहीं थे पर राजधर्म याद कराया जाता था आज जनता की गाढ़ी कमाई से आधुनिक राजा महाराजाओं को सुरक्षा से लेकर सभी सुविधाएं टैक्स फ्री कमाई तक की सुविधा के बीच राजधर्म स्मरण कराने का समय है। आजकल रिश्वत को संस्कार स्वीकार करने की औपचारिकता मात्र बची है। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल रिकॉर्ड मतों से सत्ता प्राप्त करते हैं क्योंकि उन्होंने वायदा किया था कि सभी अवैध झुग्गी झोंपड़ियों को नियमित किया जाएगा जो केंद्र सरकार की भूमि पर बनी थी। फ्री बिजली पानी जैसी सुविधाओं पर हाईकोर्ट तक की टिप्पणी है। झारखंड बिहार के शिक्षा मित्र या पारा शिक्षक, स्वास्थ्य और शिक्षा की परियोजनाओं से जुड़े लाखों अनुबंधकर्मी और पुरानी पेंशन स्कीम की आस लगाए सरकारी सेवक उसी पार्टी को वोट देंगे जो उन्हें आकाश कुसुम तोड़कर देने का पक्का आश्वासन देगा। लगभग एक दशक पूर्व बिहार के शिक्षामित्र मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने सेवा नियमितीकरण के अनुरोध को ठुकरा कर कड़ी टिप्पणी की थी कि आप शिक्षा मित्र नहीं शिक्षा शत्रु हैं जो सरकारी नौकरी की विहित बहाली प्रक्रिया बिना पूरी किए बहाल हुए हैं अतः आपकी सेवा नियमित नहीं की जा सकती। इस समाचार को कम प्रचारित किया गया ।वस्तुस्थिति आज भी वही है कि विश्व बैंक संपोषित परियोजनाओं में पक्की सरकारी नौकरी उनकी शर्तों की बंदिश के कारण नहीं हो सकती क्योंकि परियोजना का काम स्थायी नहीं होता जो पश्चिमी चलन है। पर इन्हीं अनुबंधकर्मियों को स्थायी करने का लालच देकर राजनीति दशकों से चल रही है। जिस जनता को प्रभावित करने के लिए सदन से सड़क तक प्रदर्शन किए जाते हैं उस जनता को अवश्य यह पूछना चाहिए कि हमारे सवाल और हमारी समस्याएं क्यों नहीं पूछी गईं और इस बार उनका समाधान होगा ही इसकी क्या गारंटी है? मीडिया को भारी विज्ञापन देकर या उल्टे पुल्टे कार्यों से समाचारों में बने रहने की आम आदमी की राजनीति की देखादेखी अब रुकनी चाहिए। इसमें युवाओं की बड़ी भूमिका हो सकती है जो सोशल मीडिया का भरपूर इस्तेमाल करते हैं।



## किसान फायदे की खेती कर पाए, इसके लिए अनेक कदम उठाए गये : शिवराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य सभा में विपक्ष (कांग्रेस) को आज जमकर घेरा। कृषि संबंधित प्रश्नों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने किसानों के कल्याण और किसानों के विकास के लिए कोई कदम नहीं उठाये ।नरेन्द्र मोदी सरकार ने खेती और किसानों की हालत सुधारने के लिए चौतरफा प्रयास किए। कृषि क्षेत्र के लिए बजट में कम प्रावधान किए जाने के विपक्ष (कांग्रेस) के आरोपों का शुक्रवार को राज्य सभा में जवाब देते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में किसान विरोध है। कांग्रेस की प्राथमिकताएं प्रारंभ से ही गलत रहीं जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसान फायदे की खेती कर पाए।

# सांसद ने रेल मंत्री से बरवाडीह-चिरमिरी निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की

## वंदे भारत ट्रेन डालटनगंज रूट से चलाने के साथ राजधानी एक्सप्रेस का नगर उंटारी में ठहराव

### गरीब रथ का ठहराव मोहम्मदगंज स्टेशन पर कराने की मांग रखी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर संसदीय क्षेत्र अंतर्गत दो महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं के लंबित रहने के कारण उस क्षेत्र के निवासियों को आवागमन में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करने के परेशानियों से अवगत कराया। उसके तहत गया-शेरघाटी इमामगंज-डालटनगंज रेलवे लाइन व बरवाडीह चिरमिरी अंबिकापुर तक रेल लाइन निर्माण कार्य शुरू कर पूरा कराने की मांग की। दोनों रेल परियोजना में एक समानता है। वह यह कि कई किलोमीटर तक दोनों परियोजनाओं में रेलवे लाइन का निर्माण हो चुका है। दोनों रेल परियोजनाओं पर करोड़ों रुपए खर्च भी हो चुका हैं, परंतु वर्षों से उस पर कार्य होना बंद हो गया। इन दोनों रेल परियोजनाओं को पूर्ण होने से संसदीय क्षेत्र पलामू के निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी। साथ ही बिहार, छत्तीसगढ़ राज्यों के कई जिलों के निवासियों को भी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने भी मुलकात कर बरवाडीह चिरमिरी अंबिकापुर रेल लाइन का निर्माण कार्य पूरा करने का अनुरोध किया है। सांसद ने रांची नई दिल्ली राजधानी एक्रेस वाया डालटनगंज होकर सप्ताह में 2 दिन से बढ़ाकर चार दिन करने, रांची नई दिल्ली गरीब रथ ट्रेन को सप्ताह में तीन दिन से बढ़ाकर 6 दिन करने, गरीब रथ ट्रेन का ठहराव मोहम्मदगंज स्टेशन पर करने, गरीब रथ ट्रेन का अलीगढ़ जंक्शन पर दो मिनट का ठहराव देने की भी मांग की है। साथ ही रांची वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन को गोरखपुर तक विस्तार करने, हावड़ा जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन का विस्तार मुंबई तक करने, पलामू एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव रजहरा स्टेशन पर करने, रांची से वाया डालटनगंज होकर गोरखपुर तक एक नई ट्रेन चलायी चलाने, रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन में 1 एसी थ्री चेयर कार व जीएस कोच की संख्या में वृद्धि करने की मांग की है।



### बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन शुरू करने की अपील

वन्दे भारत ट्रेन टाटानगर-मुरी-रांची-लोहरदगा-डालटनगंज-गढ़वा रोड जपला होते वाराणसी तक चलाने की मांग की है। इतना ही नही इस रूट पर पड़ने वाले चारों जिले लोहरदगा, लातेहार, डालटगंज, गढ़वा देश के 112 आकांक्षी जिलों में आता हैं। जिनको विकास की मुख्य धारा में जोड़ने की प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी योजना भी है। इसी तरह कोरोना काल में बंद की गई बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन शुरू करने की है। पटना सिंगरौली लिंक एक्सप्रेस ट्रेन व शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन का मेराल रेलवे स्टेशन पर ठहराव कराने, रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर ठहराव कराने की मांग शामिल है।

## एक नजर

### एमएमसीएच में घंटों बिजली रही गुल



**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवम अस्पताल में हर दिन की भांति शुक्रवार को भी 2 घंटे तक बिजली गुल रही। बताते चलें कि लगातार रुक-रुक कर हो रही बारिश की वजह से कई घंटे तक शहर के अलग-अलग हिस्सों में बिजली की आंखमिचौली देखने को मिली। इस बाबत जानकारी लेने पर प्रभारी अस्पताल अधीक्षक डॉ आर के रंजन ने बताया कि उन्होंने कई बार बिजली विभाग को इस बाबत अवगत कराया है परंतु बिजली विभाग की ओर से इसे संज्ञान में नहीं लिया जा रहा है। जबकि अस्पताल का खुद का अलग बिजली कनेक्शन है। अस्पताल में बैकअप की सुविधा के विषय में पूछने पर उन्होंने कहा कि अस्पताल में बैकअप की सुविधा है जिससे आईसीयू तथा गंभीर रोग के मरीज के वार्ड में विशेष ध्यान रखते हुए बिजली दी जाती है। अस्पताल में बिजली गुल होने के कारण हमेशा की तरह मरीज परेशान दिखे। अस्पताल में तैनात कर्मियों से पूछताछ करने पर जानकारी मिली की अस्पताल की वायरिंग कई जगह खराब हो चुकी है। जिसे ठीक कराया जा रहा है।

### आज सभी निजी व सरकारी विद्यालय बंद रहेंगी

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने तेज हवा और बारिश की संभावना को देखते हुए 3 अगस्त को सभी सरकारी और निजी विद्यालयों को बंद रखने का दिया निर्देश दिया है। मौसम विभाग ने राज्य के ज्यादातर जिलों में 3 अगस्त को भी लगातार तेज हवा चलने और भारी बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मौसम के रुख को देखते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोण से राज्य भर के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों को बंद रखने का निर्देश दिया है।

### सड़क दुर्घटना में घालय

**मेदिनीनगर।** नौडीहा बाजार में छतरपुर से विपरीत दिशा में आ रही स्कार्पियो ने सामने से आ रहे बुलेट सवार को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बुलेट सवार का एक पैर और हाथ टूट गए। घायल व्यक्ति के पहचान तरीडीह निवासी नफरुद्दीन अंसारी के 55 वर्षीय पुत्र मोख्तार अंसारी के रूप में हुई है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने स्कॉर्पियो में तोड़फोड़ कर दी। जानकारी के मुताबिक स्कॉर्पियो बिना नंबर प्लेट के था जिसमें पुलिस का बोर्ड लगा हुआ है। सूचना मिलते ही छतरपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों वाहन को जप्त कर थाने ले आई।

## जांच में 11 बाइक जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एंटी क्राइम अभियान के तहत शुक्रवार को स्थानीय छह मुहान पर पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान चार पहिया व दोपहिया वाहनों की गहनता से जांच की गई। ट्रिपल लोड व बिना हेलमेट के 11 दो पहिया वाहनों जब्त कर चलान के लिए परिवहन कार्यालय भेज दिया गया है। ट्रैफिक प्रभारी शामाल अहमद ने बताया कि यह रूटिन जांच अभियान है। दो पहिया वाहन चालक हमेशा हेलमेट पहन कर बाइक को चलाएं। साथ ही ट्रिपल लोड बाइक चलाना भी गैरकानूनी है।

# लक्ष्मी तिवारी ने किया दर्जनों गांव का दौरा, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कांग्रेसी नेता लक्ष्मी तिवारी ने शुक्रवार को अपने जनसंपर्क यात्रा के 25 वें दिन विधानसभा के चैनपुर के बहेरावा, डूमरी लादी, टेमराई, कर्मा, सरहुआ, काचन, गुरियाहा, बाघी, ठेकही, रामगढ़ में जनसंपर्क अभियान चला कर स्थानीय लोगों की समस्याओं से रु ब रू हुए। रोड की अति जर्जर को भी उन्होंने देखा। जनसंपर्क यात्रा के तहत पाया कि रामगढ़ में दो बिजली का ट्रांसफार्मर जलने के कारण 15 दिनों से अंधेरा में रहने को विवश है। वह तुरंत स्थल पर ही कार्यपालक अभियंता से दूरभाष पर बात कर त्वरित कार्रवाई की बात कही। जनसंपर्क यात्रा में रामबीर कोरवा, अंजु कोरवा, राजनाथ कोरवा, रोहित यादव, ,शिवनाथ सिंह, अशोक कमलापुरी, झालो कुंअर, कविता देवी, शाकीर हुसैन, इन्तजार हुसैन, एमडी फैयाज, शंकर केशरी, जमालुदीन, सदर परमेश्वर मिस्त्री , रामगढ़ के मुखिया उमाशंकर प्रसाद, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष चैनपुर सागर दास, जिला उपाध्यक्ष अमरेश कुमार पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष विद्या सिंह चेरो साथ थे।

### भारी बारिश को देखते हुए लोगों से सर्तक रहने की अपील

**मेदिनीनगर।** झारखंड में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए मेदिनीनगर नगर निगम ने नागरिकों को सतर्क रहने की अपील की है। नगर निगम के अधिकारियों ने घोषणा की है कि किसी भी व्यक्ति को नदी किनारे के क्षेत्रों में नहीं जाना चाहिए और न ही नदी में प्रवेश करने का प्रयास करें। नगर निगम के अधिकारियों ने यह कदम संभावित बाढ़ और जलस्तर बढ़ने के खतरों को ध्यान में रखते हुए उठाया है। उन्होंने बताया कि भारी बारिश के कारण नदी के जलस्तर में अचानक वृद्धि हो सकती है, जिससे जानमाल का खतरा हो सकता है। स्थानीय प्रशासन ने भी सभी आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है। नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है। जिले के आपदा प्रबंधन विभाग ने भी अलर्ट जारी किया है और बचाव दल को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचित करें और सुरक्षित रहें।

# महिला समूहों के बीच होगा सिलाई मशीन का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** विधायक शशिभूषण मेहता द्वारा शनिवार को नीलांबर पीतांबरपुर स्थित मौर्या फार्म हाउस जेएसएलपीएस से संबंधित महिला स्वयं सहायता समूह को सिलाई मशीन का वितरण किया जाएगा। महिला समूह के सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम में बीजेपी झारखंड प्रदेश के महामंत्री कर्मवीर सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। इसके साथ विशिष्ट अतिथि के तौर पर मनोज सिंह प्रदेश महामंत्री बीजेपी झारखंड और अमित तिवारी जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी पलामू उपस्थित रहेंगे। सिलाई मशीन वितरण प्रखंड वार किया जाएगा जिसमें पहला पाली में बाकी प्रखंड के आसेहार, सगालीम तथा सुड़ी पंचायत की महिला समूह की सदस्यों को सिलाई मशीन दिया जायेगा।

# अविनाश देव ने नगर आयुक्त से की मुलाकात

## बारसात की पानी से हो रही परेशानियों से कराया अवगत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संत मरियम आवासीय स्कूल के निदेशक अविनाश देव ने शुक्रवार को नगर आयुक्त से शिष्टाचार मुलाकात कर शहर के स्लम क्षेत्र में बरसात का पानी घुस जाने से लोगों को हो रही परेशानियों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने नगर आयुक्त को पुष्पगुच्छ,अंगवस्त्र और मिट्टी के बॉटल कप देकर स्वागत किए। सावन के महीने में वर्षा संतोषजनक है। उन्होंने कहा कि संभ्रांत घराने के लिए सावन का वर्षा तो सुखद है, किंतु




निम्नमध्य वर्ग के लिए कष्टकर। स्लम बस्ती से लेकर झुगी झोपड़ी में वास करने वालों के लिए यह बरसात अभिशाप है। जल जमाव, जलीय जीव का आतंक, बिजली, पानी रौशनी सब के लिए चिंतनीय हैं। नगर आयुक्त ने अविनाश देव को अश्वासन दिया कि उनका प्रयास होगा कि बारसात के पानी से किसी को परेशानी नहीं हो। निगम वैसे सभी स्थानों को चिन्हित करने का प्रयास कर रहा है जहां बरसात का पानी होने आम लोगों को परेशानी होती है, ताकि उसका समाधान किया जा सके।

# मनरेगा कर्मियों को बंधुआ मजदूर की तरह व्यवहार किया जाता है : नारद




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सेवा स्थायीकरण की मांगों को लेकर मनरेगा कर्मी लगातार 12 वें दिन हड़ताल पर रहे। समाहरणालय के समक्ष धरना पर बैठे मनरेगा कर्मियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मनरेगा कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरों समक्ष आर्थिक स्थिति खराब होने लगी है। काम नही मिलने के कारण मजदूर पलायन करने को विवश हैं। कार्यकारी जिला अध्यक्ष नारद यादव ने कहा कि विभागीय मंत्री डॉ. इरफान अंसारी व राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा अपने किए गए वादों को पूरा करने का आश्वासन दिया जा रहा है, परन्तु राज्य के मनरेगा कर्मी इस बार आश्वासन से नहीं मांग को पुरा होने के बाद ही अपने अपने कार्य क्षेत्र मे वापस लौटेंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत ब्रिटिश पैटर्न पर सरकार चला रहे हैं। उन्हें आम जनता के दुख-दर्द से अधिक गद्दी से लगाव है। इसलिए मनरेगा कर्मियों के लाचारी का फायदा उठाकर शोषण कर रहे हैं। संविधान में निहित समता और समानता के अधिकार का खुलेआम धज्जी उड़ायी जा रही हैं। भारत सरकार के श्रम मंत्रालय द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन की अनदेखी कर मनरेगा कर्मियों को बंधुआ मजदूर की तरह व्यवहार किया जाता है। मौके पर सचिव अख्तर हुसैन, धर्मेन्द्र कुमार, अभय दुबे, अमित मेहता, पंकज कुमार, अंकुश, विकास तिवारी, दीपक तिवारी, आशीष गुप्ता, पप्पू जयसवाल, अनुपा टोप्पो, कांति कुमारी,सबिता कुमारी, अलका सिन्हा रहे।

## न्यूज बॉक्स

### सेविका पद पर अनुराधा का चयन



**हैदरनगर।** प्रखंड के बभंडी पंचायत अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र बिंदू बिगहा प्रागंण में सेविका के रिक्त पद पर चयन को लेकर बीडीओ सह सीडीपीओ विश्व प्रताप मालवा की अध्यक्षता में आमसभा की गई। जिसमें बताया गया कि उक्त केन्द्र का संचालन पूर्व सेविका के निधन से प्रभावित हो गया था। इसमें बिन्दू बिगहा सहित आसपास के पोषक गांव टोलों के कई ग्रामीणों ने भाग लिया। मुखिया शहनाज प्रवीण, पंचायत समिति सदस्य गुलशन आरा, पूर्व मुखिया कमलेश सिंह, विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवेन्द्र सिंह, समाजसेवी सज्जू खान व राजू खान की उपस्थिति में इसी गांव की रहने वाली मृत सेविका गुणवंती कुंवर की बहू अनुराधा देवी का चयन अनुकंपा के आधार पर सर्वसम्मति से किया गया। पूर्व मुखिया कमलेश सिंह ने कहा कि मृत सेविका के पति का पूर्व में निधन होने से एकमात्र उनकी बहू के भरोसे इस परिवार का जीविकोपार्जन होता था। इसके चयन से इसके परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। नव चयनित सेविका को सीडीपीओ ने प्रमाण पत्र देकर नियमित आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन करने के प्रति कई सुझाव व मार्गदर्शन भी दिया है।

### मईयां सम्मान योजना को लेकर शिविर आज से

**मोहम्मदगंज।** झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के लाभुकों के चयन को लेकर पंचायत क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी पोषक क्षेत्र के टोलों के लिए शनिवार से सिंचाई कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में अलग-अलग तिथियों में शिविर लगाया जाएगा। इस संबंध में मुखिया कमला देवी और पंचायत सचिव अविनाश कुमार ने जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि संबंधित आंगनबाड़ी पोषक क्षेत्र के टोले के जरूरत मंद महिलाओं को अलग-अलग तिथियों में शिविर में उपस्थिति सुनिश्चित कराने की जवाबदेही सेविकाओं की है। उन्होंने बताया कि शनिवार को शिलापर, रविवार को किशुनडीह आंगनबाड़ी पोषक क्षेत्र के किशुनडीह, पदारथडीह, रविवारीय बाजार, सोमवार को मोहम्मदगंज पूर्वी के रामनगर, राजनडीह, झरिवा, मंगलवार को मोहम्मदगंज पश्चिम के मोहम्मदगंज बाजार, पुरानी बस्ती (स्टेशन रोड), बुधवार को बीचलाडीह और गुरुवार को वर्कशॉप आंगनबाड़ी पोषक क्षेत्र के वर्कशॉप, नदीपर, गोलापत्थर भौंराहा तर टोले की शिविर आयोजित की जाएगी। उन्होंने जरूरत मंदों को शिविर में आधार कार्ड, वोटर कार्ड,राशन कार्ड, बैंक पासबुक (सिंगल), पैन कार्ड (वैकल्पिक) और मोबाइल साथ लाने की बात कही है।

### आउटसोर्सिंग कर्मी दूसरे दिन भी रहे हड़ताल पर

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (मुख्यालय) और इसके अंतर्गत विभिन्न महाविद्यालयों में वाहयश्रोत (आउटसोर्सिंग) से कार्यरत कर्मियों को जनवरी माह से वेतन नहीं मिला है जिस कारण वे दूसरे दिन भी धरने पर बैठे हुए हैं। 7 महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मियों को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इनमें से कई ऐसे लोग है जिन्हें किराए के मकान में रहना होता है लेकिन वह समय से किराया भी चुकता नहीं कर पा रहे हैं। ज्ञात हो कि 21 जून 2024 को विश्वविद्यालय के कुलपति ने सभी कर्मियों को आश्वस्त किया था कि एक महीने के अंदर सातों महीनों का भुगतान करा दिया जाएगा। लेकिन अब तक उन्हें सिर्फ आश्वासन मिलता रहा। विश्वविद्यालय प्रशासन की उदासीनता से कर्मियों में काफी निराशा है।यूनियन अध्यक्ष शुभम तिवारी ने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती तब तक हम आंदोलन रत रहेंगे। गुरुवार को शुरू हुआ आंदोलन दूसरे दिन भी जारी रहा। हड़ताल कर रहे कर्मियों ने बताया कि अब तक उनसे वार्ता करना तो दूर की बात कोई सुधि लेने नहीं आया है। हड़ताल में अंकित उपाध्याय,आलोक कुमार,अमित कुमार चंद्रवंशी, शुभम तिवारी,विवेक दुबे,अनुज वर्मा, ताराचंद प्रजापति, सरोजा देवी,चंपा देवी, रवि शंकर कुमार ,सूर्यकांत तिवारी आदि समस्त कर्मी मौजूद थे।



### भाकपा ने किया 3 घंटे तक आंचल एवं प्रखंड कार्यालय के कार्य को किया ठप

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सदर अंचल कमेटी के चियांकी शाखा के द्वारा आज सदर अंचल कार्यालय के प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर तालाबंदी किया एवं अंचल के कार्यों को 3 घंटे तक ठप कर दिया। तालाबंदी के पूर्व नारेबाजी करते हुए इससे पूर्व बैरिया चौक से प्रखंड कार्यालय तक नारेबाजी करते पहुंचे से। मौके पर भाकपा जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि सदर अंचल कार्यालय और प्रखंड कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है।एनएच 75 में प्रभावित दलित आदिवासियों के जमीन का मुआवजा दलाल एवं दूसरे लोग लेने में लगे हुए हैं और अंचल कार्यालय मूकदर्शक बनकर उनका सहयोग कर रही है जनप्रतिनिधि भाजपा के विधायक और सांसद को आम जनता के कार्यों से कोई लेना-देना नहीं रह गया है। रघुवर सरकार की तरह ही हेमंत सरकार का भी भ्रष्ट पदाधिकारी एवं अफसर पर नकेल कसने की आवश्यकता है। है। अंचल के पदाधिकारी बैठे-बैठे कागज पर ही काम कर ले रहे हैं स्थल पर जाने की इन्हें फुर्सत नहीं है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ऐसे भ्रष्ट पदाधिकारी पर लगाम लगाना अच्छी तरह से जानती है। मौके पर अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह चेरों ने कहा कि प्रखंड कार्यालय एवं अंचल कार्यालय बिचौलियों का अड्डा बन गया है। ऐसी स्थिति में पदाधिकारी सुधर जाए। नगर सचिव सुरेश ठाकुर ने सभा को संबोधित किया और कहा कि मोटेशन एवं ऑनलाइन सुधार में मोटे रकम की उगाही की जा रही है जिस पर लगाम लगाना जरूरी है।

## पर्यावरण

### लायंस क्लब का पौधरोपण सह वितरण कार्यक्रम आयोजित

# रानी सती मंदिर के प्रांगण में पौधरोपण किया गया

● अभी तक 350 पौधा वितरण किया गया है




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर द्वारा पर्यावरण की रक्षा के उद्देश्य से पौधरोपण के साथ पौधा वितरण का कार्य किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुमित पाठक ने की। उन्होंने बताया कि पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण की खराब स्थिति को देखते सदस्यों ने पौध रोपण का शपथ लिया है। इसी कड़ी को आगे बढ़ते हुए अभी तक 350 पौधा वितरण किया है। कुछ ऐसे स्थानों पर पौधरोपण किया जहां सुरक्षित रह सके। उसके तहत पब्लिक स्कूल शाहपुर के प्रांगण में, रानी सती मंदिर के प्रांगण में, ठाकुरबारी मंदिर के प्रांगण में पौधरोपण किया गया। हमारा उद्देश्य है कि पौधरोपण जहां भी करें ऐसी जगह में करें ताकि उसकी परवरिश भी की जा सके। ज्यादातर पौधा छायादार वृक्ष को चुना गया है। उसके तहत बरगद, पीपल, शमी, छतवन, गुलमोहर को सड़क के किनारे लगाया है। गोल्ड मोहर का पौधा भी लगाना चाहते हैं, परंतु अभी किसी नर्सरी में उपलब्ध नहीं होने की वजह से बाहर से प्लांट मनाने का प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में परिमल प्रसून, नीलेश चंद्र,नवीन पांडेय, रोहित जैन, पीयूष तुलस्यान, गुरवीर सिंह, आलोक तिवारी, रणजीत मिश्रा उपस्थित थे।

### सड़कों किनारे गुलमोहर का पौधा लगाया जायेगा : सुमित पाठक

सड़कों किनारे गुलमोहर का पौधा लगाने का प्रयास करेंगे। स्कूल प्रांगण में वृक्षारोपण के दौरान लायंस क्लब सदस्य मुकेश अग्रवाल द्वारा बच्चों को पौधारोपण संबंधित जागरुक करते हुए बिस्किट व फल वितरण किया गया।

# यात्री सुविधा के विकास और विस्तार के प्रति रेल प्रशासन लगातार प्रयासरत

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पूर्व मध्य रेलवे के बीडी रेलखंड अंर्तगत हैदरनगर रेलवे स्टेशन कार्यालय में रेल सलाहकार समिति की पहली बैठक स्टेशन अधीक्षक मो. सलाउद्दीन खान की अध्यक्षता में हुई। रेल अधिकारियों ने बताया कि यात्री सुविधा के विकास और विस्तार के प्रति रेल प्रशासन लगातार प्रयासरत है। यात्री हित में मांगे गये सुझाव के बाद इसमें शामिल सदस्य उमेश चंद्र शिव, प्रदीप कुमार सिंह, कमलेश विश्वकर्मा, रेणु देवी, मंजू गुप्ता ने बताया कि हैदरनगर स्टेशन के दोनों प्लेटफार्म पर पर्याप्त यात्री शेड, बेंच, कुर्सी, शौचालय का अत्यंत अभाव है। किसी भी सवारी गाड़ी के इंतजार कर रहे यात्रियों को खुले में शौच मलमूत्र के लिए आज भी जाना पड़ता है। वहीं उन्हें आराम से बैठने के लिए समुचित कुर्सी, बेंच, यात्री शेड नहीं रहने से आसपास के पेड़ के नीचे शरण लेनी पड़ती है। खासकर प्रतिवर्ष दोनों नवरात्र में स्थानीय प्रसिद्ध देवी धाम में आयोजित मेला में हजारों की संख्या में अंर्तराज्जीय श्रद्धालुओं को आवागमन सदियों से होता रहा है। । उन्होंने कहा कि रेल प्रशासन से यात्रियों को आश्वस्त किया था कि इस रेलखंड पर तीसरी लाइन चालू होने से सभी ट्रेनों का समय से परिचालन होने से यात्रा सुगम व सुलभ होगा। किन्तु समस्या पूर्ववत ही रह गई है। उन्होंने स्थानीय रेल उपभोक्ताओं की ओर से रेल प्रशासन से सभी ट्रेनों का समय से परिचालन कराने, हैदरनगर में रांची से दिल्ली गरीब रथ एक्सप्रेस का सर्वप्रथम प्रयोगिक ठहराव देने, वाराणसी से विशाखापट्टनम सप्ताहिक इंटरसिटी एक्सप्रेस को प्रतिदिन चलाने की मांग की है।



## एक नजर

### धार्मिक भावना भड़काने वाले शिक्षक का भंडरिया में प्रतिनियोजन

**भवनाथपुर।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय धंगरडीहा में पदस्थापित सहयोगी शिक्षक शेख तौहीद द्वारा धार्मिक उन्माद फैलाने के उद्देश्य से विद्यालय के बच्चो को सरस्वती वंदना करने से रोकने तथा शिक्षक के साथ धक्का मुक्की किए जाने संबंधी खबर बीते बुधवार को विभिन्न अखबारों में प्रकाशित होने के बाद गढ़वा उपायुक्त के निर्देश पर गुरुवार को शिक्षा अधीक्षक के द्वारा सहयोगी शिक्षक शेख तौहीद को तत्काल प्रभाव से गढ़वा जिलांतर्गत भंडरिया प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरता में प्रतिनियोजित कर दिया गया। डीएसई के ज्ञापांक 605 दिनांक 1अगस्त 2024 में उल्लेख किया गया है, कि थाना प्रभारी भवनाथपुर के थाना ज्ञापांक 1808/ 2024 दिनांक 31 जुलाई 2024 के द्वारा प्रतिवेदन के माध्यम से सूचित किया गया कि उत्क्र. मवि धंगरडीहा के सहायक शिक्षक शेख तौहीद द्वारा अध्यापन कार्य छोड़कर धार्मिक उन्माद फैलाने का कार्य किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में विधि व्यवस्था की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है, जो सरकारी आचार नियमावली के प्रतिकूल है। उपरोक्त पत्र के आलोक में गढ़वा उपायुक्त के निदेर्शानुसार सहयोगी शिक्षक शेख तौहीद को भवनाथपुर से उत्क्र. मवि हरता 2 भंडरिया में अगले आदेश तक प्रतिनियोजित किया जाता है। साथ ही बीईईओ को निर्देशित गया कि पत्र प्राप्ति के साथ ही संबंधित शिक्षक को प्रतिनियोजित विद्यालय में योगदान हेतु तत्काल विरमित करने एवं उक्त शिक्षक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई किए जाने हेतु जांच प्रतिवेदन तत्काल समर्पित करने का निर्देश दिया गया है।

### वज्रपात से वृद्ध की मौत

**सगमा।** धुरकी थाना क्षेत्र के घघरी गांव निवासी (62)कोदू चंद्रवंशी की शुक्रवार को करीब तीन बजे वज्रपात की चपेट में आने से घटना स्थल पर मौत हो गयी। कोदू चंद्रवंशी वज्रपात से मौत की सूचना पर गांव सहित परिजनों में कोहराम मच गया। मौत की खबर सुनते ही आसपास के जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणों ने सांत्वना देने मृतक के घर पहुंचे। जानकारी के अनुसार कोदू चन्द्रवंशी अपने मवेशियों को घघरी शमसान घाट के दो सौ मीटर की दूरी पर अपने मवेशियों को चाराने के क्रम में हो रही झमाझम बारीश के साथ अचानक वज्रपात से कोदू चंद्रवंशी की घटना स्थाल पर मौत हो गयी। मृतक कि पत्नी सहित दो पुत्र है। वहीं घटना सूचना मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारि सत्यम कुमार, व प्रखंड प्रमुख अजय साव, घघरी मुखिया सरोज देवी नें मृतक के परिजनों से मिलकर इस दुःख के घड़ी में परिजनों को सांत्वना व्यक्त किया। बीडीओ सत्यम कुमार नें परिजनों को अस्वस्त करते हुए कहा कि सरकार की ओर से मिलने वाली सारी सुविधा मृतक के परिजनों को उपलब्ध कराया जायेगा। जबकि धुरकी पुलिस पुअनि सुनिल कुमार राम नें घटना स्थल पर पहुँच कर जानकारी ली। वहीं शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है।

### कांवरियां जत्था को अंगवस्त्र देकर किया रवाना

**मझिआंव।** भाजपा नेता मारूत नंदन सोनी ने सावन के पवित्र महीना में देवो के देव महादेव का नगर पंचायत क्षेत्र के 12 नंबर वार्ड खजूरी से दर्शन करने जा रहे दर्जनों कांवरियों को अंगवस्त्र देकर रवाना किया। दर्जनों कांवरियों से अपने क्षेत्र में सुख शांति कायम रहे। भोले बाबा से आशीर्वाद मांगने की अपील की। कांवरियों ने स्थानीय देवालयों में पूजा अर्चना कर बाजे गाजे पर थिरकते,हर हर महादेव,भोले बाबा की जय, जयकारों का उदघोष करते बाबा की नगरी निकले। कांवरियों के जत्था में सीताराम मेहता,अनुज पाल,सतेंद्र मेहता, जुगुल मेहता, पूटन मेहता,सुनील मेहता, अन्य का नाम शामिल हैं।

# सतबहिनी में दवा फेंकने के मामले का उद्भेदन

## ● पुलिस कई बिंदुओं पर कर रही अनुसंधान

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** पुलिस ने कांडी थाना क्षेत्र के सतबहिनी में दवा फेंकने के मामले का उद्वेदन कर लिया है। उक्त मामले में कांडी बीआरसी के कंप्यूटर ऑपरेटर सह कांडी थाना क्षेत्र के बहेरवा गांव निवासी स्वर्गीय रामकिशुन राम का पुत्र सुमंत राम, पिकअप मलिक खुटहेरिया गांव निवासी विश्वनाथ प्रसाद का पुत्र मिथिलेश प्रसाद गुप्ता एवं पिकअप चालक मझिआँव थाना क्षेत्र के बुढीखाड़ गांव निवासी सरयू मेहता का पुत्र रामाशीष मेहता को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने उसके पास से पिकअप गाड़ी तथा बीआरसी कांडी से निर्गत पंजी को बरामद किया है। उक्त जानकारी एसपी दीपक कुमार पांडेय ने शुक्रवार को समाहरनालय स्थित अपने कार्यालय के सभागार में प्रेस वार्ता कर दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 2020 से लेकर 2023 का दवा पाया गया है। कंप्यूटर ऑपरेटर सुमंत राम ने ही सभी दवा को रिसीव किया जाता था तथा उसका डिस्पैच किया करता था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बीआरसी में दवा रिसीव किया गया लेकिन स्कूलों में उसका वितरण नहीं किया गया था। उसके कारण 80 प्रतिशत दवा एक्सपायरि हो गया था 20 प्रतिशत दवा बचा हुआ था। उसे भी फेंक दिया गया उन्होंने बताया कि बीआरसी कांडी के अलावे मझिआँव बरडीहा दवा जाती थी। उन्होंने बताया कि फेके गए दवा में सबसे अधिक आयरन की गोली एवं एल्बेंडाजोल की दवा पाई गई थी उन्होंने बताया कि छापेमारी दल में कांडी थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम,आरक्षी निरंजन पासवान, चालक आरक्षी अखिलेश माझी एवं कांडी थाना के रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।




### दवा फेंकने में बीआरसी कंप्यूटर ऑपरेटर की भूमिका संदिग्ध

15 मार्च को कांडी थाना क्षेत्र के सतबहिनी मंदिर के समीप काफी मात्रा में सरकारी दवा फेंका गया था। उन्होंने बताया कि जब सुमंत राम को साक्ष्य दिखाने पर उनके द्वारा दवा फेंकने की बात स्वीकार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि अभी तक के अनुसंधान में यह बात सामने आई है कि इन दवा को फेंकने में बीआरसी के कंप्यूटर ऑपरेटर सुमंत राम की भूमिका मुख्य थी। उन्होंने बताया कि पिकअप गाड़ी रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 03 एस 0221 के मालिक मिथिलेश प्रसाद गुप्ता एवं उसका चालक रामा आशीष मेहता के द्वारा इन दवाओ को सतबहिनी मंदिर के पास फेंका गया था। उन्होंने बताया कि पूछताछ में सुमंत राम ने बताया कि स्टेट की टीम आने वाली थी, इसीलिए कार्रवाई के डर से दावा को फेंक दिया।

## भाजयुमो ने सीएम का पुतला फूंका



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** बाजार स्थित कर्पूरी गेट के समीप शुक्रवार का भाजपा युवा मोर्चा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। इस दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन मुदार्बाद, तानाशाही नहीं चलेगी, यह सरकार निकम्मी है। आदि नारे लगाये। भारतीय जानता पार्टी युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रवींद्र सोनी ने कहा की भाजपा के विधायकों द्वारा स्थानीय मुद्दों, युवाओं के रोजगार के बारे में आवाज उठाने पर जिस तरह उन्हें मुख्यमंत्री के इशारे पर विधानसभा अध्यक्ष ने जबरन विधानसभा के सभागार में विधायकों को बंद करवा दिया। विधानसभा का बिजली काट दी गई। इसके बाद मार्शल द्वारा उन्हें बाहर कर दिया गया। इसके पश्चात 19 भाजपा विधायकों को निलंबित कर दिया गया। इस घटना के विरोध में भाजपाइयों द्वारा सीएम का पुतला दहन किया गया। उन्होंने कहा की आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रखंड बहुमत के साथ झारखंड में सरकार बनायेंगी।इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद,त्रिपुरारी सिंह, गुडन पासवान, गौरव सिंह, अमित चंद्रवंशी, धीरज कमलापुरी , गौतम पाल, अशोक ठाकुर सहित दर्जनों भाजपाई मौजूद थे।

## बारिश का पानी बना आवास कोऑर्डिनेटर के लिए परेशानी का सबब

### कोऑर्डिनेटर ने पदाधिकारियों से किया कमरे की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** पिछले दो दिनों से प्रखंड क्षेत्र में रुक-रुक कर हो रही बारिश की पानी प्रखंड कार्यालय में कार्य कर रहे कर्मियों के लिए आफत बन गया है। उसमें सबसे ज्यादा परेशानी आवास कोर्डिनेटर अभिषेक कुमार को हो रही है। बारिश की पानी दूसरे तल्ले से रिसाव कर सीधे उनके टेबल पर टपक रहा है। इस कारण अबुआ आवास, पीएम आवास सहित कई तरह के जरूरतमंद उनका कागजात भींग जा रहा है। शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचे कोर्डिनेटर को अपने कार्यालय के पास पहुंचते ही सबसे पहले उन्हें टेबल पर जमा हुआ पानी को हटाना पड़ा। उसके बाद टेबल सूखने का कोर्डिनेटर को घंटो इंतजार करना पड़ गया। इसी बीच पुनः बारिश होना शुरू हो गया।




उक्त बारिश का पानी पूर्व की तरह उनके टेबल पर टपकना शुरू हो गया। इसके बाद कोऑर्डिनेटर अपने कुर्सी के बजाय दूसरे कर्मी के कुर्सी पर बैठ अबुआ आवास योजना का संचालन को लेकर कर्मियों को निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने रारो पंचायत के पंचायत सचिव सुदर्शन राम को पंचायत में अबुआ आवास के लाभुकों का बिना देर किए जियो टैग करने की बात कही गई। मौके पर कोऑर्डिनेटर अभिषेक ने कहा कि प्रखंड कार्यालय के कई कमरों को दूसरे लोगों के द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर रख लिया गया है। बावजूद उसे मेरे लिए आवंटित नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर मुझे कमरा मिल गया होता तो आज पानी की वजह से जो फाइलें भींग गई वह नहीं भींगता। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी के द्वारा मेरी समस्या पर अगर गंभीरता पूर्वक विचार नहीं किया गया तो भविष्य में इससे और ज्यादा फाइलें भींग सकती है।

## मुख्य सड़क पर जलजमाव होने से आवागमन बाधित

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखण्ड क्षेत्र के बैतरी-सिसरी मुख्य मार्ग पर अत्याधित मात्रा में जल जमाव होने के कारण स्थानीय लोगों सहित स्कूली बच्चों को परेशानी हो रही है। उल्लेखनीय है इस सड़क से प्रतिदिन ग्रामीणों आना जाना सैकड़ों लोग करते हैं। खासकर स्कूली छात्र-छात्राओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सड़क पर पानी की जमा होने के कारण कई बार बाइक व साइकिल से सफर करने वाले लोग गिर चुके हैं। वहीं स्थानीय ग्रामीण



ने बताया कि जब भी हल्की बारिश होती है तो इस सड़क पर पानी काफी मात्रा में जमा हो जाता है। पानी का निकास नहीं होने के कारण इस सड़क पर पानी जमा होता है।अगर पानी निकालने की जगह मिल जाता है तो इस सड़क पर पानी जमाव नहीं होगा। और सभी लोग सुरक्षित अवगमन कर सकेंगे।

### मईयां सम्मान योजना के लिए पंचायत भवन में लगाया जाएगा कैंप

**मझिआंव।** झारखंड सरकार के निदेशार्नुसार मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से संबंधित प्रखंड क्षेत्र के सभी नौ पंचायत में कैंप आयोजित कर आवेदन पत्र प्राप्ति एवं ऑनलाइन करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। बताते चले की सभी पंचायत भवन में पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 3:30 तक 3 अगस्त से 10 अगस्त 2024 तक कैंप लगाया जाएगा। जिसमें आंगनबाड़ी सेविका एवं प्रज्ञा केंद्र के संचालक को नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि सभी पंचायत के मुखिया उप मुखिया,पंचायत सचिव,वार्ड सदस्य,जिला परिषद तथा प्रमुख को सूचना प्रेषित किया गया है। वहीं महिला परिवेक्षिका बाल विकास परियोजना प्रतिमा कुमारी को नोडल प्रतिनियुक्त किया गया है। सभी पंचायत के 21 से 50 वर्ष के योग्य महिलाएं अपने-अपने पंचायत भवन में निर्धारित समय पर पहुंचकर फॉर्म भर सकते हैं। जिसमें प्रति माह इस योजना से संबंधित महिलाओं को सरकार द्वारा खाते में 1000 दिया जाएगा।

### युवक ने जहर खाया, गंभीर

**गढ़वा।** जिले के रंका गांव निवासी डोमन साव का पुत्र संजय कुमार गुप्ता ने गुरुवार को जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि आपसी किसी बात को लेकर संजय कुमार गुप्ता ने अपनी पत्नी के साथ नोक- झोंक कर लिया था। इसी बात से आक्रोशित होकर संजय कुमार गुप्ता ने कीटनाशक खा लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## युवती ने चूहा मारने की दवा खायी, गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** रंका थाना क्षेत्र के सोनपुरवा गांव निवासी कमरुद्दीन अंसारी की पुत्री मैजून खातून (18) ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि मैंजून खातून ने अपने बड़े भाई के साथ किसी बात को लेकर आपसी नोंक-झोंक हुई। इसके बाद उसके बड़े भाई ने उसके साथ मारपीट कर दिया।इसी बात से आक्रोशित होकर उसने घर में रखे चूहे का दवा खा लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सको ने बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

### पूर्व मंत्री ने वर्तमान सिस्टम पर उठाया बड़ा सवाल

# गलत अधिकारियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा : केसरी




**पहले कार्रवाई होती थी यदि कार्रवाई नही होती थी तो रांची व दिल्ली से जांच टीम गठित करवाकर जांच कराया जाता था**

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** राज्य के पूर्व मंत्री सह वरिष्ठ भाजपा नेता रामचंद्र केशरी ने सरकार के सिस्टम पर प्रश्न चिन्ह खड़ा किया है। जिला जिला प्रशासन व राज्य के अधिकारियों द्वारा अपने कनीय अधिकारियों को बचाने का आरोप भी लगाया। श्री केशरी चेचरिया स्थित अवासीय कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहें थे। उन्होंने कहा कि पहले गलत अधिकारियों पर जांच के बाद तत्काल ही कार्रवाई हो जाती थी, लेकिन अब तो पदाधिकारी के दोषी पाये जाने के बाद उन्हे बचाने का प्रयास तेज कर दिया जाता है। पहले कार्रवाई होती थी यदि कार्रवाई नही होती थी तो रांची व दिल्ली से जांच टीम गठित करवाकर जांच कराया जाता था। सगमा बीडीओ भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। अमानवीय कार्रवाई करते हैं। बावजूद जांच अधिकारी उन्हे बचाने का प्रयास कर रहें हैं। उनके लगातार लिखते रहने के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है। इस व्यवस्था से सरकार की बदनामी हो रही है। यदि गुप्ता गोड़ को न्याय नही मिला तो उच्चस्तरीय जांच कराएंगे। उन्होंने कहा कि तत्कालीन बीडीओ अमित कुमार की कई शिकायतें हैं। नगर उंटारी प्रखंड के बरडीहा ग्राम निवासी रईस अंसारी द्वारा गरीब लोगों से पैसा दोगुना करने के नाम पर ठगी करने का मामला था। इसकी शिकायत बीडीओ अमित कुमार से किया गया था। लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई। जब ग्रामीणों ने उनसे लिखित शिकायत किया तो तब तत्कालीन एसडीओ जयवर्धन कुमार को आवेदन दिया। उनके लिखने के बाद भी कोई कार्रवाई बीडीओ ने नही किया। 26 मार्च 2021 को ग्रामीणों के साथ प्रखंड कार्यालय का घेराव किया तब एसडीओ तथा मजिस्ट्रेट दोनों आकर ग्रामीण गुलाम जिलानी व निजामुद्दीन अंसारी से लिया गया पैसा 14160 रुपये बीडीओ कार्यालय में वापस कराया था। उन्होंने कहा कि डॉ अनवर हुसैन नगर उंटारी व धुरकी दोनों प्रखंड के बीडीओ थे। उनके द्वारा भ्रष्टाचार किया गया है। धुरकी प्रखंड कार्यालय कैंपस से कीमती लकड़ी कटवा लिया था, जिसकी शिकायत वह मुख्य सचिव एके बसु से किए थे, इसके बाद स्थल जांच आईएएस के रवि कुमार से कराया थाद्ध प्रेसवार्ता में सलीम अंसारी, सीताराम जायसवाल, सोबराती खां उपस्थित थे।

### मामले की तीन सदस्यीय टीम ने जांच की थी

नगर उंटारी के तत्कालीन बीडीओ सह श्री बंशीधर नगर पंचायत के प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार के कार्यकाल में सोलर लाइट लगाने सबंधी कार्यो में काफी घोटाला किया था। घोटाला की जांच के लिये नगर विकास के प्रधान सचिव विनय चौबे ने विभागीय पदाधिकारी रतन कुमार को टीम गठित कर जांच का आदेश दिया था। स्थलीय जांच में मिलीभगत के बाद पुनः जांच के लिये विभागीय सचिव मनोहर मरांडी,संयुक्त सचिव को तीन सदस्यीय जांच टीम से जांच कराने का आदेश दिया था। दो दिवसीय स्थल जांच करने के बाद जांच में प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार के साथ कई अधिकारी भी दोषी पाये गये। जब इस संबंध में कार्मिक विभाग रांची से सूचना मांगा तो कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के उपनिदेशक योगेंद्र कुमार द्वारा तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही किये जाने की जानकारी मिली।

## न्यूज बॉक्स

### प्रखंड की महिलाएं मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना से रह जायेगी वंचित




**केतार।** राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के हित में शुरू की गई मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के लिए पंचायत स्तर पर 3 से 10 अगस्त तक कैंप लगाया जायेगा। इस योजना के तहत 21 से 49 वर्ष की महिलाओं को प्रति माह 1000 रूपया सरकार द्वारा बैंक खाते में भेजा जायेगा। लेकिन राशनकार्ड नहीं होने की वजह से केतार प्रखंड के हजारों महिलाएं सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना से वंचित रह जायेगी। इस योजना का लाभ उठाने के लिए राशनकार्ड होना अनिवार्य किया गया है। प्रखंड कार्यालय द्वारा पिछले तीन व चार वर्षों से राशन कार्ड नहीं बनाया जा रहा है। इस कारण नवविवाहिता महिलाओं का नवीकरण राशनकार्ड नहीं बन सका है। न तो राशनकार्ड में नाम जोड़ा जा सका है। राज्य सरकार द्वारा इस योजना में राशनकार्ड की अनिवार्यता हटाया या इसमें बदलाव नहीं किया गया तो इस योजना का लाभ प्रखंड सहित जिला के अन्य प्रखंडों के हजारों महिलाएं वंचित रह जायेगी। इस सम्बन्ध में प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार सिंह ने कहा की मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का लाभ उठाने के लिए राशन कार्ड, अधार कार्ड, पहचान पत्र, अधार लिंक बैंक खाता रहना अनिवार्य है। जिनका राशनकार्ड नहीं है वो महिलाएं इस योजना का लाभ फिलहाल नहीं उठा पायेंगें।

### अनुसचिवीय कर्मचारी संघ का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

**गढ़वा।** नौ सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ को एआईएमआईएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी डॉक्टर एमएन खान ने समर्थन दिया है। इस अवसर पर डॉक्टर एमएन खान ने कहा कि झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ की सभी मांगे जायज हैं। उनकी मांगों को झारखंड सरकार को अविलंब मानते हुए इन्हें हड़ताल से वापस करना चाहिए। ताकि अनुसचिवीय कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से जो कार्य बाधित है।वह सुचारू रूप से संचालित हो सके। उन्होंने कहा कि किसी भी कर्मचारी को हड़ताल पर चले जाने से जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जनता का काम बाधित हो जाता है। डॉक्टर एम एन खान ने कहा कि झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ के हड़ताल पर बैठे हुए आज 11 दिन बीत गए। बावजूद इसके झारखंड सरकार द्वारा कोई पहल नहीं किया जाना सरकार के उदासीन रवैया को दशार्ता है। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष टी एस पांडेय, सचिव रघुवीर कौशिक, प्रमोद कुमार, उमाकांत पांडेय, संजय पांडेय, विकास कुमार, कुमार गौरव, राजेश कच्छप, शैलेश कुमार, रविरंजन कुमार, मोहम्मद नुमान अंसारी, फैयाज खान, आदर्श टोप्पो, सोनम कुमार द्विवेदी, अमित तिवारी, अरविंद सिंह, दीपक चक्रवर्ती, आलोक कुमार, अमरजीत उरांव, अरुण कुमार रवि, उमेश कुमार रवि, वरुण कुमार आदि उपस्थित थे।



### मुख्यमंत्री मईयां योजना में पात्र महिलाएं वंचित नहीं हो : प्रमुख

**खरौंधी।** प्रमुख आभा रानी ने खरौंधी प्रखंड में तीन अगस्त से दस तक अगस्त आयोजित कैंप में मुख्यमंत्री मईयां योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने बताया की राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के हित में शुरू की गई मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना की तैयारी में प्रखंड प्रशासन जुट गई है। इस योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को हेमंत सरकार रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए 1000 रुपए प्रतिमाह बैंक खाते में डालेगी। इस योजना का सफल क्रियान्वयन के लिए आवेदकों से आवेदन प्राप्त करने हेतु पंचायतवार कैंप का तिथि निर्धारित किया है। इसमें अरंगी एवं चन्दनी पंचायत सचिवालय में 3 अगस्त को, करिवाडीह एवं खरौंधी पंचायत सचिवालय में 5 अगस्त को, कूपा पंचायत सचिवालय में 6 अगस्त को, मझिगावां पंचायत सचिवालय में 7 अगस्त को, राजी पंचायत सचिवालय में 8 अगस्त को, सिसरी पंचायत सचिवालय में 9 अगस्त को व सुंडी पंचायत सचिवालय में 10 अगस्त को कैंप लगाकर 21-50 वर्ष आयु की महिलाओं का फार्म जामा कराया जायेगा। पंचायत स्तर पर कैंप का सफल आयोजन के लिए नोडल पदाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। जिनमें अरंगी के लिए पंचायत सचिव कृष्ण कुमार, चन्दनी के लिए पंचायत सेवक संजय कुमार, करिवाडीह के लिए जनसेवक उमेश कुमार, खरौंधी के लिए पंचायत सचिव शशि कुमार, मझिगावां पंचायत में जनसेवक विनोद पासवान, कूपा पंचायत में कनीय अभियंता वसीम अकरम, राजी पंचायत के लिए जनसेवक उमेश कुमार, सिसरी पंचायत के लिए पंचायत सचिव कपिलदेव सिंह एवं सुंडी पंचायत के लिए जनसेवक विनोद कुमार को नोडल पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किया गया है।प्रमुख ने कहा की कोई भी पात्र महिलाएं इस योजना से बंचित ना रहे इसका ख्याल सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को रखना होगा।

### फ्यूजन माईक्रो फाइनेंस का सामाजिक शिविर आयोजित

**भवनाथपुर।** हाई स्कूल के समीप नीलू सिंह के मकान में फ्यूजन माईक्रो फाइनेंस लिमिटेड द्वारा सामाजिक शिविर कार्यक्रम आयोजित की गई। शिविर की शुरूआत मुख्य अथिति खरौंधी जिपस धर्मराज पासवान, झामुमो नेता सह पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह, युवा मोर्चा के दीपक वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर जिपस धर्मराज पासवान ने कहा कि गांवों में महाजनी प्रथा को समाप्त करने के लिए उद्देश्य से विभिन्न माईक्रो फाइनेंस की शुरूआत की गई है। ग्रामीण महिलाएं इसके माध्यम से ऋण लेकर अपना रोजगार शुरू कर परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बना सकती है। कहा कि किसी बैंक से ऋण ले तो ऋण की किस्त ससमय भर कर अपना शाखा को मजबूत बना सकती है। वही पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं को पहले आर्थिक अभाव के कारण किसी भी रोजगार को शुरू करने में कठिनाइयों का सामना पड़ता था, लेकिन अब माइक्रो फाइनेंस जैसी शाखाएं खुलने से उन्हें रोजगार हेतु सुलभ तरीके से ऋण उपलब्ध हो रहा है, साथ ही महिलाएं ऋण की किस्त भी समय पर चुका रही है। जबकि प्रशिक्षक केशव सदा ने वित्तीय साक्षरता को लेकर महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि हमेशा अधिकृत संस्थाओं से ही ऋण लें। जब भी कोई व्यक्ति ऋण लें तो अपनी देय मासिक किश्त और देय राशि का भुगतान समय से करें ताकि सिबिल स्कोर खराब न हो व आगे कभी भी बैंक से ऋण लेने में उन्हें कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि बैंक से ऋण लेने में सीबिल स्कोर की महत्वपूर्ण भूमिका है। सिविल एक तरह कि क्रेडिट इनफार्मेशन कंपनी है। कोई भी अधिकृत संस्थान आवेदक को लोन देने से पहले जोखिम का मूल्यांकन करने के लिए उसके क्रेडिट स्कोर की जांच करता है। मौके पर फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस के डीएम दीपक राम, क्षेत्रीय प्रबंधक सुनील पासवान, शाखा प्रबंधक चंद्रमा कुमार, महेश कुमार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थे।

## एक नजर

### ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूली बच्चे भी अब स्मार्ट शिक्षा पा सकेंगे

**गुमला।** गुमला जिले में ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूली बच्चे भी अब स्मार्ट शिक्षा पा सकेंगे। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत स्कूली बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए सम्पर्क फाउंडेशन ने एक पहल की है। इसमें बसिया ब्लॉक के 35 विद्यालयों एवं गुमला जिला के 331 सरकारी विद्यालयों में स्मार्ट एलईडी टीवी, सम्पर्क टीवी डिवाइस, स्मार्ट स्कूल बोर्ड, सम्पर्क गणित किट और पोस्टर दिए गए हैं। सम्पर्क फाउंडेशन का एक मात्र प्रयास है की सरकारी स्कूलों को स्मार्ट स्कूल में परिवर्तित की जाए और बच्चे स्मार्ट क्लास के जरिए पढ़ाई करें। इसमें कक्षा के जी से कक्षा 5 तक के बच्चों के लिए सभी विषयों का पाठ्यक्रम ऑडियो और वीडियो रूप में फीड है ताकि शिक्षकों को बच्चों को पढ़ाने में आसानी हो।

### कैरो में कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक




**कैरो/लोहरदगा।** शुक्रवार को कैरो प्रखंड में कांग्रेस कमेटी की बैठक जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी की अगुवाई में हुई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। झारखंड सरकार के द्वारा संचालित योजना के बारे में विचार विमर्श किया गया। आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद खान, झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया को - कन्वेनर अल्ताफ अंसारी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की दर्दनाक मौत

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित सिसई थाना क्षेत्र के बालक मध्य विद्यालय के समीप गुरुवार की देर शाम ऑटो व बाइक की सीधी भिड़ंत में बाइक सवार नईम मियां (48) की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि उसे बचाने की उमीद से पुलिस अस्पताल ले गया था किन्तु डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वह मेन रोड सिसई का रहने वाला था। छारदा रोड से वह बाइक से घर लौट रहा था इसी क्रम में घटना हुई थी।उसे सिर सहित शरीर के कई हिस्सों में गम्भीर चोट आई थी। टक्कर में दोनो वाहनों बुरी तरह से छतिग्रस्त हो गया है, पुलिस रात में ही शव व दोनो वाहन को कब्जे में लेकर थाना ले आई थी, शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया है। वही मृतक के पत्नी सलमा खातून के आवेदन पर पुलिस ने ऑटो चालक बरगांव गांव निवासी बसंत उरांव के पुत्र रंजीत उरांव के विरुद्ध तेज गति से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मारने के आरोप में केस दर्ज कर शुक्रवार को उसे जेल भेज दिया।

### मुखिया सुमंती ने किया छात्रों के बीच किया साईकिल का वितरण



**भंडरा।** झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना के तहत कल्याण विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं को स्कूल जाने के लिए साइकिल का वितरण किया जा रहा है। इस क्रम में मध्य विद्यालय भौरों में प्रभारी कल्याण पदाधिकारी बिना कुमारी, शिक्षक सरोज उरांव, मनोरमा अगस्टिन टोप्पो, मुखिया सुमंती तिग्गा के द्वारा 33 साइकिलों का वितरण छात्रों के बीच किया गया। मौके पर छात्र साइकिल प्राप्त कर काफी खुश नजर आए। छात्रों ने कहा कि अब भी विद्यालय सुगमता पूर्वक आएंगे और समय से विद्यालय आएंगे।

## एक बार फिर हाथियों का कहर शुरू



### हाथियों की झुंड ने विद्यालय में रखे दो क्विंटल चावल को सफाचट कर दिया

**कैरो।** थाना क्षेत्र के सढ़ाबे डुमरटोली स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में रखे दो क्विंटल चावल को गुरुवार रात्रि हाथियों के झुंड ने खाकर सफाचट कर दिया। इसकी जानकारी देते हुए विधालय के प्रधानाध्यापक लक्ष्मी नारायण गोप ने बतलाया कि रात्रि में हाथियों का झुंड आया और खिड़की व दरवाजा को तोड़कर विद्यालय में रखे चावल को खा गए। खिड़की दरवाजा समेत अन्य सामानों का नुकसान कर गए।

**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो / लोहरदगा।** कैरो में एक बार फिर हाथियों का कहर शुरू हो गया है। बुधवार रात को प्रखण्ड क्षेत्र सढाबे पंचायत के दुमरटोली गांव निवासी किशोर उराँव के घर को तोड़कर घर में रखे अनाज को खाकर तीतर बितर कर दिया। वहीं चौथु उराँव के घर को भी तोड़ दिया। खेतो में लगे फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचाया है। बताया जा रहा है कि बुधवार रात्रि में लगभग 20 की संख्या में हाथी गांव पहुंचे और जमकर उत्पात मचाया। वहीं जानकारी मिलने के बाद पंचायत के मुखिया सुमित्रा उरांव ने दूरभाष के माध्यम से सम्पर्क कर मामले की जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी को दिया। उन्होंने बताया कि हाथियों के द्वारा किशोर उराँव की घर को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। इसलिए फिलहाल किशोर उरांव की सामुदायिक भवन में रहने का व्यवस्था किया जाएगा। वही वन विभाग की टीम हाथियों को भगाने और ग्रामीणों को राहत दिलाने में कारगर साबित नहीं हो रही गया। ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग के कर्मी हाथियों को भगाने के लिए कोई भी सकारात्मक कदम नहीं उठा रहे हैं जिससे ग्रामीण भय के साये में रहते हैं।

## नेशनल हाईवे 23 और नप की सड़कें खराब



*एसपी कार्यालय जाने वाली सड़क की स्थिति दयनीय*

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला के झारखंड बॉर्डर से मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, मुंबई रूट, उड़ीसा राज्यों में आने जाने वाले हजारों वाहनों का परिचालन प्रतिदिन होता है। फिर भी गुमला जिला की अधिकांश सड़कें खराब हो गई है। गुमला, रांची और उड़ीसा जाने वाली नेशनल हाईवे 23 तथा गुमला से मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, मुंबई रूट में जाने वाले अधिकांश सड़कों में गड्ढे बने हैं। गड्ढे में बरसात का पानी भरा होने के कारण सब कुछ बराबर दिखता है। भ्रम में पड़कर प्रतिदिन दर्जनों वाहन दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं। सड़क दुर्घटना से प्रतिदिन दो - तीन लोगों की दर्दनाक मौतें भी होती रहती हैं। वहीं जिला मुख्यालय की भी सड़कें जर्जर स्थिति में है। नगर परिषद भी इस ओर ध्यान नहीं देती है।

## बीएस कॉलेज स्टेडियम में होगा स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह

- *स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर बैठक हुई*



### टॉपर्स को किया जायेगा सम्मानित

स्वतंत्रता दिवस पर इस वर्ष के 10वीं की परीक्षा में जैक, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड से लोहरदगा जिला में तीनों बोर्ड के टॉपर्स को मुख्य मंच पर सम्मानित किया जाएगा। 12वीं की परीक्षा में तीनों अलग-अलग संकाय से एक-एक टॉपर्स को सम्मानित करने का निर्णय बैठक में लिया गया। साथ ही, वैसे खिलाड़ियों जिन्होंने बीते एक वर्ष में अंतर्राष्ट्रीय या राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मेडल हासिल किया हो उन्हें सम्मानित किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में कस्तूरबा बालिका विद्यालय, प्लस टू नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय व जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना की एनसीसी की एक-एक टुकड़ी और स्काउट गाइड की एक-एक टुकड़ी (उसुर्लाइन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय से गाईड , लूथरन उच्च विद्यालय से स्काउट, संत स्तान्नीसलास उच्च विद्यालय के स्काउट और एमवी डीएवी विद्यालय की गाईड) भाग लेगी।

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शुक्रवार को 'स्वतंत्रता दिवस-2024' के दिन लोहरदगा जिला में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई व आवश्यक निदेश दिये गये। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम बीएस कॉलेज स्टेडियम में होगा। इसमें मुख्य अतिथि द्वारा प्रातः 9.05 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त प्रातः 7.45 बजे उपायुक्त आवास और 10.30 बजे समाहरणालय परिसर में उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। इसके बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस लाईन, अनुमंडल कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर नगरपालिका क्षेत्र में अवस्थित महापुरूषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा। वही स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन हेतु उप विकास आयुक्त, लोहरदगा की अध्यक्षता में कार्यक्रम हेतु कार्ययोजना तैयार किये जाने का निदेश दिया गया। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मंच में लाईट व साउंड की व्यवस्था व हॉल में वेंटिलेशन की व्यवस्था का निदेश प्रशासक, नगर परिषद को दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत,आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग,अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, डीएसपी मुख्यालय, जिला परिवहन पदाधिकारी, भू-अर्जन पदाधिकारी जय ज्योति सामंता, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आईलिन टोप्पो, डीएसओ ज्ञानशंकर जायसवाल, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यगण उपस्थित थे।

## पुलिस ने जंगल से बरामद किया युवक का सड़ा गला शव



**लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा पतरा से पुलिस ने सड़ा गला शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल भेज दिया है। शव का पहचान गुमला जिला के घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत आदर ग्राम निवासी खदी उरांव का 27 वर्षीय पुत्र अजित उरांव के रूप में किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना को अंजाम सोमवार को कंडरा जंगल में दिया गया था। जिसका शव शुक्रवार को मिला। वही परिवारिक सूत्रों द्वारा बताया जाता है की मृतक अजित उराँव की पत्नी ममता देवी उम्र 25 वर्ष अपने आशिक के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया है। घटना की सूचना मिलने पर डीएसपी अमित कुमार सिंह, थाना प्रभारी अजित कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। वही मृतक की पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है।

## सांसद सुखदेव ने किया गुमला में सैनिक स्कूल खोलने की मांग

- *मेरे संसदीय क्षेत्र के बच्चों, युवकों के दिलों में देश सेवा करने के लिए एक अलग जज्बा है ये सैनिक बनकर देश सेवा करना चाहते हैं*



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत ने संसद में लांस नायक परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के नाम से गुमला जिला में सैनिक स्कूल खोलने की मांग को प्रमुखता से उठाया। सांसद सुखदेव भगत ने संसद में कहा की 1971 के इंडो पाक के युद्ध में पूरे पूर्वोत्तर भारत में एकमात्र देश के सर्वोच्च सैनिक सम्मान पाने वाले परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अल्बर्ट एक्का के नाम पर लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के गुमला जिला में सैनिक स्कूल खोला जाय। सांसद ने कहा कि यह अल्बर्ट एक्का के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। गुमला जिला आदिवासी बाहुल्य जिला है। पुलवामा की बात हो चाहे कारगिल की युद्ध बात हो इस क्षेत्र के काफी सैनिक शहीद हुए हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र के बच्चों, युवकों के दिलों में देश सेवा करने के लिए एक अलग जज्बा है ये सैनिक बनकर देश सेवा करना चाहते हैं।

पूर्व में भी इस क्षेत्र से बड़ी संख्या में युवक सैनिक बने हैं यहां सैनिक स्कूल खुलता है तो अल्बर्ट एक्का को भी सच्ची श्रद्धांजलि मिलेगी और इस आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के बच्चों को सैनिक स्कूल में पढ़ने का शुअवसर भी मिलेगा। सांसद सुखदेव भगत ने संसद में सभापति महोदया के माध्यम से गुमला जिला में अल्बर्ट एक्का के नाम से सैनिक स्कूल खोलने की मांग केंद्र सरकार से किये।

## केंद्रीय बजट पूर्णतः समावेशी और सर्वस्पर्शी बजट है : समीर उरांव

- *बजट में कौशल विकास पर जोर, 20 लाख युवा बनेंगे हुनरमंद : समीर*



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने केंद्रीय बजट को लेकर शुक्रवार को अटल भवन में प्रेस वार्ता किया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट पूर्णत समावेशी बजट, सर्वस्पर्शी बजट, अंतिम इकाई में बैठे हुए लोगो के विकास को लेकर बजट है। बजट में दलहन तेलहन की खेती पर जोर, कामगारों के विकास, पीएम आवास, 20 लाख युवाओं को कौशल विकास से जोड़ने के लिए प्रावधान किया गया है।एमएसएमई, कौशल विकास, ग्रामीण विकास, कृषि, श्रम आदि पर फोकस किया गया है। लोगो को हुनरमंद बनाने के लिए कौशल विकास पर जोर दिया जा रहा है। कौशल विकास को प्राथमिकता देते हुए शैक्षणिक संस्थानों को जोड़ते हुए कार्य करने की सोच मोदी जी की है। मजदूरों की बीमा, पैसा, सुरक्षा आदि प्रावधानों पर जोर देते हुए कार्य किया जा रहा है। शैक्षणिक संस्थान में कौशल विकास के पाठ्यक्रम को जोड़ा जा रहा है। कृषि देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का मुख्य आधार है। आधुनिक तकनीक व प्राकृतिक खेती की पद्धति को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। देश के आदिवासियों के विकास के लिए 63000 गांवों के 5 करोड़ लोगों को लाभ दिलाने की योजना है। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना का प्रावधान है जिसमे 36000 गांव शामिल किया गया है। वन उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। समीर उरांव ने कहा कि आजाद भारत में पहली बार यह अवसर प्राप्त हुआ है जब मोदी जी जैसा प्रधानमंत्री मिला है। मोदी जी ने यह निश्चय किया है की आने वाले 2047 में आजादी के 100 वर्ष होगा। इस समय तक यह देश दुनिया के सर्वोच्च स्थान पर स्थापित हो उसके लिए कृत संकल्प होकर कार्य कर रही हैं। इस देश को दुनिया के सर्वोच्च स्थान पर पहुंचाएंगे इस दृष्टि से उन्होंने इस बजट में प्रावधान किया है। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री जी ने इस देश के अंतिम इकाई में बैठे हुए लोगों का समुचित और सर्वांगीण विकास, देश आत्मनिर्भर कैसे होगा और आत्मनिर्भर होकर के दुनिया के पहले स्थान पर कैसे पहुंचेगा इसको लेकर बजट में प्रावधान लाया है। मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद, भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव, ओमप्रकाश सिंह, सजल प्रसाद समेत अन्य शामिल थे।

### अनियमितता की भेंट चढ़ी भंडरा में हर घर नल जल योजना

## योजना शुरू परन्तु ग्रामीणों को नसीब नहीं हुआ बूंद भर पानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** सरकार के 2024 तक सभी लोगो को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति करने की महत्वपूर्ण योजना हर घर नल-जल योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व अनियमितता का मामला प्रकाश में आया है। ताजा मामला प्रखंड के भंडरा कुम्बाटोली ग्राम का है। यहाँ लोहरदगा के संवेदक संजीव रॉय द्वारा नल जल योजना मे काफी अनियमिता बरती गई है। संवेदक ने पुराने खराब पड़े चापानल मे नल जल योजना को जोड़ दिया है। योजना तो शुरू कर दिया गया है पर ग्रामीणों को पानी नसीब नहीं हो रहा है। इसके अलावे संन्वेदक ने पाइप बिछाने के दौरान बस्ती का पक्की नाली को तोड़ दिया है। जिससे बस्ती के कई घरों मे बरसात का पानी घर मे घुस रहा है। और बरसात के पानी घर मे घुसने से घर की कच्ची दीवाल गिरने के कगार मे है। संवेदक द्वारा सरकार की हर घर नल से जल पहुंचने की योजना संवेदक की मनमानी व लापरवाही से फेल हो रहा है। क्षेत्र का आधे से अधिक हिस्सा करीब करीब ड्राई क्षेत्र है। वर्षों से पानी की किल्लत से जूझता है। इस कारण योजना में 200 से 300 फिट बड़ी बोरिंग करने का निर्देश है। लेकिन कुम्बाटोली मे संवेदक द्वारा पुराने खराब पड़े चापानल से योजना को जोड़ कर सरकारी धन का बंदरबाट की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले ही कई जगहों पर लाखों की लागत से बनी सोलर से चलने वाली पानी की टंकी पूरे प्रखंड में 80 फीसदी से अधिक बेकार पड़े हुए है। भंडरा कुम्बाटोली मुहल्ला सहित प्रल्हाड बस्ती के सभी मुहल्ला के लोग लंबे समय से पेयजल समस्या से जूझ रहे है। लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नही है। अब ऐसे में आमजनों को पानी पहुंचाने उद्देश्य से संचालित इस महत्वपूर्ण योजना का भी जनाजा उठाने का काम हो रहा है।



*पुराने खराब पड़े चापानल से योजना को जोड़ कर सरकारी धन का किया बंदरबाट*

## गुमला में युवाओं को मिल रहा है स्वरोजगार का अवसर

### रोशनी देवी की सफलता की कहानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** भरनो प्रखंड क्षेत्र के खरका ग्राम निवासी रोशनी देवी दिसंबर 2022 में बीओआई आरसेटी गुमला से बकरी पालन का प्रशिक्षण प्राप्त किया था। पहले से ही उनके द्वारा बकरी पालन किया जाता था। लेकिन टीकाकरण एवं दवा की जानकारी के आभाव में हर साल 8 से 10 बकरियां मर जाती थीं और 2022 में उनकी एक साथ लगभग 35 बकरियां चेचक के कारण मर गई। उन्हें लगभग 6 लाख रुपये का नुकसान हुआ। फिर उन्होंने बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी गुमला से प्रशिक्षण लेने का फैसला किया। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद, इंडियन बैंक और अपनी आजीविका एसएचजी की मदद से फिर से बकरी पालन शुरू किया और वर्तमान में वह खुद ही बकरियों का टीकाकरण कर रही हैं ।

### बेहराटोली पंकज गोप की सफलता की कहानी

पंकज गोप, पिता प्रभु गोप ग्राम अरमई, बेहराटोली का निवासी है। उनके परिवारिक जीविका का मुख्य साधन कृषि है। उन्होने अगस्त 2023 में बीओआई आरसेटी, गुमला से सेल फोन रिपेयरिंग एवं सर्विस का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के बाद उन्होंने उर्मी गुमला में स्वयं की पूंजी लगभग 150000/- से सेल फोन रिपेयरिंग एवं सर्विस का काम शुरू किया। आज उनकी मासिक आमदनी लगभग 10000/- है।

## न्यूज बॉक्स

### चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में बारिश से खिले किसानों के चेहरे, खेतों में लौटी रौनक



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह से जोरदार बारिश के साथ मॉनसून का आगमन हो गया। जोरदार बारिश से एक तरफ जहां किसानों के चेहरे खिल गए, और चारों ओर हरियाली नजर वहीं दूसरी ओर भीषण गर्मी से लोगों को काफी राहत मिली है। जोरदार बारिश और हवा के कारण वातावरण में नमी का एहसास हुआ। दूसरी तरफ धान के बिचड़ों के लिए रामबाण साबित हुआ है। धान के बिचड़े जो गर्मी के कारण सूख रहे थे, उनमें एकबारगी जान आ गई है। चान्हो प्रखंड के तरंगा पंचायत के किसानों द्वारा धान की रोपाई कार्य शुरू कर दिया गया है। इधर जोरदार बारिश के कारण बच्चों को विद्यालय जाने में काफी कठिनाई हुई तथा सड़कों पर जल जमाव हो गया है। कई किसानों ने बताया कि यह बारिश से धान फसल,गन्ने की फसल, मक्का की फसल और सब्जियों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध हुआ है। बारिश से धान के बिचड़ों में आयी जान,किसान बोनीफास कुजुर ने बताया कि जिस तरह से कड़ी धूप में बिचड़े जल रहे थे, लेकिन सुबह से हो रही बारिश से धान की बिचड़ों को काफी फायदा हुआ है। वहीं पंपसेट से बिचड़ों को पटाने से मुक्ति मिल गई है। बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत भी मिली है। मौसम सुहाना होने से लोगों ने राहत की सांस ली है।

### शैक्षिक विकास के लिए करें प्रयास : सुनंदा



**लोहरदगा।** सबों के सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र में लोहरदगा को अव्वल नंबर पर लाना पहली प्राथमिकता होगी। उक्त बातें नवपदस्थापित डीएसई दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर ने डीएसई कक्ष में शिक्षक संघ के द्वारा स्वागत समारोह के दौरान कही। श्रीमती सुनंदा दास ने कहा कि शिक्षक पूरी ईमानदारी से शैक्षणिक विकास के लिए कार्य करें। झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सुमन एवं लोहरदगा जिला अध्यक्ष मुमताज अहमद, शिक्षक नेता अरुण राम ने नए शिक्षा अधीक्षक का बुके देकर स्वागत करते हुए कहा कि संघ भी शिक्षा की बेहतरी के लिए सदैव सहयोग किया है, आगे भी तन मन के साथ सहयोग करेगा। शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा किया गया। चर्चा के दौरान एक शिक्षकीय विद्यालय में अन्य शिक्षक का पदस्थापन, प्रोन्नति में आए समस्या का निराकरण करने, रुआर प्रोग्राम 2024 का सफल क्रियान्वन आदि मुद्दे शामिल थे। मौके पर शिक्षक मुश्ताक अहमद, राजेंद्र प्रसाद समेत कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

### कथोलिक चर्च टोंगो में अच्छी वर्षा के लिए मिस्सा बलिदान का आयोजन



**चैनपुर।** कथोलिक चर्च टोंगो में अच्छी वर्षा को लेकर मिस्सा बलिदान का आयोजन किया गया। मुख्य अनुष्ठाता फा। रोहित कुजूर एस. जे. ने अपने सन्देश में कहा की जीवन में सफलता-असफलता उन्हीं को मिलता जो जीवन की विभिन्न परीक्षाओं में भाग लेते हैं। सफल होने वाले को खुशी मिलती है वहीं असफल होने वाले को सीख लेनी चाहिए की हमको और अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है। पवित्र हृदय के मिस्सा बलिदान में गानों की अगवाई यु। सी मध्य विद्यालय के शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों के द्वारा की गई। पवित्र युखारिस्त में यु। सी। बालिका उच्च विद्यालय के शिक्षक अजय प्रसाद के जन्मदिन के अवसर पर उनके लिए प्रार्थना की गई। साथ ही विशेष रूप से अच्छी वर्षा के लिए प्रार्थना की गई। जिसमें संत पीटर के प्रधानाध्यापक तेज कुमार बखला, संत पौल के प्रधानाध्यापक फा शैलेश, यु. सी. बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सिस्टर जुलिता टोप्पो, यु. सी. मिडल स्कूल के प्रधानाध्यापिका सिस्टर सुशीला टेटे, यु. सी. इंग्लिश मेडियम के प्रधानाध्यापिका सिस्टर रोस किरण कुजूर, शिक्षक अजय साहू। रोशन लकड़ा, अजित किंडो, अभय केरकेट्टा, शलोनी, अनिता, अनूपा सहित पांचो विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में विज्ञान सप्ताह का समापन

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में सात दिनों से चल रहे विज्ञान सप्ताह का समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय वैज्ञानिक प्रफुल्ल चंद्र राय के चित्र पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथि परिचय नीलिमा सिंह ने कराई। एक सप्ताह तक चलने वाले इस कार्यक्रम में प्रतिदिन भैया बहनों को भारतीय वैज्ञानिक के उपलब्धि एवं उनके खोज को बताया गया। इसमें नागार्जुन ,चरक, सुश्रुत, डॉ अब्दुल कलाम ,होमी जहांगीर भाभा ,जगदीश चंद्र बसु, चंद्रशेखर वेंकटरमण एवं प्रफुल्ल चंद्र राय के जीवनी उनके कार्य व प्राप्त उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय के भैया/ बहनों ने भारतीय वैज्ञानिक का स्वनिर्मित छायाचित्र बनाया। जिसे विद्यालय की सभागार में प्रदर्शित किया गया। अन्य कार्यक्रम में प्रयोगशाला दर्शन भैया/ बहनों द्वारा ग्राम दर्शन, वृक्षारोपण प्रश्न मंच आयोजन, विज्ञान से संबंधित गतिविधियां, भाषण प्रतियोगिता कराया गया। कक्षा षष्ठ एवं सप्तम में चार्ट पेपर पर निर्मित छायाचित्र में प्रथम सत्यम साहू, द्वितीय वत्सल गुप्ता, तृतीय राजकुमार रहे। कक्षा अष्टम में प्रथम संगम उरांव , द्वितीय आयुषी कुमारी तृतीय विबान कुमार रहे। नवम एवं दशम भाषण प्रतियोगिता में कशिश कुमारी प्रथम, श्वेता कुमारी द्वितीय, बादल उरांव तृतीय स्थान प्राप्त किऐ। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने भैया बहनों को प्रमाण पत्र देकर उत्साहवर्धन किया।

### सिविल सर्जन ने स्वास्थ्य कर्मियों को सर्पदंश के उपचार का दिया प्रशिक्षण

**लोहरदगा।** सदर अस्पताल स्थित सभागार कक्ष में शुक्रवार को सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो के द्वारा सर्पदंश की रोकथाम एवं नियंत्रण को लेकर जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में प्राथमिक उपचार कैसे करना है उसको एंटी स्नेक वेनम कैसे देना है अगर केन्द्र में एंटी स्नेक वेनम नहीं है तो तुरंत दूसरे अस्पताल रेफर करना है। जिला महामारी विशेषज्ञ, आईडीएसपी के प्रशांत चौहान ने इसके साथ ही उन लोगों को बताया गया कि सांप काटने के मरीजों को इसके लिए जागरूक करना है कि वह झाड़ फूंक के चक्कर में नहीं पड़, उसके लिए एंटी स्नेक वेनम लेने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा गया। इसके अलावा सर्पदंश से लोगों की मौत का मुख्य कारण इलाज में देरी और समुदाय में जगरूकता की कमी देखी जा रही है। झारखंड राज्य में पाये जानेवाले सांप की 250 से अधिक प्रजातियों में केवल 25 प्रतिशत ही विषैले होते है सभी सांप विषैले नहीं होते है दरअसल घबराहट की वजह से हृदय गति रुकने से भी मौतें होती है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक, नाजीश अख्तर, आलोक कुमार गुप्ता, विमलेश कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन

# योआनाओं का लाभ लेने के लिए लाभुकों को झारखंड का निवासी होना अनिवार्य

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को मुख्यमंत्री मंईया योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी सेविका, पंचायत सचिवों तथा प्रज्ञा केंद्र संचालक के साथ एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया।

कार्यशाला में बताया गया की पंचायत स्तर पर आगामी 03 अगस्त से 10 अगस्त 24 तक मुख्यमंत्री मंईया शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सरकार के वांछित प्रमाण पत्रों के साथ आवेदन जमा लिया जायेगा। मौके पर ही आवेदक का फोटो लिया जायेगा। बीडीओ महेंद्र रविदास ने सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी सेविकाओं अपने अपने निर्धारित पोषक क्षेत्रों में सर्वे पंजी किया जाना है।

ताकि कोई योग्य लाभुक सरकार के इस महत्वाकांक्षी योजना से वंचित ना रह सके। सीओ सह सीडीपीओ अविनाश रंजन नें बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए लाभुक को झारखंड की निवासी होनी चाहिए। साथ ही उसकी आयु 21 से अधिक व 50 वर्ष से कम हो।आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल (एकल) बैंक खाता होना अनिवार्य है। इसके अलावे मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड व आवेदिका का परिवार झारखंड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना (पीला, गुलाबी, सफेद व हरा राशन) कार्डधारी हो,इसमें आवेदिका का नाम दर्ज होना चाहिए। मौके पर बीपीआरओ संजय कुमार, आरती कुमारी, गुलशन आरा, कार्तिक विश्वकर्मा, अशोक पंडित, राजेश कुमार, पंकज कुमार, संजू देवी, सुधा शर्मा, किरण देवी, ज्योति देवी, सुनीता देवी, किरण देवी, उषा देवी समेत कई लोग मौजूद थे।



## जहरीला सांप काटने से वृद्ध व्यक्ति की इलाज के क्रम में मौत

**सिमडेगा।** पाकरटांड थाना क्षेत्र के सोगड़ा सैंडिह गांव निवासी समीर तिर्की नामक व्यक्ति को जहरीले सांप ने काटा जिसे इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया जहां पर शुक्रवार को इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। घटना के संबंध में परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि समीर तिर्की गुरुवार को खाना खाकर अपने घर में सोया हुआ था इस दौरान उसे जहरीले कैरट सांप ने काटा और उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों ने झाड़ फूंक कराया जब सुनवाई नहीं हुई ,तब जाकर उसे इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया जहां पर इलाज के क्रम में चिकित्सक के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर सिमडेगा सदर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाते हुए शव परिजनों को सौंप दिया।

# छह दशक बाद राउरकेला-रांची रेलखंड के स्टेशनों को मिलेगा नया स्टेशन भवन

**नवीन मेल संवाददाता। बानो**

हटिया बंडामुंडा रेल खण्ड का बानो स्टेशन अमृत भारत रेलवे स्टेशन के रूप में जाना जाता है।इस निमार्णाधीन मॉडल स्टेशन का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 फरवरी 2024 को ऑनलाइन उद्घाटन कर चुके हैं। आजादी के बाद बिकास की गति बढ़ी और 1964 में रांची राउरकेला ट्रेनों का परिचालन आरम्भ हुई। आज छ :दशक बाद इस रेलखंड के सभी स्टेशनों को नया स्टेशन भवन मिल रहा है। द पु रेलवे के रांची डिवीजन के हटिया बंडामुंडा रेलखंड के बानो रेलवे स्टेशन का अपना अलग महत्व है। बानो आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के साथ साथ अन्य भाषा बोलने वाले भी अब रहने लगे हैं। सिमडेगा जिला सहित गुमला ,खूंटी,सिहंभूम जिला के लोग बानो स्टेशन से अपने गंतव्य स्थान जाते हैं। बानो से रांची तक अब डबल लाइन बन चुकी हैं। इधर राउरकेला की जाने में टाटी ,परबा टोनिया आदि स्टेशनों में मिट्टी कटाई चालू हैं। बानो को अमृत भारत मॉडल रेलवे स्टेशन का निर्माण का कार्य प्रगति पर है। मिली जानकारी के अनुसार रेलवे भवनों का निर्माण 1963 में हुआ व ट्रेनों का परिचालन1964 से आरंभ हुई थी।


## कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com

### आम सूचना।

इस कार्यालय के आम सूचना ज्ञापांक 543/जि0प0, दिनांक 23.07.2024 जिसका PR No.- 330427 District (24-25)D द्वारा प्रखण्ड तरहसी एवं नीलाम्बर–पीताम्बरपुर में स्थित जिला परिषदी कुल 24 दुकानों के आवंटन हेतु निर्गत आम डाक सूचना में पूर्व निर्धारित आवेदन की तिथि एवं डाक की तिथि में अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार तिथि विस्तारण किया जाता है–

| विवरणी | पूर्व निर्धारित तिथि | विस्तारित तिथि |
|---|---|---|
| आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि | 31.07.2024 | 06.08.2024 |
| आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि | 31.07.2024 | 07.08.2024 |
| डाक की तिथि | 02.08.2024 (समय– 12:00 PM) | 08.08.2024 (समय– 12:00 PM) |

शेष सभी सूचनाएँ यथावत रहेंगी।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह– मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू।

PR 331597 (District) 24-25 (D)


# सड़क निर्माण को लेकर प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गावां प्रखंड अंतर्गत सेरुआ पंचायत के चेरवा के ग्रामीणों ने मुख्यपथ से माँ जमामो मन्दिर जाने वाली सड़क काफी जर्जर है। जिसे लेकर पीएम के नाम आवेदन लिखा। हरिहर प्रजापति ने बताया कि मन्दिर जाने वाला मुख्य मार्ग से डेढ़ किलोमीटर तक कच्ची सड़क है व बीच मे चौड़ी नदी का नाला पड़ता है। जिससे वहाँ के ग्रामीणों को बरसात के मौसम में आवागमन करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में मरीजो को बाहर इलाज के लिए ले जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। एम्बुलेंस भी नही पहुँच पाता है। साथ ही उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विधायक, सांसद व मुख्यमंत्री जन संवाद में शिकायत की गई। लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नही किया गया है। मानसून का मौसम है। दो- तीन बार बारिश हो चुकी है, जिसके चलते सड़क में बने गड्ढों में पानी भरा हुआ है। परेशान ग्रामीणों ने धनवार विधायक व कोडरमा सांसद को भी पत्र लिखा लेकिन कुछ नहीं हुआ। अब पीएम में पत्र दिया है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम लिखा गया है। शंकर प्रजापति, अशोक प्रजापति, नयन प्रजापति, दीपक कुमार, भोला पंडित ने बताया कि गांव को जाने वाली मुख्य सड़क की हालत बेहद खराब है। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में बताया कि इस सड़क पर सरकारी स्कूल हैं, मन्दिर है। बरसात होने के बाद सड़क में बने गड्ढों में पानी भर जाता है। ऐसी हालत में पैदल नहीं निकला जा सकता। स्कूली बच्चों का आना-जाना भी बंद हो जाता है। शिकायत पत्र में मांग की गई है कि जल्द से जल्द सड़क का निर्माण करवाया जाए।




## कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

### सैरात बंदोबस्ती आमंत्रण सूचना संख्या :– 04/2024–25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में मार्च 2025 तक के लिए निम्नलिखित सैरातों की बंदोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 12.08.2024 को पूर्वा0 11.00 बजे से नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के कार्यालय के समागार में की जायेगी :–

| क्र0 | सैरातों का नाम | सरकारी डाक की राशि | प्रतिभूति की राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | बजरंग बली मोड़ के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 330100.00 | 33000.00 |
| 02 | ग्रामीण बैंक के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 264100.00 | 26400.00 |
| 03 | चेचरिया पुल के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 275100.00 | 27500.00 |
| 04 | बैल बाजार के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 193000.00 | 19300.00 |
| 05 | जंगीपुर मोड़ के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 232100.00 | 23200.00 |
| 06 | श्री बंशीधर नगर हाट/बाजार सैरात की बंदोबस्ती | 840000.00 | 84000.00 |

बैठक में भाग लेने वाले व्यक्ति नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर द्वारा निर्गत आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करेंगे, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर उंटारी, नगर पंचायत के पदनाम से बैंक ऑफ इण्डिया, नगर उंटारी में देय होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि जमा करने वाले व्यक्ति को ही बंदोबस्ती में भाग लेने की अनुमति प्रदान की जायेगी।

आवेदन पत्र एवं नियम शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर प्रबंधक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है। डाक की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट, www.gar hwa.nic.in एवं विभागीय वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| प्रतिभूति राशि जमा करने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर |
| प्रतिभूति राशि जमा करने का तिथि एवं समय | दिनांक 12.08.2024 (पूर्वा0 11.00 बजे से अप0 02.00 बजे तक) |
| डाक बोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर |
| डाक बोलने का तिथि एवं समय | दिनांक 12.08.2024 (अप0 03.00 बजे से) |

प्रशासक,
न0पं0, श्री बंशीधर नगर

PR 331614 Urban Development(24-25).D



## कार्यालय :– नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।

पत्रांक 665 दिनांक 02/08/2024

–: प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी से संबंधित आवश्यक सूचना :–

प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के तहत इस निकाय का स्वीकृत आवास का पूर्णता प्रतिशत 50 प्रतिशत से नीचे है, जो बहुत ही असंतोषजनक है।

ज्ञातव्य है कि योजना का कार्यकाल दिसंबर, 2024 तक ही प्रस्तावित है, इसी समय–सीमा के अन्दर सभी आवासों को पूर्ण किया जाना है। इस निकाय अंतर्गत लगभग 400 आवास का कार्य रूफ स्तर तक हो चुका है।

निदेशक, नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1110 दिनांक 30.07.2024 के द्वारा वैसे आवास जिनका कार्य रूफ स्तर तक हो चुका है वैसे आवासो को विशेष अभियान "मेरा घर, मेरा अभिमान" के तहत "आवास पूर्णता पखवाड़ा" दिनांक 01–15 अगस्त, 2024 तक चलाते हुए 15 अगस्त, 2024 तक पूर्ण कराने का निर्देश प्राप्त है।

अतः उक्त के आलोक में सभी माननीय जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनो, आमजनो से सहयोग एवं भागीदारी की अपेक्षा रखते हेतु संबंधित लाभुकों से अनुरोध है कि 15 अगस्त 2024 तक आवास पूर्ण कर सजग एवं जागरूक नागरिक होने का परिचय दें। रूफ स्तर के लाभुकों की सूची नगर पंचायत कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।

PR 331585 Urban Development(24-25)D



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,गढ़वा

### आवश्यक सूचना
(लापता महिला पुष्पा देवी, उम्र करीब–20 वर्ष)



डंडई थाना सनहा सं0–06/2024 दिनांक–24.07.24 में लापता महिला पुष्पा देवी उम्र करीब–20 वर्ष, पति–कलेश राम एवं साथ में छः माह का बच्चा, सा0–नावाडीह, थाना–डंडई, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाली हैं। जो दिनांक–21.07.2024 को रात्री करीब–02:00 बजे करीब बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई है, परन्तु घर वापस नहीं आई है। उक्त लापता महिला पुष्पा देवी का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता महिला पुष्पा देवी किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इसके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 331682 Police(24-25).D



## OFFICE OF EXECUTIVE OFFICER,
## Manjhiaon Nagar Panchayat
### Request for Proposal/E-Procurement Notice
**REQUEST FOR PROPOSAL NO.UDD/MNP/04/2024-25 (2nd Call)Date:01.08.2024**

Request for Proposal are invited on behalf of **MANJHIAON NAGAR PANCHAYAT (MNP)**, Jharkhand for work on DBOT basis from reputed and eligible companies / firm/ Consortium/Joint Ventures having sound Technical and Financial capability for the following works:

| No. | Description of Package | Estimated Capital & O&M Cost (Rs. in lac) | Earnest Money(Rs. in lac) | Tender Fee (Rs.) | Completion Period) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Door to Door Collection & Source Segregation of Municipal Solid Waste, setting up & operation of Material Recovery facility, Transfer Station & Transportation Facility, Developing & Operating a Wet & Dry Waste Processing Facility and Engineered Sanitary Landfill Facility in municipal area as per SWM Rules 2016 & SBM 2.0 guidelines, for Manjhiaon Nagar Panchayat in Jharkhand, on a long -term Design, Build, Operate and Transfer (DBOT) basis with 20 years O&M | 902.03 & 4677.42 | 9.02 | 25,000/- | 16 Month Construction & 20 Yrs. O&M |
| 2 | Issue of RFP | 07.08.2024 | | | |
| 3 | Last date for receiving queries | 16.08.2024 | | | |
| 4 | Pre bid meeting | 16.08.2024 | | | |
| 5 | Proposal due date | 27.08.2024 By 3:00 PM | | | |
| 6 | Opening of technical bid | 29.08.2024 By 4:00 PM | | | |
| 7 | Official Inviting Tender | MANJHIAON NAGAR PANCHAYAT | | | |
| 8 | Mobile Number | 7004403551 | | | |
| 9 | E-mail | nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com | | | |
| 10 | Helpline Number of E-Procurement Cell | 7004403551/8409053313 | | | |

Only e-tenders are acceptable.Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Officer
Manjhiaon Nagar Panchayat

PR 331587 Urban Development(24-25)D



## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

### अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।
ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 15/2023-24 (3rd Call)

विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 03.08.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 03.08.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 10.08.2024 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 12.08.2024 (पूर्वाह्न 11:00 बजे)
निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | निविदा शुल्क (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 4 | 7 | 8 | |
| 1 | छतरपुर | काला पहाड़ | काला पहाड़ | ग्राम काला पहाड़ में सुरेश प्रसाद गुप्ता के घर से स्कूल होते हुए नदी तक नाली निर्माण। | 2491000.00 | 50000.00 | 5000.00 | 6 माह | DE/ZP/PALAMU-15/2023-24/GR-1 |

नोट–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में द्वितीय अथवा उससे उच्चतर श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बड़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते **www.palamu.nic.in** एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए **Website- www.jharkhandtenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।

PR.NO.331577 District(24-25):D



## कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।
(समाज कल्याण शाखा)
Email ID - dswopalamau@gmail.com

### प्रेस विज्ञप्ति

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के तहत पलामू जिला अन्तर्गत Particulary Vunerable Tribal Group (PVTG) के 30 क्षेत्रों का चयन किया गया है। नवचयनित सभी 30 क्षेत्रों में केन्द्र सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्वीकृति प्रदान करते हुए सेविका/सहायिका का चयन करने का आदेश प्राप्त हुआ है।

प्राप्त आदेश के आलोक में उप विकास आयुक्त, पलामू के आदेश ज्ञापांक 1270/ जि0स0क0, दिनांक 29.07.2024 के द्वारा संबंधित आंगनबाड़ी केन्द्रों में सेविका/सहायिका चयन हेतु केन्द्रवार तिथि का निर्धारण की गयी है, जिसके तहत विभागीय नियमानुसार चयन प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। सेविका/सहायिका चयन हेतु निर्गत आदेश एवं आमसभा की तिथि से संबंधित विस्तृत विवरणी www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
पलामू।

PR 331603 District(24-25)D



## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
## जिला गव्य विकास कार्यालय, चतरा।

### "पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना"

चतरा जिला के इच्छुक ग्रामीण किसान/पशुपालक दुग्ध उत्पादक को सूचित किया जाता है कि कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(गव्य प्रभाग) झारखण्ड सरकार राँची के राज्यादेश सं0– 17 रा0 दिनांक 16.07.2024 के आलोक में प्रशिक्षण योजनाओं का क्रियान्वयन प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा राँची एवं जिला गव्य विकास कार्यालय,चतरा द्वारा आयोजित किया जाना है जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–

(क) वित्तीय वर्ष 2024–25 में IGNOU के माध्यम से संचालित DIPLOMA IN DAIRY TECHNOLOGY(DDT):- अभ्यार्थियों की योग्यता कम से कम 10+2 उतीर्ण हो, को एक वर्ष का डेयरी टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा पाठ्क्रम।
(ख) वित्तीय वर्ष 2024–25 में IGNOU के माध्यम से संचालित AWARENESS PROGRAMME ON DAIRY FARMING(APDF):- योजना। प्रशिक्षणार्थी की योग्यता मैट्रिक उतीर्ण हो एवं पशुपालकों के पास कम से कम 05 दुधारू मवेशी हो।
(ग) राज्य के बाहर प्रशिक्षण एवं परिदर्शन।
(घ) वित्तीय वर्ष 2024–25 छः दिवसीय संस्थागत दुधारू पशु प्रबन्धन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण योजना।

**छः दिवसीय प्रशिक्षण योजना हेतु आहर्त्ता निम्नवत् है :–**
- प्रशिक्षणार्थी का साक्षर होना अनिवार्य है।
- न्यूनतम उम्र 18 वर्ष एवं अधिकतम 55 वर्ष।
- वैसे पशुपालक जिन्हें विगत तीन वर्षो के अन्दर विभागीय योजना के तहत् दुधारू पशु उपलब्ध कराया गया है तथा उनके पास अभी दुधारू पशु उपलब्ध है उन्हें प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण हेतु भेजा जाएगा।
- झारखण्ड मिल्क फेडरेशन द्वारा संचालित प्रत्येक बल्क मिल्क कूलर से संबंद्ध दुग्ध आपूर्तिकर्ता को प्राथमिकता दी जायेगी।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के सभी लाभुक जो अप्रशिक्षित है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण हेतु चयन किया जाएगा तदोपरान्त मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना मे चयन प्रक्रिया में प्राथमिकता दी जाएगी।
- इच्छुक ग्रामीण किसान/पशुपालक/दुग्ध उत्पादक जो पूर्व से गाय/भैंस रखते हो या रखने के इच्छुक हो, उन्हे प्राथमिकता दी जायेगी।

नोट :– उपरोक्त वर्णित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु आवश्यक जानकारी कार्यालय कार्य दिवस में अपराहन् 4:00 बजे तक जिला गव्य विकास कार्यालय,चतरा से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है, अथवा जिला गव्य विकास पदाधिकारी,चतरा के सम्पर्क संख्या– 9835586928 सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
चतरा।

PR.NO.331566 Animal Husbandry(24-25):D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

### अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/04/24-25/ GR_1/RE

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चंदवा पंचायत बरवाटोली में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय रूद में चाहरदीवारी निर्माण। | 47,38,404 | 95,000 | 5,000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 07.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 07.08.2024 से दिनांक 17.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –20.08.2024 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लातेहार

PR 331558 Rural Development(24-25).D

## संपादकीय

# आपदा प्रबंधन हिमालय से लेकर झारखंड तक हो

समग्र हिमालय की तरह हिमाचल प्रदेश भी जलवायु परिवर्तन के दौर में लगातार आपदाओं की चपेट में आता जा रहा है। गत वर्ष की तबाही को अभी तक प्रदेश भूल नहीं पाया है। आपदा प्रभावितों के जख्मों पर अब तक पूरी तरह मरहम नहीं लगाया जा सका है। प्रदेश की कमजोर आर्थिकी और केंद्रीय सहायता के इंतजार में बहुत काम अटका पड़ा है। खासकर, जिनके मकानों के नीचे की जमीन धंस गई हैं, उन्हें वन संरक्षण अधिनियम के चलते वैकल्पिक जमीन देना भी असंभव बना हुआ है। गत वर्ष दो हजार घर पूरी तरह से तबाह हो गए थे और नौ हजार आंशिक रूप से तबाह हुए। 400 से अधिक लोग काल का ग्रास बन गए थे। बाढ़-भूस्खलन का यह सिलसिला भले जलवायु परिवर्तन के चलते भयावह हो गया हो, या अवैज्ञानिक निर्माण कार्यों के कारण, दोनों ही मामलों में ये आपदाएं मानव निर्मित ज्यादा हैं और प्राकृतिक कम। अक्सर हम इन्हें प्राकृतिक आपदाएं कह कर अपनी गलतियां छिपाने की कोशिश करते रहते हैं। बाढ़-भूस्खलन प्राकृतिक तौर पर भी आते रहते हैं, किंतु मानव निर्मित कारणों से ये भयानक बन जाती हैं। बढ़ते वैश्विक तापमान के चलते ग्लेशियर पिघलने के कारण हिमालय क्षेत्र में ग्लेशियर के भाग टूटकर और कुछ मलबा मिश्रण घाटियों में फंसकर कृत्रिम झीलों का निर्माण करता है। ये झीलें अचानक टूट जाती हैं और नीचे भयानक बाढ़ की विभीषिका देखने को मिलती है। पिछले साल हुई तबाही में कई जगह बादल फटने की घटनाएं भी कारण बनीं। बादल फटने की घटनाएं भी वैश्विक तापमान वृद्धि के कारण ही बढ़ी हैं।अब जलवायु परिवर्तन एक सच्चाई बन चुका है, इसलिए हमें हिमालय में निर्माण कार्य इसे ध्यान में रखकर ही करने चाहिए। एक तो जलवायु परिवर्तन के कारण अतिवृष्टि और ग्लेशियर पिघलने के कारण आने वाली बाढ़ों का खतरा बढ़ जाता है। दूसरे, हिमालय एक युवा पहाड़ है, जो अभी बन ही रहा है। इस कारण यह कमजोर और भुरभुरा है। भारी बारिश की मार न सह सकने के कारण यहां भूस्खलन होते हैं। ऐसे नाजुक भू-स्थल में जब निर्माण कार्यों के चलते अंधाधुंध तोड़फोड़ होती है, तब भी भूस्खलन से तबाही होती है। जब भूस्खलन का मलबा नदी-नालों में पंहुचता है, तो पानी और बाढ़ का बहाव तबाही मचा देता है। बांध, सुरंगें, चौड़ी सड़कें बनाने के दौरान निकले मलबे ढलानों पर फेंके जाने से तबाही बढ़ती है। इन निर्माण कार्यों के लिए भारी मात्रा में वृक्ष भी काटे जाते हैं, जो कमजोर भूस्थल को और कमजोर बना देते हैं। खनन कार्य भी इस तबाही में योगदान देते हैं। ये सभी कार्य एक तरफ प्रकृति विध्वंस का कारण बनते हैं, तो दूसरी तरफ इन कार्यों से जुड़े लोगों के लिए आय का साधन होते हैं। इसलिए स्थानीय समुदाय दो हिस्सों में बंट जाता है। आपदा की स्थिति में तत्काल राहत के लिए स्थानीय समुदायों, स्वयंसेवी संस्थाओं, महिला मंडलों, युवा मंडलों, पंचायतों को जागरूक करना और प्रशिक्षित करना होगा। उत्तराखंड या वायनाड में प्रकृति कुपित है तो झारखंड में क्यों नहीं होगी, हमें चेतना चाहिए।

> अक्सर हम इन्हें प्राकृतिक आपदाएं कह कर अपनी गलतियां छिपाने की कोशिश करते रहते हैं। बाढ़-भूस्खलन प्राकृतिक तौर पर भी आते रहते हैं, किंतु मानव निर्मित कारणों से ये भयानक बन जाते हैं।

# आरक्षण के भीतर आरक्षण की व्यवस्था का अहम फैसला



## आज की बात



**ललित गर्ग**
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जातियों-जनजातियों यानी एससी-एसटी समुदाय में आरक्षण के भीतर आरक्षण का रास्ता साफ करके आरक्षण की व्यवस्था को तार्किक, न्यायसंगत, समानतापूर्ण बनाने का सराहनीय कार्य किया है। न्यायालय के इस तरह के फैसले मिसाल ही नहीं, मशाल बन कर सामने आ रहे हैं, जिससे राष्ट्र की विसंगतियों एवं विडम्बनाओं से मुक्ति की दिशाएं उद्घाटित हो रही है। यह फैसला कई बिल्कुल अलग-अलग वजहों से अहम माना जा रहा है। क्योंकि बड़ा सच यह है कि ओबीसी समाज की तरह एससी-एसटी समुदाय में भी कई जातियों की आर्थिक-सामाजिक स्थिति न केवल कहीं कमजोर है, बल्कि उन्हें अपने ही वर्ग की अन्य जातियों से भेदभाव का भी सामना करना पड़ता है। यह एक ऐसी सच्चाई है, जिससे कोई इन्कार नहीं कर सकता। यह भी एक तथ्य है कि एससी-एसटी समुदाय में कई जातियां ऐसी हैं, जिन्हें आरक्षण का न के बराबर लाभ मिला है। ऐसा इसीलिए हुआ है, क्योंकि आरक्षण का अधिक लाभ इन वर्गों की अपेक्षाकृत समर्थ जातियां उठाती हैं। यही स्थिति ओबीसी में है। कई अति पिछड़ी जातियों तक आरक्षण का लाभ नहीं पहुंचा है। राजनीतिक एवं संवैधानिक विसंगतियों के कारण ऐसा होता रहा है।

सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने जहां छह-एक के बहुमत से एससी-एसटी आरक्षण में कोटे के भीतर कोटे को संविधानसम्मत बताया, वहीं चार न्यायाधीशों ने इन वर्गों के आरक्षण में उसी तरह क्रीमी लेयर की व्यवस्था लागू करने की भी आवश्यकता जताई, जैसी ओबीसी आरक्षण में है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने इस फैसले से 2004 के पांच सदस्यीय संविधान पीठ के फैसले को पलट दिया, जिसमें कहा गया था कि एससी-एसटी समुदाय एक जैसा है और उनकी विभिन्न जातियों में कोई भेद नहीं किया जा सकता। यह वस्तुस्थिति नहीं थी, इस विसंगति को सुधार कर सुप्रीम कोर्ट ने न्यायसंगत उपक्रम किया है। अब राज्यों एवं केन्द्र सरकार को बहुत सावधानी से कदम उठाने होंगे। इस ताजे फैसले के बाद अनेक राज्यों में जातिगत गणना की होड़ शुरू हो सकती है एवं राजनीति दलों में आरक्षण का मुद्दा नये आक्रामक रूप में उभर सकता है। लेकिन एक आदर्श समता, समानता एवं संतुलनमूलक समाज-व्यवस्था को निर्मित करने की दिशा में कोर्ट का यह फैसला अहम है।

संविधान पीठ के अनुसार, आरक्षण का मुख्य मकसद आर्थिक और सामाजिक समानता लाना है, पर इसके लिए शहर और गांव की सामाजिक हकीकत में अंतर के साथ आर्थिक पहलुओं को ध्यान में रखना जरूरी है। एससी समुदाय में भी दो बड़े वर्ग है, जिनमें गहरा फासला है। बड़े अफसरों और बड़े वकीलों के बच्चों की तुलना में मैला ढोने वाले बच्चों से करना कैसे न्यायसंगत हो सकता है? इसलिए पीछे रह गई जातियों को मुख्यधारा में लाने के लिए ओबीसी की तर्ज पर एससी में भी कोटे के भीतर कोटे को न्यायाधीशों ने सांविधानिक माना है। आज के समय में इस फैसले की जरूरत को समझा जा सकता है, लेकिन समस्या यह है कि देश में 140 करोड़ जनसंख्या की सामाजिक स्थिति और आर्थिक हैसियत के आंकड़े स्पष्ट तौर पर उपलब्ध नहीं है। ऐसी स्थिति में जनसंख्या के आधार पर आनुपातिक आरक्षण की मांग बढ़ने से सामाजिक और राजनीतिक विद्वेष बढ़ सकता है। क्या इस फैसले से राज्यों में मनमानी बढ़ सकती है? अब नौजवानों से जुड़े अनेक मुद्दों जैसे रोजगार, कोचिंग, अग्निवीर, नीट, इंटर्नशिप, नकल और शिक्षा पर बहस के बीच इस फैसले से क्रीमीलेयर का मुद्दा फिर गरमा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने एससी-एसटी आरक्षण में उपवर्गीकरण करने का अधिकार राज्य सरकारों को भी दे दिया है। इस अधिकार का दुरुपयोग होने की आशंका भी है, क्योंकि सत्तारूढ़ राजनीतिक दल वोट बैंक बनाने के लालच में एससी-एसटी जातियों का मनमाना उपवर्गीकरण कर सकते हैं। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि आरक्षण सामाजिक न्याय का जरिया है, न कि वोट बैंक की राजनीति का हथियार। वैसे भी अब तक देश में आरक्षण वोट बैंक को सुदृढ़ बनाने का हथियार बना रहा है और राजनीतिक दल इसका अनुचित लाभ उठाते हुए अपेक्षित समुदायों तक आरक्षण का लाभ नहीं पहुंचने दिया। सुप्रीम कोर्ट के नये फैसले के बाद स्थितियां उग्र एवं आक्रामक होने के साथ प्रभावी भी होगी। इसलिये अब आरक्षण का कई पहलुओं से मूल्यांकन जरूरी हो गया है। वैसे फैसले में साफ कर दिया गया है कि किसी भी तरह का उप-वर्गीकरण स्पष्ट और भरोसेमंद डेटा के ही आधार पर ही किया जा सकता है। देखा जाए तो इस शर्त के जरिए फैसले का संकीर्ण एवं स्वार्थपूर्ण राजनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल करने की संभावित कोशिशों पर अंकुश लगाने का प्रयास किया गया है। एससी, एसटी, ओबीसी, दिव्यांग, महिला, ईडब्ल्यूएस जैसी सभी वर्गों के आरक्षण को जोड़ा जाए, तो 99 फीसदी आबादी आरक्षण के दायरे में आ जाती है। चारों राज्यों में होने वाले चुनावों के मद्देनजर देखें, तो इस फैसले के बाद आरक्षण की राजनीति के साथ अदालतों में मुकदमेबाजी भी बढ़ सकती है, जिसका समाधान सूझबूझ एवं लोकतांत्रिक तरीके से करना होगा। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## आपकी बात

# एक श्वास की कीमत तुम क्या जानो रमेश बाबू?



**डॉ. विकास दवे**
लेखक, मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक हैं

आप कहेंगे एक अत्यंत गंभीर शब्द श्वांस के साथ रमेश बाबू जैसा फिल्मी संवाद जोड़कर मैं क्यों आखिर एक गंभीर विषय को हास्य का विषय बनाना चाहता हूं? किंतु अपना भ्रम दूर कर लीजिए यह संवाद भी किसी हास्य का विषय नहीं बल्कि अत्यंत गंभीर चिंता और उससे अधिक चिंतन का विषय है। यह संस्मरण लिखने का एकमात्र कारण यह कि अनेक वर्षों के बाद भी हम सब अपनी मानवीयता से ओतप्रोत ज्ञान परंपरा का गौरव करने के बाद भी पश्चिमी जगत से कुछ बातें अब तक नहीं सीख पाए। हां !! मैं मानता हूं कि हमारी ज्ञान परंपरा में अत्यंत समृद्ध जीवन विज्ञान भरा पड़ा है किंतु यदि उसको हमने अपने जीवन में अंगीकार नहीं किया तो पुरखों की संपूर्ण तपस्या धूल धूसरित होने में समय नहीं लगता। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण विषय सीपीआर अर्थात कृत्रिम श्वांस देने का है। पश्चिमी जगत से तुलना इसलिए कर रहा हूं क्योंकि संपूर्ण पश्चिमी दुनिया में बच्चों को बाल्यकाल से ही शिशु कक्षाओं में आते ही सीपीआर देने का महत्व और उसकी प्रक्रिया समझा दी जाती है किंतु भारत में हमको विद्यालय स्तर पर ऐसा कोई उपक्रम संपादित होते दिखाई नहीं देता। यह सब बातें दरअसल इसलिए ध्यान में आई कि विगत दिनों परिवार के ही एक विवाह समारोह में एक अप्रत्याशित घटनाक्रम हुआ। उस विवाह समारोह में जबकि सब कुछ आनंदपूर्वक चल रहा था। अनायास इंद्र देवता प्रसन्न हुए। कार्यक्रम में थोड़ी सी असहजता पैदा हुई किंतु जल्दी ही संपूर्ण व्यवस्थाएं पुनः सुचारू रूप से संचालित होने लगी। एक नवयुवक जिसकी अवस्था मुश्किल से 18-20 वर्ष की रही होगी एक स्टॉल की तरफ रखे कूलर को ठीक करने के लिए गया। वह जैसे ही पानी के डूबे कूलर के पास पहुंचा बिजली का एक तार मैदान में छू गया। अचानक तेज विद्युत प्रवाहित हुई और एक झटके में युवक जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। कुछ ही सेकंड में भयभीत जन समूह ने देखा कि वह युवा न केवल अचेत हो चुका है बल्कि उसकी जीभ भी बाहर की ओर लटक गई। आनन-फानन में विद्युत प्रवाह को बाधित किया गया किंतु अब एक शिक्षित समाज की परीक्षा प्रारंभ हुई। आमतौर पर भारतीय समाज में जैसा होता है उस युवा को घेर कर सारे लोग या तो भय के वशीभूत केवल मुक दर्शक बने थे या कुछ जागृत लोगों ने मोबाइल निकाल कर फोटो और वीडियो बनाना प्रारंभ कर दिए थे। अनायास एक तेजस्वी स्त्री स्वर वातावरण में तैर गया। यह स्वर क्रीड़ा क्षेत्र की जानी-मानी तैराक सुश्री कविता रावल का था। देखते ही देखते भीड़ छंट गई। तत्क्षण कविता ने उस युवा के सीने पर पंप देना शुरू किया और सीपीआर देने की प्रक्रिया शुरू कर दी। थोड़ी देर में युवा पुनर्जीवन प्राप्त कर चुका था। विवाह की खुशियों पर लगता ग्रहण अचानक छंट गया था। प्रसन्नता की लहर चारों ओर फैल गयी थी। बाद में उस युवा के परिजनों की कृतज्ञता की कल्पना हम कर सकते हैं। नागर समाज ने कविता रावल को 'नागर वीरांगना सम्मान' से सम्मानित भी किया। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## देश की बात

# भयावह होंगे ईरान-इजरायल युद्ध के नतीजे



**विक्रम उपाध्याय**
लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं

तेहरान में हमास नेता इस्माइल हानिया की हत्या के बाद भीषण युद्ध की तैयारी शुरू हो गई है। इजरायल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की रणनीति बनाने के लिए लेबनान, इराक और यमन की सरकार, सेना और खुफिया विभाग के लोग ईरान पहुंच गए हैं। रॉयटर्स ने खबर दी है कि ईरान के साथ को लेबनान भी इजरायल को नेस्तनाबूत करने पर आमादा है, क्योंकि तेहरान में इस्माइल हानिया की हत्या से एक दिन पहले लेबनान की राजधानी बेरूत में इजरायल ने ही हिजबुल्लाह के वरिष्ठ कमांडर की हत्या कर दी थी। अब ईरान के साथ हमास, इस्लामिक जिहाद के प्रतिनिधि, यमन में सक्रिय हौथी विद्रोही, लेबनान के हिजबुल्लाह और इराकी लड़ाके भी साथ आ चुके हैं और एक साथ तेहरान में बैठकर रणनीति बना रहे हैं। वे इजरायल के खिलाफ बड़ी जवाबी कार्रवाई करने का मंसूबा बना चुके हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने तो ऐलानिया, ईरान के एलीट रिवोल्यूशनरी गार्ड को सीधे आदेश दे दिया है कि वे इजरायल पर हमला करें। ईरान के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोहम्मद बाकेरी ने स्टेट टीवी पर आकर कहा है कि ईरान और अन्य प्रतिरोध दल किस तरह से इजरायल को जवाब देंगे, इसकी तैयारी की जा रही है...। जवाब निश्चित रूप से होगा और ऐसा होगा कि इजरायल लंबे समय तक पछतावा करेगा। उल्लेखनीय है कि ईरान के नए राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने आए इस्माइल हानिया की हत्या 31 जुलाई को तड़के कर दी गई थी। हत्या का आरोप सीधे इजरायल पर लगाया गया है। इस्माइल हानिया की हत्या कैसे की गई, इसे लेकर अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि तेहरान के गेस्टहाउस में पहले से ही गुप्त रूप से तस्करी करके लाए गए विस्फोटक उपकरण से हत्या की गई। अमेरिकी मीडिया ने दो ईरानी और एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से खबर दी है कि गेस्ट हाउस में लगभग दो महीने पहले से ही बम छिपा कर रखा गया था। जैसे-जैसे इस क्षेत्र में व्यापक युद्ध का खतरा मंडरा रहा है, वैसे-वैसे इस संघर्ष के विस्तार को लेकर लोग चिंतित भी नजर आ रहे हैं। युद्ध कितना भीषण और लंबा होगा यह काफी हद तक ईरान की प्रतिक्रिया पर निर्भर करेगा। अगर ईरान के किसी हमले में इजरायली मारे जाते हैं, तो यह खतरनाक रूप ले सकता है, क्योंकि इजरायली किसी को भी बख्शने के लिए तैयार नहीं हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## फेसबुक वॉल से




## X से




## अलग बात

# खामियों को उजागर करता पूजा खेड़कर मामला



**मनोज कु. अग्रवाल**

विवादों से घिरीं ट्रेनी आइएएस पूजा खेड़कर के मामले में उच्चस्थ सरकारी सेवा की चयन प्रक्रिया की खामियों की कलई खुल गईं हैं। अब पूजा के खिलाफ संघ लोक सेवा आयोग ने साख बचाने के लिए कार्रवाई की है। आयोग ने पूजा खेड़कर से उनका आईएएस पद छीना है साथ ही उन पर भविष्य की सभी परीक्षाओं के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। उक्त जानकारी आयोग ने दी है। यूपीएससी ने इस बात के संकेत पहले ही दे दिए थे। यूपीएससी का कहना था कि अगर पूजा खेडकर पर लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। पूजा पर तो कार्रवाई शुरू कर दी गई है लेकिन इस तमाम गड़बड़ी के लिए संघ लोकसेवा आयोग को क्लीन चिट नहीं दी जा सकती है।यह सारा प्रकरण व्यवस्था में मौजूद खामियों को बेपर्दा करता है। महाराष्ट्र कैडर की आइएएस ट्रेनी पूजा खेडकर का विवाद लम्बे समय से चल रहा है। अब यूपीएससी ने पूजा खेडकर की अस्थायी उम्मीदवारी खत्म कर दी है।पूजा खेडकर के ऊपर एक दो नहीं बल्कि धोखे से इस पद को हासिल करने के कई आरोप लगे हैं। यूपीएससी ने पूजा को नोटिस जारी करके उनका चयन रदद करने को लेकर जवाब मांगा था।यूपीएससी ने कहा था कि पूजा के खिलाफ जांच में पाया गया कि उन्होंने अपना नाम, माता-पिता का नाम, सिग्नेचर, फोटो, ईमेल आइडी, मोबाइल नंबर और एड्रेस बदलकर यूपीएससी का एग्जाम दिया। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पूजा के खिलाफ जालसाजी, धोखाधड़ी, आईटी एक्ट और डिसेबिलिटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। पूजा खेडकर ने अपनी पर्सनल कार में लाल बत्ती और महाराष्ट्र सरकार लिखवा रखा था। पूजा खेडकर की इसी गलती की वजह से वह सुर्खियों में आईं और जब जांच हुई तो उनके सारे झूठ सामने आ गए। सबसे पहले पुणे के डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर सुहास दिवासे ने पूजा के खिलाफ शिकायत की थी, जिसके बाद उनका ट्रांसफर वाशिम कर दिया गया था।पता चला कि पूजा ने यूपीएससी के कोटे में आने के लिए ओबीसी कैटेगरी का फर्जी सर्टिफिकेट दिखाया था जबकि वह एक क्रीमी लेयर ओबीसी हैं। इसके अनुसार, जिस परिवार की सालाना इनकम 8 लाख से ऊपर होती है उन्हें क्रीमी लेयर ओबीसी की कैटेगरी में रखा जाता है। क्रीमी लेयर ओबीसी के लिए यूपीएससी में कोई कोटा नहीं है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

> हिंदू धर्म में 18 पुराणों का जिक्र मिलता है। इन पुराणों में सिर्फ देवी-देवताओं की कथाएं ही नहीं हैं, बल्कि चिकित्सा, खगोल विज्ञान, इतिहास और कई अन्य विषय भी शामिल किए गए हैं।

# 18 पुराणों में हैं जीवन के सिद्धांत

हिंदू धर्म में पुराणों का अधिक महत्व है। पुराणों में ईश्वर के स्वरूप, उनकी लीलाओं और जीवन से सिद्धांतों के बारे में बताया गया है। बता दें कि सनातन धर्म में कुल 18 पुराणों का जिक्र मिलता है। इन पुराणों को पढ़ने या सुनने से व्यक्ति के सभी पापों का अंत हो जाता है। इन पुराणों में सिर्फ देवी-देवताओं की कथाओं के बारे में ही नहीं बल्कि चिकित्सा, खगोल विज्ञान, इतिहास और कई अन्य विषय भी शामिल किए गए हैं।



**लिंग पुराण :** लिंग महापुराण में भगवान शिव जी के 28 अवतारों का संपूर्ण वर्णन मिलता है। इस पुराण में जालंधर वध और अंधकासुर की कथा का वर्णन मिलता है।

**वराह पुराण :** यह पुराण भगवान श्रीहरि विष्णु के वराह अवतार पर आधारित है। वराह पुराण में श्रीहरि के वराह रूप में अवतरित होने की कथा, प्रलय और फिर सृष्टि के निर्माण की जानकारी दी गई है।

**स्कंद पुराण :** इस पुराण में भगवान शिव के बड़े पुत्र कार्तिकेय के बारे में वर्णन किया गया है। इसके अलावा इस पुराण में भगवान शिव की महिमा, सती-चरित्र, शिव-पार्वती विवाह, कार्तिकेय जन्म, तारकासुर वध आदि कथाओं के बारे में जानकारी दी गई है।

**वामन पुराण :** वामन पुराण में भगवान विष्णु के वामन अवतार के बारे में बताया गया है। इसके साथ ही इसमें वामन अवतार, शिवलिंग पूजा, शिव-पार्वती की कथा, गणेश और स्कन्द आख्यान का उल्लेख मिलता है। **(क्रमशः)**

## धर्म-अध्यात्म

# शिव पूजा से करें अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति



श्रावण माह को भगवान शिव की भक्ति का महीना कहा जाता है। हिन्दू धर्म के तीन देवों में भगवान शिव को संहारक देव के रूप में माना जाता है। भगवान भोलेनाथ अपने नाम के अनुरूप भक्तों पर अपनी कृपा बरसाते हैं। इस माह आपने खान -पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। श्रावण माह भगवान शिव के अभिषेक का बड़ा महत्व है। भगवान शिव ही ऐसे देवता हैं जो मात्र जल चढ़ाने से प्रसन्न हो जाते हैं। शिवपुराण के अनुसार अलग-अलग कामनाओं की सिद्धि के लिए भगवान शिव का अनेक द्रव्यों से अभिषेक किया जाता है। भगवान शिव के अभिषेक से मनुष्य की अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष की कामना की सिद्धि होती है। शिवपुराण के अनुसार ऋषियों के पूछने पर स्वयं भगवान शिव ने अभिषेक का महत्व बताते हुए कहा है कि सभी प्रकार की आसक्तियों से रहित होकर जो मेरा अभिषेक करता है वह सभी कामनाओं को प्राप्त करता है। शास्त्रों में कामना की प्राप्ति के लिए अनेक प्रकार के द्रव्यों से अभिषेक का वर्णन है। जल की धारा भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है, अतः शुद्ध जल से भगवान शिव का अभिषेक करने पर भरपूर जलवृष्टि होती है। जल से अभिषेक करने से तेज ज्वर भी शांत हो जाता है। लक्ष्मी प्राप्ति के लिए गन्ने के रस से भगवान का अभिषेक करना चाहिए। गाय के दूध से अभिषेक करने पर निःसंतानों को संतान प्राप्त होती है। शक्कर मिश्रित दूध से अभिषेक करने पर बुद्धि की जड़ता समाप्त हो जाती है और बुद्धि श्रेष्ठ होती है। शहद से अभिषेक करने पर पापों का नाश हो जाता है। तपेदिक रोग से छुटकारा मिलता है। घी से अभिषेक करने पर जीवन में आरोग्यता आती है और वंशवृद्धि होती है। **-अंकुर नागौरी**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### डीसी ने साप्ताहिक जनता दरबार में सुनी समस्या

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी गरिमा सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए, समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करें। इसके अलावे विभिन्न शिकायतों का निष्पादन उपायुक्त द्वारा मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को बुलाकर किया गया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से मुआवजा, स्वीकृत योजना को बिना किसी कारण रद्द कर दिए जाने के संबंध में, जमीन विवाद, विद्यालय का चावल चोरी करके बेचने आदि से संबंधित आवेदन आये। उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

### उप विकास आयुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत की जा रही योजना का समीक्षा की

**लातेहार।** उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह ने जल जीवन मिशन के तहत जिले में किए जा रहे हैं कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त के द्वारा कार्यपालक अभियंता को यह निर्देशित किया गया कि जिले में जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्य को जल्द से जल्द शत प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी योजनाओं का सत्यापन हेतु प्रखंड स्तर पर एक कमेटी बनाने हेतु निर्देशित किया गया। समिति में प्रखंड स्तर के पदाधिकारी, अंचल अधिकारी को ग्राम स्तर पर मुखिया, जल सहिया एवं अन्य ग्राम स्तर के माननीय जनप्रतिनिधि को रखने की बात कही गई। उप विकास आयुक्त के द्वारा समीक्षा के दौरान सभी संवेदकों से ग्राम स्तर पर उनके द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक महतो, सभी कनीय अभियंता, सहायक अभियंता एवं संवेदक उपस्थित थे।

### पूर्व सांसद की पत्नी के निधन पर विधायक ने शोक संवेदना प्रकट किया

**बरवाडीह।** मनिका विधान सभा के स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. इरफान अंसारी की माता एवं पूर्व सांसद फुरकान अंसारी की धर्मपत्नी मुस्तरी खातुन के निधन पर शुक्रवार को उनके पैतृक आवास मधुपुर (देवघर) पंहुच कर डॉ. इरफान अंसारी एवं फुरकान अंसारीव उनके परिजनों से मुलाकात कर उनके आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया। विधायक ने उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। दुख की इस घड़ी में उनका ढाढ़स बंधाया। विधायक ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति तथा शोकाकुल परिजनों को यह विकट घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। मौके पर विधायक राजेश कच्छप, नमन विकाशाल कोंगाड़ी, भूषण बारा इरफान अंसारी, मोहमद एकरामुल, मो. इफ्तेखार समेत अन्य लोग शामिल थे।

### क्षेत्रीय भाषा में नागपुरी व मगही को शामिल करने की मांग

**लातेहार।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के कई युवक ने लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह को लिखित आवेदन देकर क्षेत्रीय भाषा में नागपुरी एवं मगही भाषा को शामिल करने की मांग की है। दिये गए आवेदन में कहा गया है कि चौकीदार चयन हेतु लातेहार जिला में जो विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। उसमें क्षेत्रीय भाषा मगही एवं नागपुरी को हटा दिया गया है। जबकि राज्य सरकार के नोटिफिकेशन में नागपुरी मगही एवम जन जतीये भाषा में कुरुख असुर बेरिया को शामिल करना है। यूवको ने आवेदन में कहा है कि इस क्षेत्र के अधिकांश लोग नागपुरी या मगही ही बोलचाल की भाषा है।

# डीएवी पूरे विश्व में खेल का परचम लहराएगा : डॉ. जीएन खान

### डीएवी लातेहार में शुरू हुआ दो दिवसीय खेल का महाकुंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** डीएवी पब्लिक स्कूल, लातेहार के द्वारा आयोजित डीएवी नेशनल संकुल स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आरंभ आज जिला स्टेडियम में हुआ। बतौर मुख्य अतिथि लातेहार पुलिस लाइन के सार्जेंट मेजर, राजकुमार लकड़ा और विशिष्ट अतिथि सार्जेंट संतोष कुमार सहित डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड जोन आई के सहायक क्षेत्रीय निदेशक सह एम के डीएवी पब्लिक स्कूल, डालटेनगंज के प्राचार्य डॉक्टर जीएन खान, जोन आई के डीएवी स्कूल्स लोहरदगा, सिमडेगा, गढ़वा, भवनाथपुर, गुमला के प्राचार्य और जिले के गणमान्य अतिथि जितेंद्र यादव (सचिव पुलिस मेंस एसोसिएशन), आलोक कुमार ,मुकेश पांडेय, आशीष नाथ शाहदेव,राकेश दुबे, गया। प्रसाद, रमेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विद्यालय के संगीत शिक्षक सूरज कुमार मिश्रा के निर्देशन में स्वागत गान गाकर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य के सहाय ने आगंतुक विभिन्न डीएवी स्कूल के प्राचार्य और अतिथियों को पुष्प गुच्छ, शॉल



और मोमेंटो देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि राजकुमार लकड़ा ने कहा कि खिलाड़ी वास्तव में हमारे देश की शान हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागी बच्चों को ओलंपिक तक जाने और देश के लिए मेडल जीत कर लाने की शुभकामनाएं दी। जोन आई के सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉक्टर जी एन खान ने कहा कि डीएवी लातेहार ने अपने जज्बे और जुनून से जिले में इतना बड़ा खेल महाकुंभ का आयोजन किया है। इसके लिए विद्यालय परिवार बहुत ही बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि डीएवी पूरे विश्व में खेल का परचम लहराएगा। डीएवी प्रबंधन ने ठाना है कि पढ़ाई -लिखाई के साथ-साथ खेलकूद और विभिन्न क्रियाकलापों में भी राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर के एक पहचान बनें। डीएवी लातेहार के मैनेजर सह लोहरदगा डीएवी के प्राचार्य जी पी झा ने कहा कि डीएवी संस्थाएं हर बच्चे को विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने का मौका देती है ।वे जिस क्षेत्र में जाना चाहें, उसमें अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना भविष्य निर्माण कर सकते हैं। डीएवी लातेहार के प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय ने कहा कि पिछले माह 22 और 23 जुलाई को लातेहार डीएवी ने दो दिवसीय संकुल स्तरीय क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया था और आज फिर विभिन्न खेलों का महाकुंभ एथलेटिक्स का भी आयोजन किया है ,जिसमें जोन आई के सात जिले के डीएवी स्कूल्स के बच्चों ने कई सारे खेल में भाग लिया। आज के खेल प्रतियोगिता में अंडर-19 बालक वर्ग में 1500 मीटर रेस के विजेता प्रथम ,द्वितीय और तृतीय क्रमशः शुभम कुमार सिंह डीएवी भवनाथपुर , यशराज गढ़वा और अनमोल कुमार सिमडेगा रहे। अंडर 19 बालिका वर्ग 1500 मीटर रेस में प्रथम, द्वितीय ,तृतीय स्थान पर क्रमशः दीप्ति कुमारी डीएवी गढ़वा ,खुशी कुमारी -लोहरदगा ,समीरन कच्छप गुमला से विजेता रहीं। अंडर 17 बालक वर्ग 1500 मीटर रेस में प्रथम, द्वितीय , तृतीय स्थान पर क्रमशः संजीत उरांव डीएवी डालटेनगंज, लकी उराँव लोहरदगा ,अंकित केडिया डीएवी गुमला विजेता रहे।

अंडर 17 बालिका वर्ग 1500 मीटर रेस में प्रथम, द्वितीय ,तृतीय स्थान पर क्रमशः कृति डीएवी गढ़वा ,चाँदनी -लोहरदगा और आशा कुजूर डीएवी डालटेनगंज विजेता रहे। कल के खेल आयोजन में अंडर 14,अंडर 17, अंडर 19 के बालक और बालिका वर्ग में शॉट पुट, हाई जंप, लॉन्ग जंप ,डिस्कस थ्रो, 400 मीटर रेस, 800 मीटर रेस ,200 मीटर रेस, रिले रेस आदि आयोजित होना है।

## न्यूज बॉक्स

### 31 श्रद्धालुओं का जत्था बाबाधाम रवाना

**चंदवा।** शहर समेत आसपास के 31 श्रद्धालु शुक्रवार को बाबाधाम के लिए रवाना हुए। यात्रा से पूर्व श्रद्धालुओं ने बोल-बम,बाबा भोलेनाथ की जय के नारे से यात्रा की शुरूआत की। शिव भक्तों ने कहा कि सुल्तानगंज से जल लेकर पैदल पहुंचकर भोलेनाथ को जल अपर्ण करेंगे। गौरतलब हो कि श्रावण मास में भगवान शिव की पूजन का विशेष महत्व होता है। श्रद्धालु भोलेनाथ को जलाभिषेक कर मनचाहा वरदान मांगते हैं, जो भोलेनाथ पूरा भी करते हैं। सुधीर प्रसाद ने बताया कि कावड़ियों में विजय भारती,हरेंद्र प्रसाद,परमानंद वैद्य, रामप्रवेश यादव, हरि यादव, लनीलेश कुमार,गुड्डू कुमार,पवन कुमार, अमरदीप ठाकुर, मनोज वैद्य, मनोज ठाकुर, मनोज कुमार बैठा, मनोज वैद्य समेत महिलाएं भी शामिल हैं।

### महिला चिकित्सक बहाल करने की मांग

**मयूरहंड (चतरा)।** जनता से किए वादों को निभाने एवं जमीन पर उतारने को लेकर सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास निरंतर प्रयासरत दिखाई दे रहें है। मानसून सत्र के अंतिम दिन में दास ने मयूरहंड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला व पुरुष चिकित्सक नियुक्त करने की मांग सदन में किया। सदन द्वारा जबाब दिया गया कि दो डॉक्टर के जगह एक डॉक्टर की नियुक्ति की गई है। जबकि नियुक्त डॉक्टर सप्ताह में मात्र दो से तीन दिन हीं स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को देखते हैं बाकी चार दिन बीना डॉक्टर के हीं संचालित की जा रही है। इसके अलावा महिला चिकित्सक नियुक्त नहीं होने से महिलाओं की डिलवरी वगैरह एएनएम के भरोसे की जा रही है। ज्ञात हो कि प्रखंड में लगभग 80 हजार आबादी होने के बावजूद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नियमित महिला व पुरुष चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति नहीं होने से स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए लोगों को या तो झोलाछाप डॉक्टर के सहारा लेना पड रहा नही तो हजारीबाग व अन्य शहरों में जाना पड़ता है। क्षेत्र के लोगों ने विधायक किशुन कुमार दास को विधान सभा में चिकित्सक बहाल करने की मांग की सराहना करते हुए सरकार से महिला चिकित्सक नियुक्त करने की मांग की है। ताकि क्षेत्र की महिलाओं को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नियमित स्वास्थ्य उपचार मिल सके।

### रविदास समाज के अध्यक्ष बने विक्रम व सचिव मनोज

**कुंदा (चतरा)।** बौधाडीह पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को रविदास समाज की बैठक रंजीत कुमार दास की अध्यक्षता में आयोजित किया गया,बैठक का संचालन बीरेंद्र दास ने किया। बैठक में समाज का विकास से सम्बंधित चर्चा किया गया। वही समाज मे नशा मुक्ति, बालविवाह, शिक्षा से सम्बंधित मुद्दों पर उपस्थित लोगो ने अपनी अपनी बातों को रखें।इसके साथ ही रंधीर कुमार दास नेतृत्व में प्रखंड कमिटी का विस्तार किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से बौधाडीह पंचायत के उपमुखिया बिक्रम दास को अध्यक्ष बनाया गया, वहीं सचिव मनोज दास, कोषाध्यक्ष अखिलेश दास, उपाध्यक्ष महादेव दास, मीडिया प्रभारी सतेंद्र दास, संरक्षक सुमन दास, संयुक्त सचिव प्रमोद दास, संगठन मंत्री अनिल दास व महासचिव ननकिशोर दास को बनाया गया।सभी नवनिर्वाचित को अतिथियों द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर दास समाज के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## श्रावण अमावस्या के अवसर पर 4 अगस्त को बोल बम के जयकारे से फिर गुंजायमान होगा पुरा क्षेत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड।** श्रावण अमावस्या के अवसर पर 4 अगस्त को बोल बम के जयकारे से 51 किलोमीटर का पुरा क्षेत्र फिर से गुंजायमान होगा। बजरंग दल महुआडांड व सरनाधाम मानसमणी दीप सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में हर वर्ष की तरह इस बार भी महुआडाड़ के लोध फॉल से 51 किलोमीटर की दूरी तय कर बाबा के भक्त बारेसाढ़ सरना धाम के नर्वदेश्वर शिव मंदिर में जाकर बाबा को जलाभिषेक करेंगे। इसे लेकर बुधवार की देर शाम तक बजरंग दल के पलामू विभाग के सह संयोजक सुरज साहु की अध्यक्षता में मानस मणि दीप सेवा संस्थान सरना धाम बारेसाढ गारू एवं बजरंग दल की संयुक्त बैठक स्थानीय दूर्गा बाड़ी परिसर में हुई व कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में मानस मणि दीप सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह, सचिव मिथिलेश सिंह, कोषाध्यक्ष जानकी सिंह, निदेशक डा. ए. के शाह, विहिप के लातेहार जिला धर्म प्रसार प्रमुख प्रदीप जायसवाल, आरएसएस के लातेहार जिला पर्यावरण प्रमुख राजन साहू, ज्योतिष प्रसाद, निरंजन जायसवाल, मुक्तेश लाल, राहूल कुमार सोनी, विनित कुमार पाठक आदि समेत काफी संख्या में बजरंगी मौजूद थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि पूर्व प्रयोजित कार्यक्रम के अनुरूप हर वर्ष की भांति इस बार भी मानस मणि दीप सेवा संस्थान सरना धाम बारेसाढ गारू एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान मे आयोजित अंतरप्रखण्ड स्तरीय कांवर जल यात्रा मे लगभग 10 हजार की भारी संख्या मे कांवर लेकर बाबा के भक्त 51 किलोमीटर की दूरी तय कर बारेसाढ थाना क्षेत्र स्थित ग्राम सरनाधाम मे स्थित शिवलिंग मे जल अर्पित करेंगे। जगह जगह कांवरियों के लिए जलपान की भी व्यवस्था की जायेगी। कार्यक्रम की सफलता के लिए बजरंग दल के विभाग सह संयोजक पलामू प्रमंडल के सुरज प्रसाद व विहिप के प्रदीप जायसवाल के नेतृत्व मे बजरंग दल के कार्यकर्ता पुरी तरह से सजग रहकर कर कार्य करेंगे।

### हाईवे ओनर एसोसिएशन ने सौंपे ज्ञापन

**बालूमाथ।** लातेहार हाईवा ऑनर एसोसिएशन ने मगध जीएम नृपेंद्र नाथ को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में संगठन ने मांग किया है कि मगध कोल परियोजना से आरसीआर मुड के कोयला को 50 किलोमीटर तक के अंदर साइडिंग में हाइवा से परिवहन करने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा है कि कोल परियोजना से विभिन्न कंपनियों को पूर्व में मगध से 50 किलोमीटर तक के अंतर्गत कोयले का परिवहन हाईवा के द्वारा किया जा रहा था। अभी कुछ दिनों पहले सूत्रों के द्वारा यह जानकारी प्राप्त हुई है कि 25000 टन के अंदर के सेल ऑर्डर को लोकल साइडिंग में हाइवा के द्वारा नहीं गिराने को कहा जा रहा है। इससे पूर्व जीएम केके सिन्हा एवं पीओ नृपेद्र नाथ जो वर्तमान में जीएम हैं। वर्तमान में जानकारी के अनुसार हमारे क्षेत्र में लगभग 500 से अधिक हाइवा खड़ी हो जा रही है। संगठन ने आग्रह करते हुए बतलाया कि आरसीआर मुड के कोयले की कंपनी को प्रोत्साहित कर हाइवा से कोयला उठाने के लिए कहा जाए। ताकि सभी का जीवन यापन हो सके। संगठन ने चेतावनी देते हुए कहा कि उपरोक्त विषय पर अगर प्रबंधक कोई ठोस निर्णय नहीं लेती है तो संगठन चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगी। जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। ज्ञापन का प्रतिलिपि लातेहार जिला उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक ,परियोजना पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल, थाना सहित पत्रकारों को प्रेषित किया गया है।

## 45 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एक स्विफ्ट डिजायर कार से 45 किलो एक सौ ग्राम गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। जिसका बाजार मूल्य 22 लाख 55 हजार रुपये आंका गया है। लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिल रही थी कि रांची से डालटेनगंज जा रही एक सफेद रंग की कार में मादक पदार्थ ले जाया जा रहा है। इसी सूचना पर पुलिस अधीक्षक ने लातेहार डीएसपी अरविंद कुमार लातेहार थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा के नेतृत्व में एक टीम गठित कर चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें रांची की ओर से आ रही एक सफेद कार स्विफ्ट डिजायर को रोका गया तो उसमें सवार व्यक्ति



भागने लगा। जिसमें एक व्यक्ति को पुलिस ने धर दबोचा। जब पुलिस के द्वारा गाड़ी की तलाशी ली गई तो पीछे की सीट पर काले रंग का एक बड़ा सा बैग तथा डिक्की में दो बड़े बैग रखा था। जिसमें ब्राउन कलर के पैकेट निकाला जांच करने पर पता चला कि गांजा से भरा पैकेट मिला। पुलिस ने गांजा के तस्कर सुनील कुमार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सुनील कुमार रुद्रपुर, उधमनगर, उत्तराखंड का रहने वाला है। इसके पास से एक मोबाइल और तस्करी में प्रयोग किया गया गाड़ी को पुलिस ने जब्त कर लिया है। वहीं लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध गांजा की एक बड़ी खेप दूसरे राज्य ले जाने की तैयारी में थे। सूचना के बाद पुलिस ने 45 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। जिसका बाजार मूल्य 22 लाख 55 हजार रुपये है। वहीं अवैध गांजा के तस्कर सुनील कुमार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अन्य गांजा तस्कर की गिरफ्तारी के छापेमारी की जा रही है। जल्द ही गांजा की अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह की ने ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की गति व धरातल पे हो रहे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा क्रियान्वित योजनाओं, राज्य योजनामद अंतर्गत संचालित योजनाओं, सांसद मद अंतर्गत संचालित योजनाओं, मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना, 15 वे वित्त आयोग मद अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत रूप से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में 15 वे वित्त आयोग मद अंतर्गत संचालित योजनाओं के क्रम में पाया कि कार्य पूर्ण के अनुरूप व्यय का प्रतिशत स्पष्ट नहीं है। उन्होंने कार्यपालक अभियंता को स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिन योजनाओं में कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, उन्हें अगले 10 दिनों के अंदर पूर्ण कर स्पष्ट रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करें। समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया गया कि जनोपयोगी योजनाओं के क्रियान्वयन में तत्परता बरतें। योजना समय पर पूर्ण हो तथा गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न हो यह सुनिश्चित कराएं।

### झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से

## उपायुक्त ने किया जागरूकता रथ को रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** राज्य सरकार द्वारा झारखण्ड राज्य की 21-50 वर्ष की महिलाओं के लिए महत्वकांक्षी योजना झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना प्रारंभ की गई है। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के द्वारा जागरूकता रथ को रवाना किया गया है। इसी क्रम में आज समाहरणालय परिसर से उपायुक्त गरिमा सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर दो जागरूकता रथ को रवाना किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत की है। योजना के तहत प्रत्येक माह 1000 रुपए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। जिले



की महिलाओं को इस योजना से अच्छादित करने के उद्देश्य से जिला अंतर्गत 3 अगस्त से 10 अगस्त तक सभी पंचायत सचिवालय व शहरी क्षेत्र के वार्ड में शिविर लगाया जाएगा। योजना के तहत लक्ष्य अनुरूप महिलाएं जुड़ें, इस संबंध में जागरूकता व पात्रता की जानकारी के लिए जागरूकता रथ को रवाना किया गया है। रथ सभी प्रखंड, पंचायत का भ्रमण कर योजना के प्रति लोगों को जागरूक करेगी।

**क्या है योजना :** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। राज्य सरकार द्वारा 21-50 वर्ष की महिलाओं को आर्थिक सहायता के रूप में प्रत्येक माह 1000 रुपए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

**किसे मिलेगा लाभ :** लाभुकों के लिए पात्रता को सरल रखा गया है। आवेदिका झारखण्ड की निवासी हों उनकी आयु 21 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम हो। आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल (एकल) बैंक खाता हो। जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है वे भी योजना का लाभ दिसम्बर झ 2024 तक उठा सकतीं हैं। मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड हो। आवेदिका का परिवार झारखण्ड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना (पीला राशन कार्ड), पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड (गुलाबी राशन कार्ड)/ केरोसिन ओइल राशन कार्ड (सफेद राशन कार्ड)/हरा रंग का पृथक राशन कार्ड धारी हो।


## कार्यालय, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, आत्मा, पलामू
## किसान भाईयों के लिए
## आवश्यक सूचना

पलामू जिले के किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के अंतर्गत कृषि यांत्रिकरण के तहत वित्तीय वर्ष 2024–25 में अनुदान पर निम्नलिखित कृषि यंत्र वितरण करने का लक्ष्य प्राप्त है। कृषि यंत्र के नाम के सामने दर्शाए गये अधिकतम अनुदान की राशि या कुल कीमत का 50 प्रतिशत राशि जो भी कम होगा वह लाभुक के खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से भुगतेय होगा।

### अनुदानित कृषि यंत्रों की विवरणी

| क्र0सं0 | कृषकों को अनुदानित दरों पर दी जाने वाले कृषि यंत्र की विवरणी | ST,SC, Small & Marginal, Women Farmers के लिए भौतिक लक्ष्य | मुल्य का 50% अथवा अधिकतम अनुदान की राशि प्रति इकाई (रू0 में) दोनां में जो कम हो ST,SC, Small & Marginal, Women Farmers | Other Farmers के लिए भौतिक लक्ष्य | मुल्य का 40% अथवा अधिकतम अनुदान की राशि प्रति इकाई (रू0 में) दोनां में जो कम हो Other Farmers |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोनोवीडर | 1 Nos. | 1200/- | 1 Nos. | 1000/- |
| 2 | पावरवीडर | 2 Nos. | 25000/- | 1 Nos. | 20000/- |
| 3 | मानव चालित स्प्रेयर | 91 Nos. | 750/- | 38 Nos. | 600/- |
| 4 | पावर स्प्रेयर | 195 Nos. | 3100/- | 80 Nos. | 2500/- |
| 5 | रोटावेटर | 31 Nos. | 42000/- | 15 Nos. | 34000/- |
| 6 | मल्टी क्रॉप थ्रेसर | 2 Nos. | 100000/- | 1 Nos. | 80000/- |
| 7 | कल्टीवेटर | 1 Nos. | 10000/- | 1 Nos. | 8000/- |
| 8 | बीज उपचार ड्रम | 3 Nos. | 10000/- | 1 Nos. | 8000/- |

### सभी कृषकों के लिए

| क्र0सं0 | कृषकों को अनुदानित दरों पर दी जाने वाले कृषि यंत्र की विवरण | यंत्र/उपादान | मुल्य का 50% अथ्वा अधिकतम अनुदान की राशि प्रति इकाई (रू0 में) दोनां में जो कम हो |
|---|---|---|---|
| 1 | स्प्रींकलर सेट | 1 Ha. | The cost for sprinkler irrigation system for 1 ha would be Rs. 19542/- to Rs. 21901/- per ha depending on diameter of pipe used as per guideline under PMKSY |
| 2 | पम्पसेट | 160 Nos. | 10000/- |
| 3 | कैरिंग पाईप (HDPE) in meter | 2485 Meter | 15000/- (अधिकतम), 50रू प्रति मीटर HDPE पाईप, 35रू प्रति मीटर च्टब पईप, 20रू प्रति मीटर HDPE |
| 4 | थ्रेसिंग फ्लोर "30X30" | 26 Nos. | 57500/- |
| 5 | मिनी दाल मिल | 1 Nos. | 95000/- |
| 6 | मिनी राईस मिल | 1 Nos. | 40000/- |
| | **Integrated Nutrient Management (INM)** | | |
| 1 | Micro-nutrients | 1488 Ha. | Rs. 500/ha. Or 50% of cost whichever is less |
| 2 | Liming In Acidic Soils | 62 Ha. | Rs. 1000/ha. Or 50% of cost whichever is less |
| 3 | Bio-Fertilizer | 770 Ha. | Rs. 300/ha. Or 50% of cost whichever is less |
| 4 | Lime/Dolomite | 15 Ha. | Rs. 500/ha. Or 50% of cost whichever is less |
| 5 | Lime | 822 Ha. | Rs. 1000/ha. Or 50% of cost whichever is less |
| 6 | Gypsum/80% WG Sulphur | 904 Ha. | Rs. 750/ha. Or 50% of cost whichever is less |
| | **Integrated Pest Management (IPM)** | | |
| 1 | Plant Protection Chemicals & Bio-agents | 264 Ha. | Rs. 500/ha. Or 50% of cost whichever is less |
| 2 | Weediecides | 725 Ha. | Rs. 500/ha. Or 50% of cost whichever is less |
| 3 | Distribution of PP Chemical | 760 Ha. | Rs. 500/ha. Or 50% of cost whichever is less |

इच्छुक कृषक दिनांक 31.08.2024 के संध्या 05 बजे तक निम्नांकित कागजात के साथ विहित प्रपत्र में पूर्णतः भरा हुआ आवेदन अपने प्रखण्ड के बी0ए0ओ0/बी0टी0एम0/ए0टी0एम0 या आत्मा, पलामू के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

1. त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के तहत चयनित जनप्रतिनिधि के द्वारा अनुसंशित आवेदन।
2. आवेदक का पासपोर्ट साईज का फोटो।
3. पहचान पत्र (आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/किसान क्रेडिट कार्ड) की छायाप्रति।
4. सम्बन्धित पंचायत के मुखीया द्वारा निर्गत वंशावली।
5. बैंक पासबुक की छायाप्रति।
6. पुर्व में यांत्रिकरण योजना के तहत लाभ नही लिया गया है, इस आशय का शपथ पत्र।
7. राज्य योजना की अनुदान की राशि में आदेश उपरान्त संशोधन किया जा सकता है।

➢ कृषकों द्वारा किसी भी यंत्र का क्रय राज्य सरकार द्वारा निबन्धित/अधिकृत विक्रेता को शत प्रतिशत राशि भुगतान करके ही किया जाएगा। लाभुक द्वारा अभिश्रव, फोटाग्राफ्स जमा करने तथा स्थल निरीक्षण उपरान्त अनुदान की राशि लाभुक के खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी।

➢ इस योजना में यंत्रों का वितरण "पहले आओ पहले पाओ" के आधार पर किया जाएगा।

नोट– आवेदन हेतु आवेदन का विहित प्रपत्र आत्मा, पलामू **www.atmapalamau.org** के बेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है। विशेष जानकारी हेतु जिला कृषि कार्यालय, पलामू/ आत्मा, कार्यालय, पलामू में कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

परियोजना निदेशक
आत्मा, पलामू

PR 331574 District(24-25)D

पेरिस ओलंपिक

# सिमोन ने ऑल-अराउंड फाइनल में जीता स्वर्ण



**पेरिस।** अमेरिकी स्टार जिमनास्ट सिमोन बाइल्स ने पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के ऑल-अराउंड फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। अमेरिकी जिमनास्ट ने कुल 59.131 अंकों के साथ ब्राजील की रेबेका एंड्रेड को पीछे छोड़ा। उनकी हमवतन और टोक्यो ओलंपिक विजेता सुनीसा ली ने कुल 56.465 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। रेबेका ने 57.932 अंकों के साथ रजत पदक जीता, जो ग्रीष्मकालीन खेलों में उनका छठा पदक था। सुनीसा पिछले 15 महीनों में कई किडनी रोगों से जूझ रही हैं। लेकिन जब स्थिति की मांग हुई, तो उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और पोडियम फिनिश हासिल की। महिलाओं की ऑल-अराउंड स्पर्धा में बाइल्स की जीत ने चल रहे पेरिस ओलंपिक में उनका दूसरा स्वर्ण पदक चिह्नित किया।

## यदि पहला सेट जीत जाती तो नतीजा कुछ और होता : सिंधु

एजेंसी



**पेरिस ।** भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु का मानना है कि अगर वह पहला सेट जीत जातीं तो पेरिस ओलंपिक में महिला एकल स्पर्धा के प्री-क्वार्टरफाइनल का परिणाम अलग हो सकता था। छठी वरीयता प्राप्त चीनी शटलर ही बिंग जियाओ के खिलाफ राउंड ऑफ 16 में सिंधु को हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल स्पर्धा में उनका अभियान सीधे सेटों में 21-19, 21-14 से हार के साथ समाप्त हुआ। पहला सेट काफी करीबी मुकाबला था, भले ही जियाओ ने सेट के शुरूआती चरणों में अच्छी बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन सिंधु ने वापसी करते हुए स्कोर 19-19 से बराबर कर दिया। शुरूआती सेट का निर्णायक क्षण तब आया जब सिंधु ने 20वें अंक के लिए निर्णय को चुनौती दी। शटलकॉक लाइन पर आ गया, जिससे चीनी शटलर को गेम में आगे बढ़ने का मौका मिल गया। जियाओ ने पहला सेट और अंततः गेम अपने नाम कर लिया। मैच के बाद सिंधु ने महसूस किया कि अगर वह पहला सेट जीत जाती तो नतीजा अलग हो सकता था।

सिंधु ने मैच के बाद कहा, हाँ, मुझे लगता है कि यह दुखद है कि मैं वह परिणाम नहीं पा सकी जो मैं चाहती थी। ओलंपिक में, हर कोई जीतना चाहता है, लेकिन दुर्भाग्य से, ऐसा नहीं हो सका, या यह मेरे लिए सही नहीं रहा।

## तूलिका मान 28 सेकेंड में हारी भारत का जूडो अभियान समाप्त

एजेंसी



**पेरिस ।** भारत की जूडो एथलीट तूलिका मान को शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की +78 किग्रा स्पर्धा से निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा। चैंप-डी-मार्स एरेना में शुरूआती दौर में, उन्हें लंदन गेम्स चैंपियन क्यूबा की इडालिस ऑर्टिज ने इप्पोन द्वारा 0-10 के स्कोर से हराया। ऑर्टिज ने 25 वर्षीय भारतीय को मात्र 28 सेकंड में हरा दिया। अनुभवी क्यूबाई खिलाड़ी ने तूलिका को चोकहोल्ड में फँसा लिया, जिसके कारण उन्हें हार का सामना करना पड़ा। जूडो में, एक इप्पोन तब प्रदान किया जाता है जब एक जूडोका अपने प्रतिद्वंद्वी को महत्वपूर्ण बल और गति के साथ मैट पर फेंकता है। इसे 20 सेकंड के लिए ग्रैपलिंग होल्ड-डाउन के साथ प्रतिद्वंद्वी को स्थिर करके या जब विपरीत जुडोका हार मान लेता है, तब भी प्राप्त किया जा सकता है।

पेरिस ओलंपिक रोइंग

## बलराज पंवार पुरुष एकल स्कल्स में 23वें स्थान पर रहे



**पेरिस।** भारत के बलराज पंवार शुक्रवार को फाइनल डी में पांचवें स्थान पर रहने के बाद पेरिस 2024 ओलंपिक रोइंग प्रतियोगिता में पुरुष एकल स्कल्स स्पर्धा में 23वें स्थान पर रहे। पेरिस 2024 में एकमात्र भारतीय नाविक बलराज ने 7:02.37 का समय निकाला, जो पेरिस 2024 में उनका सर्वश्रेष्ठ समय था। मोनेगास्क रोवर क्वेंटिन एंटोगनेली ने 6:54.93 के साथ फाइनल डी जीता। हालाँकि पुरुष एकल स्कल्स स्पर्धा में बलराज की अंतिम स्थिति, जिसमें 33 नाविकों ने प्रतिस्पर्धा की थी, कागज पर बहुत प्रभावशाली नहीं दिखती, लेकिन हरियाणा के भारतीय सेना के जवान ने अपने पूरे अभियान में लगातार प्रगति दिखाई।

## भारत ने हॉकी में ऑस्ट्रेलिया को 52 साल बाद दी मात

एजेंसी



**पेरिस।** भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में बेल्जियम के खिलाफ मिली हार के बाद जोरदार वापसी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को पूल बी के मैच में 3-2 से हरा दिया है। यह भारत का अंतिम पूल मैच था। यह जीत ऐतिहासिक है, क्योंकि भारतीय हॉकी टीम ने 52 साल बाद ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया को हराया है। भारत के लिए इस मैच में हरमनप्रीत सिंह ने दो और अभिषेक ने एक गोल किया। भारतीय हॉकी टीम ने इससे पहले ओलंपिक में 1972 में ऑस्ट्रेलिया को हराया था। पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए यह ग्रुप काफी कठिन था, क्योंकि बेल्जियम और ऑस्ट्रेलिया जैसी दो मजबूत टीमों के साथ मुकाबला था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच को भारत के लिए बड़ी बाधा माना जा रहा था। इस जीत से अब निश्चित तौर पर भारतीय हॉकी टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है। इस करीबी मैच में भारत ने पहले हाफ में अपना दबदबा बनाए रखा, जहां उन्होंने पहले ही क्वार्टर में दो गोल किए थे। मैच में भारत की शानदार शुरुआत हुई। पहले क्वार्टर में ही टीम ने दो गोल दाग दिए। अभिषेक ने 12वें मिनट में पहला गोल किया और इसके ठीक एक मिनट बाद हरमनप्रीत सिंह ने बढ़त दोगुनी कर दी। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के थॉमस क्रेग ने दूसरे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर स्कोर को 2-1 कर दिया। तीसरे क्वार्टर में हरमनप्रीत ने 32वें मिनट में एक और गोल कर भारत की स्थिति मजबूत की। मैच के अंत में ऑस्ट्रेलिया के ब्लेक गोवर्स ने पेनल्टी पर गोल किया जिससे मैच रोमांचक हो गया लेकिन भारत ने अंत तक बढ़त बरकरार रखी। भारत ने इस मैच में अधिक बॉल पोजीशन हासिल की, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई टीम ज्यादा आक्रामक थी।

इस जीत के साथ भारत पूल बी में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। ऑस्ट्रेलिया तीसरे नंबर पर खिसक गया है। बेल्जियम इस पूल में शीर्ष पर है और अर्जेंटीना चौथे स्थान पर है। पेरिस ओलंपिक के पुरुष हॉकी क्वार्टर फाइनल 4 अगस्त से शुरू होंगे। भारत ने इससे पहले पूल बी में अपने अभियान की शुरुआत न्यूजीलैंड को 3-2 से हराकर की थी। इसके बाद अर्जेंटीना के खिलाफ 1-1 से मैच ड्रा किया था। इसके बाद आयरलैंड को 2-0 से मात दी थी।

## रिकर्व मिश्रित स्पर्धा के क्वा फाइनल में अंकिता-धीरज

**पेरिस।** भारतीय तीरंदाज अंकिता भक्त और धीरज बोम्मदेवरा शुक्रवार को चल रहे पेरिस ओलंपिक में इंडोनेशिया के डायनंदा चोइरुनिसा और आरिफ पंगेस्टु को हराकर तीरंदाजी रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। लेस इनवैलिड्स में राउंड ऑफ 16 मैच में अंकिता-धीरज ने इंडोनेशियाई जोड़ी को 5-1 से हराया। भारतीय तीरंदाजों ने क्रमशः 37-36 और 38-37 के स्कोर के साथ पहला और तीसरा सेट जीता। इस बीच, दूसरा सेट 38-38 से बराबर रहा। अंकिता-धीरज शुक्रवार शाम तीरंदाजी रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में स्पेन की टीम का सामना करेंगे, जिसने पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना को शिकस्त दी।



### क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पर आत्मविश्वास महसूस कर रहा हूं: धीरज बोम्मादेवरा

**पेरिस।** चल रहे पेरिस ओलंपिक में तीरंदाजी रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में क्वालीफाई करने के बाद, भारत के निशानेबाज धीरज बोम्मादेवरा ने कहा कि वह और अंकिता भक्त 'आत्मविश्वास' महसूस कर रहे हैं। क्वालीफिकेशन राउंड के बाद बोम्मादेवरा ने कहा कि उन्होंने क्वार्टरफाइनल राउंड के लिए अपनी मानसिकता तय कर ली है। बोम्मादेवरा ने ओलंपिक डॉट कॉम के हवाले से कहा, हम काफी आश्वस्त महसूस कर रहे हैं। आज हमारी एक ही मानसिकता है कि हमें अपनी शूटिंग के लिए पछतावा नहीं होगा। पहले दिन जब मैंने टीम मैच खेले, तो मैंने सोचा कि दबाव विश्व कप चरणों की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक होगा। लेकिन जब मैं यहां आया, तो यह 90 प्रतिशत अधिक था।

## जेएसडब्ल्यू प्रत्येक पदक विजेता को देगा एमजी कार

**नई दिल्ली।** 2024 पेरिस ओलंपिक में प्रत्येक भारतीय पदक विजेता को एमजी विंडसर कार उपहार में दी जाएगी। जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर उक्त घोषणा की। उन्होंने कहा कि एथलीट अपने समर्पण और सफलता के लिए सर्वश्रेष्ठ के हकदार हैं। उनकी यह घोषणा मॉरिस गैरेज इंडिया द्वारा जेएसडब्ल्यू ग्रुप के सहयोग से अपने नए सीयूवी एमजी विंडसर कार के आगमन की घोषणा के बाद आई। सज्जन जिंदल ने अपने एक्स पोस्ट पर लिखा, यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि टीम इंडिया के हर ओलंपिक पदक विजेता को जेएसडब्ल्यू एमजी इंडिया की ओर से एक बेहतरीन कार एमजी विंडसर उपहार में दी जाएगी ! क्योंकि

## जोकोविच सेमीफाइनल में स्वर्ण की उम्मीदें बरकरार



**पेरिस ।** सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने पेरिस ओलंपिक में स्टेफानोस सितसिपास के खिलाफ यादगार वापसी करते हुए पुरुष एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में सितसिपास पर 6-3, 7-6 से जीत हासिल करने के बाद जोकोविच ने अपने पहले ओलंपिक स्वर्ण की उम्मीदों को जीवित रखा है। दूसरे सेट में, जोकोविच स्पष्ट रूप से असहज थे और उन्होंने अपने दाहिने घुटने के लिए दो बार फिजियो को बुलाया। अनुभवी टेनिस स्टार ने पहले सेट में आरामदायक जीत हासिल की। सितसिपास ने अपने मजबूत बैकहैंड खेल पर भरोसा किया, लेकिन जोकोविच के सटीक फोरहैंड शॉट्स ने उन्हें ग्रीस के टेनिस खिलाड़ी पर हावी होने दिया।

## मुझे ऐसा कोई वाक्या याद नहीं आता जब गंभीर ने किसी खिलाड़ी पर दबाव डाला हो : श्रेयस

एजेंसी



**कोलंबो।** आईपीएल टीम केकेआर में एक साथ खेल चुके गौतम गंभीर और श्रेयस अय्यर अकसर एक दूसरे को सपोर्ट करते हुए नजर आए हैं। गंभीर ने आईपीएल के समय से श्रेयस का समर्थन करते हुए उन्हें एक दिग्गज बल्लेबाज बताया है। गौतम गंभीर अब टीम इंडिया के नए मुख्य कोच बने हैं और श्रेयस अय्यर को अब उनकी कोचिंग में खेलना है। श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मुकाबले से पहले श्रेयस अय्यर ने गौतम गंभीर की जमकर तारीफ की। भारत के अनुभवी बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने कहा कि उन्हें ऐसा कोई वाक्या याद नहीं आता जब नए मुख्य कोच गौतम गंभीर ने किसी खिलाड़ी पर दबाव डाला हो। उनके साथ रहना अच्छा है क्योंकि इससे बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

इस महीने की शुरुआत में गंभीर ने राहुल द्रविड़ की जगह भारत के नए मुख्य कोच का पद संभाला था, जिसमें श्रीलंका का व्हाइट-बॉल दौरा उनका पहला असाइनमेंट है। गंभीर ने आईपीएल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटॉर के रूप में काम किया, जहां उन्होंने कप्तान के रूप में अय्यर के साथ खिताब जीता। गंभीर आईपीएल 2022 और 2023 सीज़न के दौरान लखनऊ सुपर जायंट्स में टीम मेंटॉर भी रहे थे। श्रेयस अय्यर ने कहा, "मैंने उनके साथ दिल्ली डेयरडेविल्स में काम किया था जब वे कप्तान थे (2018 में) और फिर केकेआर में भी मैंने उनके साथ काफी समय बिताया है। वे आपको बहुत आत्मविश्वास देते हैं। मुझे ऐसा कोई वाक्या याद नहीं है जब उन्होंने आपको दबाव में डाला हो।" अय्यर ने श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे से पहले ब्रॉडकास्टर्स से कहा, "उनके साथ रहना अच्छा है, आपको बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

## टी20 की तरह खेलेंगे टेस्ट क्रिकेट, तो आएंगे दर्शक: सहवाग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के प्रमुख रोहन जेटली और भारत के पूर्व ओपनर वीरेंद्र सहवाग ने अगस्त के दूसरे हाफ में शुरू होने वाली दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के पहले सीजन के बारे में बात की। रोहन जेटली इस लीग के अध्यक्ष भी हैं। इस टी20 लीग में पुरुष और महिला दोनों वर्गों के मैच होंगे और टूर्नामेंट का आयोजन अरुण जेटली स्टेडियम में होगा। लीग के लिए फ्रेंचाइजी की नीलामी पिछले रविवार को हुई थी, जिसमें छह पुरुष टीमों की कुल 49.65 करोड़ रुपए में बिक्री हुई थी। रोहन जेटली ने बताया कि इस लीग में खेलने के लिए उन्होंने भारत के विकेटकीपर ऋषभ पंत से भी बात की है। उन्होंने लीग में भाग लेने का वादा किया है, लेकिन यह उनकी उपलब्धता और राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं पर निर्भर करता है। इसके अलावा, नवदीप सिंह और हर्षित राणा भी लीग में खेलेंगे। लीग



*सहवाग ने यह भी कहा कि अगर वह 2024 में 18 साल के होते, तो उनका असली फोकस क्रिकेट खेलने पर होता, चाहे वह कोई भी फॉर्मेट हो।*

के ब्रांड एंबेसडर पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने लीग को लेकर अपना उत्साह व्यक्त किया और कहा कि यह युवा क्रिकेटरों के लिए एक सुनहरा मौका है। इस अवसर पर वीरेंद्र सहवाग से टेस्ट क्रिकेट की तुलना में टी20 की बढ़ती लोकप्रियता के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, "क्रिकेट में इस समय तीन फॉर्मेट हैं। तीनों जरूरी हैं। आज हर बच्चा इंडिया के साथ आईपीएल में भी खेलना चाहता है, क्योंकि यह छोटा फॉर्मेट है, मैच जल्दी खत्म हो जाता है, और शायद यह बच्चों को आसान लगता है। सहवाग ने कहा कि अगर उनके बेटे को दिल्ली प्रीमियर लीग में खेलने के लिए चुना गया तो वह भी इसमें हिस्सा लेंगे। सहवाग ने यह भी कहा कि अगर वह 2024 में 18 साल के होते, तो उनका असली फोकस क्रिकेट खेलने पर होता, चाहे वह कोई भी फॉर्मेट हो। क्योंकि दिन के अंत में आपको खेल का आनंद लेना होता है। बिना अपने खेल का लुत्फ उठाए, आप आगे नहीं बढ़ सकते हैं। सहवाग ने टेस्ट मैचों में टी20 क्रिकेट के बढ़ते प्रभाव पर कहा कि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के पिछले दो सीजन में भारत फाइनल में पहुंचा है।

टेस्ट क्रिकेट को अगर टी20 की तरह खेलेंगे, तो दर्शक स्टेडियम में मैच देखने के लिए आएंगे। पहले ऑस्ट्रेलिया की टीम ऐसा करती थी, इसके बाद भारत ने ऐसा करना शुरू किया और अब इंग्लैंड क्रिकेट टीम ऐसा कर रही है। इसी बीच, रोहन जेटली ने बताया कि जल्द ही दिल्ली प्रीमियर लीग में प्लेइंग कंडीशन, नियम आदि से जुड़ा डाटा शेयर किया जाएगा। जैसे-जैसे लीग ग्रो करेगी, वैसे-वैसे टीमों की संख्या भी बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि, हम इस लीग को जितना संभव हो सके, आईपीएल की तरह बनाने की कोशिश कर रहे हैं। आपको स्टेडियम के वातावरण से ही इसका अंदाजा लग जाएगा।

आईपीएल फ्रेंचाइजियों की मांग

## खरीदे जाने के बाद अनुपलब्ध रहने वाले विदेशी खिलाड़ियों पर लगे 2 साल का प्रतिबंध

एजेंसी

**मुंबई।** आईपीएल फ्रेंचाइजियों ने ऐसे विदेशी खिलाड़ियों पर दो साल का प्रतिबंध लगाने की मांग की है जो नीलामी में ख़रीदे जाने के बाद बिना किसी ठोस वजह के सीज़न के लिए ख़ुद को अनुपलब्ध घोषित कर देते हैं। उन्होंने आईपीएल के सामने विदेशी खिलाड़ियों को बड़ी नीलामी के लिए पंजीकरण कराने को अनिवार्य करने की मांग की है, ताकि यह खिलाड़ी अपनी सुविधा के हिसाब से बड़ी रकम की उम्मीद में छोटी नीलामी में हिस्सा नहीं ले पाएं। ईएसपीएनक्रिकइंफो को पता चला है कि बुधवार को हुई बैठक में सभी 10 फ्रैंचाइज़ियों ने दोनों बिंदुओं पर अपनी सहमति प्रदान की है। सीज़न शुरू होने से ठीक पहले विदेशी खिलाड़ियों का निजी कारणों का हवाला देते हुए ख़ुद को अनुपलब्ध करने से आईपीएल फ्रेंचाइजी खुश नहीं हैं। फ्रेंचाइजियों ने कहा कि इसका असर उनके प्रदर्शन पर भी पड़ता है क्योंकि टीम की रणनीति उन विदेशी खिलाड़ियों को ध्यान में रखकर बनाई जाती है।

### पंत को वनडे से बाहर करने की वजह क्या है?

**कोलंबो।** भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का आगाज हो चुका है। टॉस के बाद जब भारत ने अपनी प्लेइंग-11 का ऐलान किया, तो उसमें ऋषभ पंत का नाम नहीं था। टीम मैनेजमेंट के इस फैसले से हर कोई हैरान था। केएल राहुल वनडे फॉर्मेट में बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज टीम की पहली पसंद हैं लेकिन माना जा रहा था कि पंत की वनडे टीम में वापसी होगी क्योंकि वो बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं।


## लॉस एंजेलिस में देश के लिए गोल्ड जीतना मेरा अगला लक्ष्य : सरबजोत

एजेंसी

**अंबाला।** सरबजोत सिंह ने पेरसि ओलंपकि 2024 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्सड टीम के ब्रॉन्ज मेडल मैच में अपनी पार्टनर मनु भाकर के साथ बाजी मारी और देश के लिए ओलम्पिक में तीसरा मेडल जीता। सरबजोत का यह पहला ओलंपकि मेडल रहा। अब उनका अगला लक्ष्य लास एंजेलिस 2028 में देश के लिए गोल्ड जीतना है। मेडल जीतने के बाद सरबजोत सिंह अपने गांव पहुंचे, जहा गांव वालों ने फूल-मालाओं के साथ उनका शानदार स्वागत किया।



# यह अनवरत चलने वाला सत्र होगा हमलोग फिर सत्ता में आ रहे हैं : हेमंत



**इन्हें सिर्फ हिंदू, मुस्लिम और आदिवासी, गैर आदिवासी का ही मुद्दा दिखता है**

**ये लोग व्यापारी हैं, पूरा देश बेच दिया, यह नालायक लोग हैं : मुख्यमंत्री**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड विधानसभा में कहा कि यह अंतिम सत्र नहीं है यह अनवरत चलने वाला सत्र साबित होगा। हम लोग फिर सत्ता में आएंगे। हेमंत सोरेन कहा कि आदिवासी हित की बात करते हैं लेकिन सरना धर्म कोड को लेकर दिल्ली में यह लोग बातें नहीं रखते हैं। इन्हें सिर्फ हिंदू, मुस्लिम और आदिवासी गैर आदिवासी का ही मुद्दा दिखता है। यह लोग व्यापारी हैं। पूरा देश बेच दिया। यह नालायक लोग हैं। हमारे पूर्वजों की सारी संपत्ति बेचकर यह लोग खा गए। आपके सारे सवालों (विपक्ष) का जवाब और काले करतूत का चिट्ठा मेरे पास है। नेता प्रतिपक्ष भी खड़ा हुए और मुख्यमंत्री के भाषण का विरोध करने लगे। फिर हेमंत सोरेन ने कहा कि अगली बार हम फिर सत्ता में आएंगे और हर महिला के घर एक लाख रुपये पहुंचाने का काम करेंगे। यह हिंदू, मुस्लिम के नाम पर वोट मांगते हैं लेकिन अयोध्या हार जाते हैं।

## रांची, धनबाद, बोकारो और जमशेदपुर में आबादी क्यों बढ़ाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह लोग डेमोग्राफी की बात करते हैं। इन लोगों से पूछें कि रांची, धनबाद, बोकारो और जमशेदपुर में आबादी क्यों बढ़ाई। किसके कारण आदिवासियों की संख्या घटी। यह लोग हमारे देश की स्थिति पाकिस्तान से भी खराब कर देंगे। महंगाई का स्तर देख लें। केंद्र में पहले मोदी और भाजपा की सरकार थी। अब केंद्र में बैसाखी की सरकार है। सहायक पुलिसकर्मी को इन्होंने नाजायज तरीके से नियुक्त किया। हम लगातार इन्हें एक्सटेंशन दे रहे हैं और घोषणा किया है कि पुलिस नियुक्ति में 10 प्रतिशत आरक्षण देंगे। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में बड़ी घोषणा करते हुए कहा, अग्निवीरों को अनुग्रह राशि देंगे और मूर्त होने पर अनुकंपा पर सरकारी नौकरी देंगे।

## नेता प्रतिपक्ष ने हेमंत सरकार पर साधा निशाना



रांची। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि युवाओं के संबंध में सवाल किए जाने पर हमारे 18 विधायकों को असंवैधानिक तरीके से निलंबित कर दिया गया, जो उचित नहीं है। अमर कुमार बाउरी ने कहा, युवाओं के सवाल को लेकर जब हमारे विधायकों ने मुख्यमंत्री से जवाब मांगा, तो विधायकों निलंबित कर दिया गया। लेकिन भारतीय जनता पार्टी रुकने वाली नहीं है। हमारी पार्टी किसी से भी डरने वाली नहीं है। हम सरकार के तानाशाही रवैये से लड़ते रहेंगे। अगर किसी को लगता है कि वे हमारे मनोबल को तोड़ देंगे, तो उन्हें अपनी गलतफहमी को दूर कर लेना चाहिए। उन्होंने कहा, हमारे 18 विधायक मुख्यमंत्री को उनके झूठे वादों को याद दिला कर जवाब मांग रहे हैं, उनसे कह रहे हैं कि आपने पिछले पांच सालों तक प्रदेश में झूठ के दम पर सरकार चलाई है। आपने लोगों के साथ छलावा किया है। अब इस ठगबंधन सरकार को जवाब देना होगा। संघर्ष जारी है, और इस विधानसभा के कुछ घंटे बचे हैं, हम इस सरकार को माफी मंगवाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देंगे।

## झारखंड में भी मिनी पाकिस्तान बन रहा है क्या



रांची। झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को सदन के बाहर पत्रकारों से बातचीत में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पूछा कि क्या झारखंड में भी एक मिनी पाकिस्तान बन रहा है। यहां की सरकार काम नहीं कर रही। सवाल पूछने पर पीट रही है। उन्होंने कहा कि सरकार सदन में किसी भी मुद्दे पर जवाब देने से भाग रही है। सभी विधायक सरकार से उनके चुनावी वादे को याद करा रहे हैं। पूछ रहे हैं कि आखिर वादे कितने पूरे हुए हैं। साथ ही सभी विधायक मांग कर रहे हैं कि सीएम हेमंत इसका जवाब दे लेकिन उल्टा सरकार के द्वारा विपक्ष के विधायकों पर कार्रवाई की जा रही है। जब सवाल का जवाब खोज रहे तो सदन से बहार का रास्ता दिखाया जा रहा है। इस सरकार में सवाल पूछने पर लाठी और गोली मिलती है। इनकी गलत नीति का खामियाजा युवा भुगत रहे है। उन्होंने कहा कि झारखंड का हिस्सा है पाकुड़ लेकिन वहां जाने से असम के मुख्यमंत्री को रोका जा रहा है। आखिर क्या पाकुड़ का गोपीनाथपुर पाकिस्तान का हिस्सा है। क्या पाकुड़ को मिनी पकिस्तान बनाया जा रहा है।

## 442 बालू घाट में से सिर्फ 22 की हुई नीलामी



विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि देश के इतिहास में यह पहली घटना होगी, जब सदन में 18 विधायकों को निलंबित कर दिया गया हो। अध्यक्ष हमारे आवाज को नहीं दबा सकते हैं। बिरंची ने बालू के विषय में कहा कि पांच सालों में राज्य की 442 बालू घाटों में सिर्फ 22 घाटों की नीलामी हुई है। सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि बाकी बचे 420 घाटों पर झामुमो, कांग्रेस और आरजेडी के नेता, कार्यकताओं और बिचौलियों ने सरकार के संरक्षण में संगठित अपराध किया। डकैती कराया गया। उन्होंने कहा कि आज झारखंड की जनता बालू के लिए तरस रही है। सरकार अबुआ आवास बनवा रही है। लोग 5000 ट्रैक्टर बालू लेकर अबुवा आवास बना रहे हैं। उन्होंने सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार बताये कि बालू का स्टॉक कहां है। एनजीटी ने 15 अक्टूबर तक नदी से बालू का उठाव करने पर रोक लगाया है, तो सरकार गरीबों को बालू कैसे मुहैया करायेगी। बिरंची ने कहा कि यह बात साफ है जैसे सरकार ने लोगों को नौकरी के लिए ठगा, उसी तरह बालू में भी ठगेगी।

## दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए बिरसा कॉलेज खूंटी के छात्र का चयन

**रांची।** बिरसा कॉलेज, खूंटी के एनएसएस का स्वयंसेवक नवीन किशोर का चयन वर्ष 2024 के स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह, नई दिल्ली के लिए हुआ है। इस संबंध में भारत सरकार से बिरसा कॉलेज को पत्र प्राप्त हुआ है, जिसमे इस महाविद्यालय के विद्यार्थी के चयन की सूचना दी गई है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ जी किड़ो नवीन किशोर के चयन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि नई दिल्ली के स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में शामिल होना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक लालकिला के मुख्य समारोह में तिरंगे की सलामी देना बहुत बड़ी बात है। एनएसएस की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ पुष्पा सुरीन ने बताया कि एनएसएस का स्वयंसेवक नवीन किशोर का चयन स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में शामिल होने की जानकारी मिलने से पूरा महाविद्यालय परिवार खुश है।

## पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के मामले में मेंटीबिलिटी पर मांगा जवाब

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में एक निजी चैनल के मालिक अरूप चटर्जी ने तत्कालीन एसएसपी, डीएसपी समेत कुछ अवैध कोयला के कारोबारियों के खिलाफ केस दर्ज करने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने राज्य सरकार के अलावा ईडी और सीबीआई से भी जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले में महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। इसमें बेबुनियाद बातें कही गई है। इस मामले पर याचिकाकर्ता का कहना है कि उन्होंने अपने चैनल पर धनबाद से जुड़े कुछ अवैध कोयला कारोबारियों से जुड़ी स्टोरी चलाई थी, जिसके बाद धनबाद पुलिस ने उन पर कार्रवाई की। धनबाद में अरूप चटर्जी के खिलाफ कुछ एफआईआर दर्ज किए गए थे। दर्ज एफआईआर के आरोपों की वजह से अरूप चटर्जी को जेल भी जाना पड़ा था।

## कैश कांड में अधिवक्ता राजीव कुमार को मिली अग्रिम जमानत

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में कोलकाता कैश कांड में आरोपित हाई कोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार की दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने राजीव कुमार को राहत देते हुए अग्रिम जमानत प्रदान कर दी। पूर्व में सीबीआई की विशेष अदालत ने राजीव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कोलकाता कैश कांड में राजीव कुमार एवं अमित कुमार अग्रवाल के खिलाफ सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। कैश कांड में सीबीआई की दिल्ली शाखा ने तीन फरवरी को कोलकाता कारोबारी अमित अग्रवाल और राजीव कुमार के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी, जिस पर अदालत ने संज्ञान लेते हुए आरोपित को समन जारी किया था।


**ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**

**ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस अल्पकालीन**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–**10/2024-25/EE/BCD/LATEHAR** दिनांक– 02.08.2024

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Hockey Stadium at Village Bhusur (Sikani), Panchayat-Bhusur, Block-Latehar, Disrtrict-Latehar. | 4,99,95,200.00 | 11 (Eleven) Months |
| 2 | Construction of Hockey Stadium at Village Lakhepur, Panchayat-Aksi, Block-Mahuadand, Disrtrict-Latehar. | 4,95,89,400.00 | 11 (Eleven) Months |

1. कार्य पूर्ण की अवधि :– 11 (Eleven) Months
2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 09/08/2024 को 11:00 बजे
3. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 22/08/2024 को 11:00 बजे
4. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
5. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 23.08.2024 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, राँची।
6. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
7. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**Note :-** UCAN Registration in mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 331633 (Building)24-25*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज**

अल्पकालीन पुर्न ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01RII/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ

दिनांक–02.08.2024

1. कार्य का नाम :

| क्र0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखंड | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/DALTONGANJ / STPKG/ 16/24-25 | तरहसी | 1 | सिलदिलिया बाजार से कोसियारा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.20कि0मी0 | 1372.872 | तेरह करोड़ बहत्तर लाख सत्तासी हजार दो सौ रू0 मात्र | 15 माह | तृतीय |
| | | तरहसी | 2 | पी0डब्लू0डी0 पथ से रहेया भाया नावाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 3.80 कि0मी0 | | | | |
| | | तरहसी | 3 | पाठक पगार मोहन बैठा के घर से नहर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 1.00 कि0मी0 | | | | |
| | | तरहसी | 4 | कसमार से परपेन तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 1.70कि0मी0 | | | | |
| | | तरहसी | 5 | भालोगाड़ी से टरिया भाया छेछानी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 7.20कि0मी0 | | | | |
| | | तरहसी | 6 | बी0टी0 रोड से सिकनी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 3.20कि0मी0 | | | | |
| | | मनातु | 7 | पी0डब्लू0डी0 पथ जगराहा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 6.40कि0मी0 | | | | |
| | | मनातु | 8 | बी0टी0 पथ से सुरगुजा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 6.50कि0मी0 | | | | |
| 2 | RWD/DALTONGANJ / STPKG/ 19/24-25 | सतबरवा | 1 | प्रभु यादव के घर से हलुमाड़ सिवान तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.75कि0मी0 | 1248.732 | बारह करोड़ अड़तालीस लाख तिहतर हजार दौ सौ रू0 मात्र | 15 माह | तृतीय |
| | | डालटनगंज सदर | 2 | एन0एच0–75 से गणके तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 3.10कि0मी0 | | | | |
| | | सतबरवा | 3 | एन0एच0 से मुक्ता तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.42कि0मी0 | | | | |
| | | सतबरवा | 4 | सतबरवा मेन रोड से मुक्ता तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 1.90कि0मी0 | | | | |
| | | डालटनगंज सदर | 5 | सुआ नगीनीया पत्थर से वीर कुवंर देव स्थान बैजनाथ सिंह घर होते हुए मोहराम तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2. 67कि0मी0 | | | | |
| | | सतबरवा | 6 | बारी से दुबा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.40 | | | | |
| | | डालटनगंज सदर | 7 | कौड़िया तिनकोनिया चौक (रूपन उरांव के घर) से तेलियाबांध तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 3.10कि0मी0 | | | | |
| | | डालटनगंज सदर | 8 | कसियाडीह सुरेष प्रसाद के घर से जगधन साव के घर होते हुए कमारू प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 1.70कि0मी0 | | | | |
| | | डालटनगंज सदर | 9 | ग्राम पंचायत सुआ से सुदर्षन ठाकुर के घर से बर गाछ होते हुए योगेन्द्र ठाकुर के घर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2. 30कि0मी0 | | | | |
| 3 | RWD/DALTONGANJ / STPKG/ 21/24-25 | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 1 | पी0डब्लू0डी0 पथ राजगड़ी से बांसदोहर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 4.56कि0मी0 | 1520.577 | पन्द्रह करोड़ बीस लाख संतावन हजार सात सौ रू0 मात्र | 15 माह | तृतीय |
| | | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 2 | पी0डब्लू0डी0 पथ परसिया मोड़ से बाउराखांड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 3.32कि0मी0 | | | | |
| | | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 3 | दारूडीह मेन रोड लोहरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.10कि0मी0 | | | | |
| | | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 4 | अम्बेदकर चौक से जुरू तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 1.20कि0मी0 | | | | |
| | | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 5 | पी0डब्लू0डी0 रोड से सोनेसराय तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 3.25कि0मी0 | | | | |
| | | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 6 | साहद से ओरियाकला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 1.50कि0मी0 | | | | |
| | | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 7 | राजोगाड़ी रोड से खैरात तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 4.20कि0मी0 | | | | |
| | | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 8 | पी0डब्लू0डी0 पथ मुरूमुसी से बनुआ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 6.50कि0मी0 | | | | |
| | | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 9 | पी0डब्लू0डी0 रोड रामसागर से फुलांग तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 3.00कि0मी0 | | | | |
| | | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 10 | दिदरी सांगबार से गोराडीह मोड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 3.00कि0मी0 | | | | |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 06.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 19.08.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 21.08.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 331630 Rural Development (24-25)_D



**आवश्यकता**

**झारखण्ड स्टेट AIDS Control Society, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग झारखण्ड सरकार** द्वारा **हेल्पिंग हैण्ड फाउण्डेशन** को गुमला जिले में कार्य करने के प्राप्त आदेश के आलोक में संस्था निम्नांकित पदों के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करती है।

1. **प्रोजेक्ट मैनेजर** – 01 पद- योग्यता- एम0ए0/बी0ए0 पास सोशल साइन्स माध्यम से अनुभव- एम0ए0 के लिए 1 वर्ष एवं स्नातक के लिए जिला स्तर पर स्वस्थ आजीविका, ग्रामीण विकास या HIV AIDS पर 3 वर्ष को कार्यानुभव/ मानदेय- 21000/-, यात्रा भत्ता- 1400.
2. **अकाउन्टेन्ट-01** पद- योग्यता- गणित, अर्थशास्त्र कामर्स या सांख्यकी में स्नातक की डीग्री अनुभव- डाटा मेनेजमेंट Monitoring & Evaluation में 2 वर्ष का कार्यानुभव होना चाहिए। Basic Computer का प्रशिक्षण प्राप्त। मानदेय- 16000/-, यात्रा भत्ता- 600.
3. **Counsellor – पद (01)**- योग्यता- मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, मानव विकास में स्नातक या 3 वर्ष के कार्यानुभव के साथ ANM की डीग्री। स्नातक के लिए 2 वर्ष का कार्यानुभव जरूरी है। मानदेय- 16000/-, यात्रा भत्ता- 1200.
4. **Outreach Worker (ORW)**- 02 पद योग्यता- आठवीं पास के साथ स्थानीय भाषा का जानकार होना चाहिए। मानदेय- 10,500/-, यात्रा भत्ता- 1500.

**आवेदन की अंतिम तिथि- 10/08/2024**

आवेदन के लिए सभी शैक्षणिक एवं अनुभव प्रमाण पत्र स्वअभिप्रामणित प्रति एवं बायोडाटा Email के माध्यम से hhfjharkhand@gmail.com पर भेजें।

कार्यालय का पता- हेल्पिंग हैण्ड फाउण्डेशन
TVS शोरूम के बगल में, पुगु बेहरा टोली, पालकोट रोड, गुमला- 835207

**Contact: 9334186379**



**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**
**District Planning Office, Latehar, 829206**
**Website:** www.latehar.nic.in

**Request for Proposal (RFP)**

| S.no | Particular | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | "Request for Proposal (RFP) for Supply, Installation of All-in-One Desktop computers & Computer peripherals" |
| 2 | Date of Issue of RFP | 02-08-2024 |
| 3 | Last Date for submission of Proposal | 10-08-2024 |
| 4 | Date of opening of Technical Proposal | 12-08-2024 (Sample demonstration will be done physically on same day) |
| 5 | Date of opening of Financial Proposal | 12-08-2024 |
| 6 | Time allowed for Completion | 06 Months |
| 7 | Earnest money deposit EMD) (Refundable) & Bid Processing Fee (Non-refundable) | EMD – Rs.50,000 (Fifty thousand Rupees Only/-) Refundable & Tender Fees Rs 10,000 (Ten Thousand Rupees Only/-) (Non-Refundable) Both DD will be in favour of District Planning Officer, Latehar Payable at Latehar. **EMD and tender Fee submission is exempted for MSME of Jharkhand.MSME registration certificate with DIC approval certificate in same manufacturing trade is must require for bidder. If bidder is not a MSME in same trade will not get the Exemption benefit.** |
| 8 | Address at which the tenders (Hard Copies) are to be submitted: | District Planning Office, Latehar, Jharkhand |
| 9 | Place of opening tenders: | District Planning Office, Latehar, Jharkhand |
| 10 | Mode of submission | Speed post/ Registered Post/ By Hand only to the address as specified above during office hours only. Submission of the bid through any other mode or late submission of bids will be rejected. |
| 11 | Method of Selection | Quality and Cost-Based Selection (QCBS) Method; Stage 1: The eligibility criteria documents, Bid Fee EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first stage. The bidders meeting the technical evaluation criteria only will be shortlisted for further financial bid valuation. Stage2: Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the **lowest financial bid** will be awarded the project. **The rates quoted by the agencies should be valid for 2year from the issue of the RFP.** |
| | Date of opening of Technical Bid (Envelope-1) | The technical bid for the tender shall be opened on 12th August 2024 at 11:00 AM at the address as under: The District Planning Office, District Collectrate Office Distt: Latehar, Jharkhand-829206 |
| | Date of opening of Commercial Bid (Envelope-2) | The date for opening second envelope containing Commercial Bid will be intimated to the qualified bidders separately. |

Complete Bid Document, terms & conditions are available on official website of the district : - https://latehar.nic.in/

**District Planning Officer, Latehar**

PR 331641 (Planning and Development)24-25*D



**जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू।**

**वेद व्यास अवास हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश सं0 22रा0(वि0)/दिनांक 26/07/2024 के आलोक में एतद् द्वारा पलामू जिले के मत्स्य पालन से जुड़े मत्स्य कृषक जिनके पास पक्का आवास नहीं है को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में भी वेद व्यास आवास योजना प्रस्तावित है।

| क्र0 | लघु शीर्ष | प्राप्त लक्ष्य | अनुदानित राशि प्रति इकाई (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 01 | 101 | 20 | 1.912 |
| 02 | 789 | 03 | 1.912 |

उक्त आवास योजना के अन्तर्गत विभागीय आर्थिक सहायता की अधिकत्तम राशि 1.912 लाख (एक लाख एक्यानवे हजार दो सौ रूपये) प्रति आवास निर्धारित है।

**शर्तें निम्नांकित है। :–**

1. आवास का निर्माण कम से कम दस के कलस्टर में किया जाएगा।
2. सक्रिय अथवा परम्परागत मत्स्य पालक/मछुआ जो मत्स्य उत्पादन/मत्स्य बीज उत्पादन/प्राकृतिक जल संसाधनों में मछली पकड़ने/मत्स्य बिक्री में सक्रिय हो।
3. प्राथमिकता गरीबी रेखा के नीचे कच्चे मिट्टी से बने अथवा फूस के मकान में रहने वाले मछुआ/मत्स्य पालक को दी जाएगी। (बी0पी0एल0 कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा)
4. आवास निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध रहने तथा कच्चा घर वाले मछुआरों को भी कंडिका 02 एवं 03 के अतिरिक्त लाभान्वित किया जा सकता है। एक परिवार में एक आवास देय है। आवश्यकतानुसार पति–पत्नी के संयुक्त नाम से स्वीकृति दी जायेगी। (अंचलाधिकारी के स्तर से निर्गत भूमि–स्वामित्व प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।)
5. प्रक्रियानुसार आवेदक दिव्यांगों हेतु स्वीकृत राशि का न्यूनतम 03प्रतिशत (दिव्यांगता पमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा) तथा महिलाओं के लिए 10 प्रतिशत राशि का प्रावधान किया जाएगा।
6. ऐसे लाभुकों को आवास का दोबारा लाभ नहीं दिया जायेगा जो पूर्व संचालित विभागीय मछुआ आवास योजना अथवा इन्दिरा आवास योजना या समतुल्य आवास/अबुआ आवास/राज्य सरकार की आवास योजना से लाभान्वित हो चुके है।
7. प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के मानक प्राक्कलन के आधार पर आवास निर्माण का कार्य लाभुकों के द्वारा स्वंय कराया जाएगा। लाभुक आवश्यकतानुसार छत्त ढलवा/समतल रख सकते है।

उपरोक्त शर्तों के अधीन पलामू जिला के इच्छुक एवं सुयोग्य मछुआरों से दिनांक 31/08/2024 तक विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन का प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू में निःशुल्क उपलब्ध है।

**नोटः–त्रुटिपूर्ण अथवा अधूरा आवेदन को रद्/अस्वीकृत करने हेतु अद्योहस्ताक्षरी स्वतंत्र होगें।**

(मो0 कमरूज्जमाँ)
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू।

PR 331602 (Fish) 24-25 (D)

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# पीजी की एक सीट 8 करोड़ रुपये में बिकती थी : स्वास्थ्य मंत्री

एजेंसी



**13** भारतीय भाषाओं में आज नीट परीक्षा हो रहा है, इंग्लिश का वर्चस्व टूटा

**30** मिनट के लिए लगता था एडमिशन लिस्ट, फिर होता था पैसे का खेल

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को प्राइवेट मेंबर बिल पर चर्चा करते हुए सांसदों ने नीट (नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट) पर अपने विचार रखे। इस दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री व राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा ने कहा कि एक इस प्रकार का वातावरण बनाने की कोशिश हो रही है जैसे हमने नीट के जरिए राज्यों के अधिकार का हनन किया है। उन्होंने पूर्व की सरकारों की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि पहले मेडिकल एजुकेशन की दुर्गति क्या थी। मेडिकल एजुकेशन एक बिजनेस का अड्डा बन गया था। मुझे बड़े दुख के साथ बोलना पड़ता है कि जब मैं स्वास्थ्य मंत्री था और नीट ला रहा था, उस समय चर्चा इस बात की होती थी कि पोस्ट ग्रेजुएशन की एक सीट 8-8 करोड़ रुपए में बिकती थी। उन्होंने कहा कि सदन में कोई मेरी बात को झुठला दे। रेडियोलॉजी जैसे डिपार्टमेंट में जाना हो तो यह सीट 12 से 13 करोड़ में बिकती थी। यह एक ओपन बिजनेस बन गया था। पहले मां-बाप के साथ बच्चे एक एग्जाम देने के लिए भुवनेश्वर जाते थे, एक एग्जाम देने के लिए वे चेन्नई जाते थे, एक एग्जाम देने के लिए त्रिवेंद्रम जाते थे, एक एग्जाम देने के लिए मुंबई जाते थे। कहां-कहां चक्कर नहीं लगाते थे। पैसा खर्च होता था, समय बर्बाद होता था और इसके साथ ही भयंकर भ्रष्टाचार था। एडमिशन लिस्ट आधे घंटे से 45 मिनट तक के लिए लगाई जाती थी और फिर हटा दी जाती थी। इसके बाद कहा जाता था कि उम्मीदवार नहीं आया, जिसके कारण हम अपने विवेकाधिकार पर दाखिला दे रहे हैं। यह धंधा बन गया था, लंबे समय से सुप्रीम कोर्ट में भी लंबित था।

### आज 571 शहरों के 4,750 सेंटर्स में हो रही नीट परीक्षा

आज मुझे बताते हुए खुशी होती है कि पहले 154 शहरों में जो एग्जाम होते थे, आज वे परीक्षाएं 571 शहरों में ली जाती हैं। इसमें 270 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पहले एक ही शहर में सेंटर्स होते थे। 2019 में हमने 2,546 सेंटर्स से यात्रा शुरू की थी। यह आज बढ़कर यह 4,750 सेंटर्स हो गई है। जेपी नड्डा ने कहा कि सोशल कैटेगरी की दृष्टि से यदि हम देखें तो 2019 से 2024 तक में सोशल कैटेगरी में क्वालीफाई करने वालों में 65 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई। आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों की कैटेगरी में 102 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। नीट में एसटी की 93.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। एससी में 78.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। ओबीसी के क्वालीफाइंग में 65 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। नीट में पहली बार हम लोगों ने मलयालम, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ भाषाओं में टेस्ट शुरू किया। होड़ मच गई, सभी राज्यों से डिमांड आई, हमने किसी को मना नहीं किया, आज कुल मिलाकर 13 भारतीय भाषाओं में यह टेस्ट हो रहा है। इसका नतीजा यह हुआ कि आज सरकारी स्कूल में पढ़ा गरीब का बच्चा भी मेडिकल एजुकेशन में आ रहा है।

## ब्रीफ न्यूज

### बाइडेन प्रशासन को यकीन-ईरान इजरायल पर करेगा हमला

**वाशिंगटन।** बाइडेन प्रशासन को पूरा विश्वास है कि ईरान आने वाले दिनों में इजरायल पर हमला करेगा। स्थानीय समाचार वेबसाइट एक्सियोस ने अमेरिकी सूत्रों के हवाले से यह खबर दी है। उसने तीन सूत्रों के हवाले से बताया कि ऐसी परिस्थिति में अमेरिका इजरायल की मदद की तैयारी कर रहा है। तेहरान में इस्माइल हानिया की हत्या के प्रतिशोध में ईरानी हमला 13 अप्रैल को किए गए हमले जैसा ही हो सकता है, लेकिन इसमें लेबनानी हिजबुल्लाह के शामिल होने की काफी संभावना है। एडनक्रोनोस समाचार एजेंसी की रिपोर्ट में कहा गया है, "लेकिन (अमेरिकी) प्रशासन को आशंका है कि चार महीने पहले की तुलना में मौजूदा परिस्थितियों में उसी क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन को संगठित करना अधिक कठिन हो सकता है।

### तुर्की ने इंस्टाग्राम पर लगाया प्रतिबंध

**अंकारा।** तुर्की ने इंस्टाग्राम पर प्रतिबंध लगा दिया है। तुर्की डिजिटल सूचना और संचार नियामक प्राधिकरण (बीटीके) ने शुक्रवार को प्रतिबंध की घोषणा की। इसके पहले बीटीके प्रमुख फहरेटिन अल्तुन ने इंस्टाग्राम पर तुर्की के नागरिकों को हमास नेता इस्माइल हनीयेह के निधन पर शोक संदेश पोस्ट करने से रोकने का आरोप लगाया था। अल्तुन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा,"मैं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम की कड़ी निंदा करता हूं, जो बगैर किसी उचित कारण के लोगों को हमास नेता हनीयेह के निधन पर शोक संदेश पोस्ट करने से रोक रहा है। यह पूरी तरह से सेंसरशिप है।

### फिलीपींस में एक इमारत में आग लगी, 11 की मौत

**मनीला।** फिलीपींस की राजधानी मनीला शहर में शुक्रवार सुबह एक पांच मंजिला कमर्शियल और आवासीय इमारत में आग लग गई। इस घटना में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ग्राम पार्षद नेल्सन टाय ने कहा कि इमारत में आग लगने से उसमें फंसे 11 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय समयानुसार सुबह 7:30 बजे इमारत में आग लगी। आग बुझाने में दमकलकर्मियों को दो घंटे लगे।उन्होंने आगे कहा कि मृतकों में इमारत के मालिक की पत्नी भी शामिल है, जिसका शव तीसरी मंजिल पर मिला।

### यमन : हैती नेता ने इजरायल को 'सैन्य जवाब' देने की शपथ ली

**सना।** यमन के हैती नेता अब्दुल-मलिक अल-हौथी ने चेतावनी दी है कि उनका गुट इजरायल की हालिया 'बढ़ती आक्रामकता' का 'अनिवार्य रूप से' सैन्य जवाब देगा। अल-हौथी ने गुरुवार को टेलीविजन संदेश में कहा, "प्रतिरोध की धुरी का रुख स्पष्ट है, इजरायल के अतिक्रमण का सैन्य जवाब दिया जाना चाहिए।

## पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच

# नौ हजार संदेश झूठी खबर के रूप में उजागर

एजेंसी

**दिल्ली।** सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने वर्ष 2019 से अब तक कुल 9 हजार 922 संदेशों को फर्जी खबर के रूप में उजागर किया गया है। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने राज्यसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तथ्य जांच इकाई की स्थापना दिल्ली में साल 2019 में की गई थी और इसकी क्षेत्रीय इकाइयां स्थापित करने की कोई योजना नहीं है। डॉ. एल मुरुगन ने भ्रमित करने वाले समाचारों को एक सामाजिक बुराई बताते हुए कहा कि ऐसी फर्जी खबरों और भ्रामक सूचनाओं पर नियंत्रण होना आवश्यक है।

# रेलवे ने माताओं की सुविधा के लिए बेबी बर्थ का प्रयोग किया: अश्विनी


एजेंसी



**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा में बताया कि भारतीय रेलवे ने शिशुओं के साथ यात्रा करने वाली माताओं की यात्रा को आसान बनाने के लिए प्रायोगिक आधार पर लखनऊ मेल में दो शिशु बर्थ उपलब्ध कराए हैं। प्रायोगिक आधार पर रेलगाड़ी संख्या 12229/30 लखनऊ मेल के एक सवारी डिब्बे में दो निचली बर्थ के साथ जोड़कर दो शिशु बर्थ उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने कहा कि यात्रियों से प्राप्त शुरूआती फीडबैक में इस प्रयास की सराहना की गई है। बहरहाल, अन्य समस्याओं के साथ-साथ सीट के नीचे सीमित सामान रखने की जगह और यात्रियों के लिए सीटों के बीच घुटनों के लिए कम जगह होने जैसी समस्याएं भी देखी गई हैं। मंत्री ने कहा कि रेल के यात्री डिब्बों में सुधार और उन्नयन करना एक सतत प्रक्रिया है।

# राहुल गांधी का दावा, 'मेरे खिलाफ ईडी रेड की प्लानिंग'

एजेंसी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) उन पर छापे की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा कि ईडी के कुछ अंदरूनी लोगों ने उन्हें छापेमारी की योजना के बारे में बताया है और वह उनका इंतजार कर रहे हैं। शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा, जाहिर है, दो में से एक को मेरा चक्रव्यूह भाषण पसंद नहीं आया। ईडी के 'अंदरूनी लोगों' ने मुझे बताया है कि छापेमारी की योजना बनाई जा रही है। मैं उनका खुले दिल से इंतजार कर रहा हूं। चाय और बिस्कुट पर मिलेंगे। इतना ही नहीं, राहुल गांधी ने अपने इस पोस्ट में प्रवर्तन निदेशालय के आधिकारिक एक्स हैंडल को टैग भी किया। वह केंद्रीय बजट पर चर्चा के दौरान लोकसभा में 29 जुलाई को दिए गए अपने भाषण का जिक्र कर रहे थे। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया था कि एनडीए सरकार ने देश भर में भय के माहौल के बीच बजट 2024 में मध्यम वर्ग को आगे और पीछे से छुरा घोंपा है। अभिमन्यु के साथ जो किया गया, वह भारत के युवाओं, किसानों, महिलाओं, छोटे और मध्यम व्यवसायों के साथ हो रहा है।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, वंचितों के विकास पर रखें फोकस

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को नई दिल्ली में स्थित राष्ट्रपति भवन में राज्यपालों के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि इस सम्मेलन के एजेंडे में सावधानीपूर्वक चुने गए मुद्दे शामिल हैं जो हमारे राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में होने वाले विचार-विमर्श सभी प्रतिभागियों के लिए एक समृद्ध अनुभव होंगे और उन्हें उनके कामकाज में मदद करेंगे। राष्ट्रपति ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, गरीब और वंचित वर्गों के विकास, युवा विकास, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक खेती सहित विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डाला। उद्घाटन सत्र को उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री ने भी संबोधित किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राज्यपालों की शपथ का उल्लेख किया और उनसे पिछले दशक के दौरान हुए सामाजिक कल्याण योजनाओं और अविश्वसनीय विकास के बारे में लोगों को जागरूक करने की अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी का निर्वहन करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यपालों से आग्रह किया कि वे केन्द्र और राज्य के बीच प्रभावी सेतु की भूमिका निभाएं तथा लोगों और सामाजिक संगठनों के साथ इस प्रकार संवाद करें कि वंचित लोगों को भी इसमें शामिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का पद एक महत्वपूर्ण संस्था है जो संविधान के ढांचे के भीतर राज्य के लोगों के कल्याण में, विशेषकर जनजातीय क्षेत्रों के संदर्भ में, महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो दिवसीय सम्मेलन में होने वाली चचार्ओं की रूपरेखा बताई और राज्यपालों से लोगों में विश्वास पैदा करने और विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए जीवंत गांवों और आकांक्षी जिलों का दौरा करने का आग्रह किया।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** एक कंप्यूटर प्रोग्रामर, जिसे कभी-कभी सॉफ़्टवेयर डेवलपर, प्रोग्रामर या हाल ही में कोडर भी कहा जाता है, जो यह निर्धारित करता है कि डेवलपमेंट टीम को किन प्रक्रियाओं और तकनीकों का उपयोग करना चाहिए। कंप्यूटर प्रोग्रामर कोडिंग समस्याओं का निवारण करता है और अच्छे सॉफ़्टवेयर सिस्टम बनाने के लिए अन्य विशेषज्ञों के साथ सहयोग करता है। कम्प्यूटर प्रोग्रामर की भूमिका ऐसे समाधान खोजने की होती है जो कंपनी के लक्ष्यों और तकनीकी आवश्यकताओं के लिए प्रमुख हो, इसलिए आज डिजिटलीकरण के दौर में कंप्यूटर प्रोग्रामर एक बेहतरीन जॉब ऑप्शन बन गई है।

### कंप्यूटर प्रोग्रामर के लिए स्किल्स

- सी++, जावा, वेब डेवलपमेंट जैसी प्रोग्रामिंग भाषाओं का ज्ञान होना चाहिए।
- पायथोन, कोटलाइन जैसी प्रोग्रामिंग भाषाओं का ज्ञान होना चाहिए।
- डिजिटल मार्केटिंग की नॉलेज।
- प्रोग्रामिंग की नॉलेज।
- कंप्यूटर एल्गोरिदम, ऑपरेटिंग सिस्टम, सॉफ्टवेयर, डेटाबेस हैंडलिंग आदि का गहन ज्ञान।
- विश्लेषणात्मक स्किल्स।
- समस्या समाधान करने का हुनर।
- क्रिएटिविटी।
- महत्वपूर्ण विचार करने की स्किल्स।
- तकनीकी स्किल्स।
- ओर्गनाईजेशन के हुनर।
- टीम वर्क का हुनर

### ऑफलाइन कोर्सेज

- एनरोयड जावा मास्टर क्लास
- जावा प्रोग्रामिंग एंड सोफ्टवेयर इंजीनीयरिंग फंडामेंटल स्पेसलाइजेशन
- बुलिटींग मोडर्न जावा एप्लिकेशन
- जावा सर्टिफिकेशन ट्रेनिंग कोर्स
- पाथन सर्टिफिकेट कोर्स
- लर्न पाइथोन प्रोग्रामिंग मास्टरक्सलास
- पाथोन फोर एवरीउड स्पेशलाइजेशन

### मुख्य कार्य

- सोचें कि क्या आप एक कंप्यूटर प्रोग्रामर द्वारा किए जाने वाले सामान्य कार्यों को पसंद करेंगे:
- वर्कफ़्लो चार्ट और आरेख का उपयोग करके, तथा कंप्यूटर क्षमताओं, विषय-वस्तु और प्रतीकात्मक तर्क के ज्ञान को लागू करते हुए प्रोग्राम लिखना, विश्लेषण करना, समीक्षा करना और पुनः लिखना।
- उचित परिवर्तन करके त्रुटियों को सुधारें तथा कार्यक्रम की पुनः जांच करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वांछित परिणाम प्राप्त हों।
- परिचालन दक्षता बढ़ाने या नई आवश्यकताओं के अनुकूल होने के लिए मौजूदा कार्यक्रमों का संशोधन, मरम्मत या विस्तार करना या निर्देश देना।

### करियर स्कोप

- सॉफ्टवेयर डेवलपर
- गुणवत्ता विशेषज्ञ
- आईटी विशेषज्ञ
- प्रौद्योगिकी इंजीनियर
- तकनीकी सलाहकार
- ग्राफिक डिजाइनर
- नेटवर्क इंजीनियर
- आईटी सपोर्ट एनालिस्ट
- आईटी सलाहकार
- वेब डिजाइनर
- एप्लीकेशन विशेषज्ञ

### एक कंप्यूटर प्रोग्रामर को किन कौशलों की आवश्यकता होती है

- विश्लेषणात्मक क्षमता
- समस्या निवारण कौशल
- एकाग्रता
- विस्तार उन्मुख
- प्रोग्रामिंग भाषाओं में दक्षता
- गणितीय कौशल
- संचार
- स्व प्रेरणा
- लेखन क्षमता
- सकारात्मक रवैया
- टीम के खिलाड़ी



# कंप्यूटर प्रोग्रामर में बना सकते है अपना करियर



### कंप्यूटर प्रोग्रामर के लिए भारतीय यूनिवर्सिटी

- रामनिरंजन झुनझुनवाला कॉलेज, [आरजेसी] मुंबई
- रामनारायण रुइया कॉलेज, [आरआरसी] मुंबई
- हिंदू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय
- शारदा विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा
- श्याम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली
- लोयोला कॉलेज, चेन्नई
- हिंदुस्तान कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस, [एचसीएएस] चेन्नई
- तमिलनाडु ओपन यूनिवर्सिटी, चेन्नई
- सेंट फ्रांसिस कॉलेज, हैदराबाद
- जागृति डिग्री और पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, [जेडीपीजीसी] हैदराबाद
- एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी, [एमआईटी-डब्ल्यूपीयू] पुणे
- एएसएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, पुणे

# बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा की तारीख घोषित



**पटना।** बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा 7 अगस्त से 28 अगस्त के बीच होगी। परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक एक ही पाली में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के संबंध में जानकारी शुक्रवार को केंद्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने दी। आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि इस बार पेपर लीक नहीं होगा। इस परीक्षा के लिए 17 लाख 81 हजार 720 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। यह परीक्षा राज्य के सभी 38 जिलों के 545 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। बता दें कि बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा 1 अक्टूबर 2023 को आयोजित की गई थी। इसका पेपर लीक हो गया था। इसके बाद परीक्षा रद्द कर दी गई थी। अब यह परीक्षा दोबारा आयोजित की जा रही है।

परीक्षा 7, 11, 18, 21, 25 और 28 अगस्त को आयोजित की जाएगी। एडमिट कार्ड परीक्षा तिथि से एक सप्ताह पहले जारी किया जाएगा। 7 अगस्त को होने वाली परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी CSBC की वेबसाइट https://www.csbc.bih.nic.in पर जाकर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।